माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ
गुरुवार, 8 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 14, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के आसार 16

सुजय बोले- श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत 15

एक नजर

आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए। लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। गिरफ्तार लोगों में जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह और कुलविंदर सिंह उर्फ काला है।

हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ी

रांची। भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया था जो बुधवार को समाप्त हो गई।

जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना अव्यावहारिक

नई दिल्ली। सरकार ने संसद की एक समिति से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उनके कामकाज के आधार पर बढ़ाना व्यावहारिक नहीं हो सकता तथा इससे संसद के अधिकारों में और कटौती होगी। विधि एवं कार्मिक मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने पिछले साल हाईकोर्ट के न्यायाधीशों का कार्यकाल कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश की थी।

सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित

नई दिल्ली। इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बुधवार को चार्टर्ड अकॉउंटेंसी (फाउंडेशन कोर्स) परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। दिसंबर-जनवरी में यह परीक्षा 562 केंद्रों पर हुई थी। परीक्षा में 29 .99 प्रतिशत परीक्षार्थी ही पास हुए हैं। पुरुष वर्ग में जहां 30 .19 प्रतिशत (कुल 21728 परीक्षार्थी) अभ्यर्थियों ने पास किया, वहीं महिला वर्ग में 29 .77 प्रतिशत (कुल 19404 परीक्षार्थी) अभ्यर्थी ही परीक्षा पास कर पाई हैं।

आतंकियों ने पंजाब के 2 श्रमिकों को गोली मारी, एक की मौत

श्रीनगर, एजेंसी

श्रीनगर में टारगेट किलिंग

▸▸ हमलावरों की तलाश में पुलिस ने की इलाके की घेरेबंदी

आतंकवादियों ने बुधवार को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब सात बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। इस साल कश्मीर में गैर स्थानीय पर आतंकियों का यह पहला हमला है। गत वर्ष आतंकियों ने अनंतनाग और शोपियां सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।

उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी विधेयक पास

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य

अमृत विचार : विधानसभा में बुधवार को कई घंटे चली चर्चा के बाद बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होते ही सदन जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया था, जिसे दो दिन तक चली चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

बुधवार को विधेयक पर दिन भर चली चर्चा के बाद सायं 5 बजे मुख्यमंत्री धामी ने अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक पूरे देश को राह दिखाएगा। यह ऐतिहासिक पल देवभूमि को मिला और एक इतिहास रचा। इसके लिए जनता बधाई की हकदार है। सभी के सहयोग से समरस व आदर्श समाज का निर्माण किया जाएगा। कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा।

धामी ने विधेयक के मुख्य बिंदु विस्तार से सदन में रखे। उन्होंने कहा कि संहिता में जरूरी संशोधन भी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में समान नागरिक संहिता का निर्देश किया गया, लेकिन आंबेडकर के सिद्धांतों पर काम न होकर तुष्टिकरण की नीति अपनाई गई। हमने 2022 में कहा था कि नई सरकार का गठन होते ही समान नागरिक संहिता बनाएंगे। आज हमने उस वादे को पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

यूसीसी लाना देवभूमि का सौभाग्य: धामी

यूसीसी पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में कई बड़े प्रदेश हैं, लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है, यह देवभूमि का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण विधेयक नहीं है, बल्कि भारत की एकात्मा का सूत्र है। हमारे संविधान शिल्पियों ने जिस अवधारणा के साथ हमारा संविधान बनाया था, देवभूमि उत्तराखंड से वही अवधारणा धरातल पर उतरने जा रही है।

ऐसे बनी संहिता

- पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने तैयार की यह संहिता
- समिति ने सुझाव लेने को 43 जनसंवाद कार्यक्रम किए
- समिति को मिले कुल 32 लाख 32 हजार 961 सुझाव
- 2 फरवरी को संहिता का प्रारूप मुख्यमंत्री को सौंपा
- 4 फरवरी को धामी मंत्रिमंडल ने इसे दी अपनी मंजूरी
- 6 फरवरी को विधानसभा में रखा गया यूसीसी विधेयक
- 7 फरवरी को दो दिन की चर्चा के बाद हो गया पारित
- 202 पृष्ठों की इस संहिता में हैं कुल 392 धाराएं

महाभारत न हो इसलिए अयोध्या, मथुरा, काशी ही चाहा

विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन धर्म स्थलों का मुद्दा उठाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बोले, 5 हजार साल पहले जो अन्याय पांडवों के साथ हुआ वही आज बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहा

▸▸ कृष्ण के सिर्फ पांच गांव मांगने पर दुर्योधन ने नहीं दिया फिर महाभारत हुई और कौरव हुए खत्म

▸▸ राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के तर्क के बाद नेता सदन ने दिया जवाब

▸▸ विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अयोध्या, काशी, मथुरा विवाद पर अपनी बात रखते हुए विपक्ष को महाभारत का कारण समझाया। योगी ने यह कहते हुए अपना मंतव्य स्पष्ट किया कि, पांच हजार साल पहले पांडवों के साथ जो अन्याय हुआ था वही आज बहुसंख्यकों के साथ हो रहा है। योगी ने कहा, उस वक्त युद्ध टालने के लिए कृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, हमने भी केवल तीन धार्मिक स्थल ही चाहा है। उस काल में कृष्ण की मांग न पूरी होने पर महाभारत हुआ और कौरव स्वाहा हो गए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण बताया। इसी कड़ी में उन्होंने विपक्षी दल सपा और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को घेरा। योगी ने अयोध्या के साथ-साथ काशी और मथुरा विवाद को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, उसी तरह सिर्फ तीन स्थलों की बात की गई है। ये तीनों ईश्वर के अवतरण की धरती हैं, लेकिन एक जिद और उसमें राजनीतिक तड़के व वोट बैंक की प्रवृत्ति ने विवाद खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि तब भी दुर्योधन ने कहा था कि सुई की नोक के बराबर जगह नहीं दूंगा तो महाभारत हुआ। यहां भी वोट बैंक के लिए हमारी संस्कृति और आस्था को रौंदने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया, जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा।

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को प्रतिबंधों और कर्फ्यू के दायरे में रखा। अयोध्या सुनियोजित तिरस्कार भी झेलती रही। लोक आस्था के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो काम सन् 1947 से ही होना चाहिए उसके लिए आज भी बहुसंख्यक समाज गिड़गिड़ा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रहे सपा प्रमुख अखिलेश

अपनी बात को आगे बढाते हुए योगी ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को सीधे निशाने पर लिया। कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण की शुरुआत में ही रामलला का जिक्र था। मुझे आश्चर्य हुआ कि नेता प्रतिपक्ष इस सदी की सबसे बड़ी घटना की ओर ध्यान आकर्षित करने के बजाय ध्यान भटकाते रहे। अब तक की उनकी परिपाटी रही है कि तथ्यों और तर्कों से नहीं अपनी बातों को जबरन थोपने का प्रयास करते हैं। तंज कसा कि, अयोध्या में माता शबरी के नाम पर रसोईघर शुरू हो चुका है। माता शबरी के अनुयायी पीडीए के पार्ट हैं या नहीं। निषाद राज के नाम पर रैन बसेरे शुरू हुए हैं, निषादराज के अनुयायी पीडीए का हिस्सा हैं या नहीं। योगी ने सदन में मौजूद शिवपाल यादव का संज्ञान लेते हुए सवाल उठाया कि सपा की लोस उम्मीदवारों वाली सूची में परिवार के तीन सदस्यों के नाम थे, चच्चू का नाम क्यों नहीं था। अगर प्रभु राम को मानते, रामायण से सीखते या महाभारत से ही सीखते तो चच्चू का अपमान नहीं करते।

पीडीए बिन 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना रहेगा अधूरा : अखिलेश

नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने अपने भाषण में रामलला का जिक्र भले ही नहीं किया लेकिन अयोध्या पर चर्चा अवश्य की। अखिलेश का आरोप रहा कि वहां जमीनों की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश ने कहा कि सरकार का 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना पीडीए को साथ लिए बिना पूरा नहीं हो सकता।

सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी : पाठक

सदन में बुधवार को मुख्यमंत्री समेत सत्तापक्ष के सदस्य उस वक्त अपनी हंसी रोक न सके जब उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के पीडीए का अर्थ समझाया। उप- मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। बाद में मुख्यमंत्री ने भी अपने भाषण में पाठक के इस बयान का जिक्र भी किया।

सदन में नजर नहीं आए रालोद के सदस्य

सपा को झटका देकर रालोद के भाजपा के साथ गठबंधन करने की चर्चाओं के बीच बुधवार को सदन में रालोद के सदस्य नजर नहीं आए। विपक्ष में समाजवादी पार्टी के सदस्य जहां लाल टोपी के साथ दिखते हैं वहीं रालोद सदस्य अपने हरे गमछे के साथ होते हैं। चर्चा यह रही कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने सभी विधायकों को लेकर दिल्ली गए हैं।

दिल्ली आबकारी मामला

ईडी की याचिका पर केजरीवाल 17 को कोर्ट में तलब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने समन का पालन न करने को लेकर ईडी की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। ईडी ने आबकारी नीति से संबंधित एक धन-शोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजे थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि शिकायत पर संज्ञान ले लिया गया है और उन्हें 17 फरवरी को तलब किया गया है। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ समन का पालन न करने पर तीन फरवरी को एक नया मामला दर्ज कराया था। मुख्यमंत्री पिछले शुक्रवार को ईडी के पांचवें समन पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए जो उन्हें बुधवार को जारी किया गया था।

घटिया दवाएं बनाने वाली कंपनियों पर करें कार्रवाई

विधि संवाददाता, प्रयागराज

हाईकोर्ट की गंभीर टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घटिया दवाओं और इंजेक्शन के वितरण मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि घटिया दवाएं स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गंभीर मुद्दा हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उपभोक्ता को उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया तथा गुणवत्ता के बारे में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे एक्सपायर्ड और घटिया उत्पादों को अनजाने में इस्तेमाल कर लेते हैं। जिसके परिणामस्वरूप उपचार विफल हो जाता है। अतः ऐसी नकली, मिलावटी और घटिया ब्रांड की दवाएं तथा इंजेक्शन तैयार करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है, जो आर्थिक लाभ के लिए आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करती हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने केशव कुमार और दो अन्य की याचिका को खारिज करते हुए की।

शिकायतकर्ता हेल्थ केयर बिजनेस से जुड़ा है। उसने दवाओं की कंपनी वीएडीएसपी फार्मास्यूटिकल्स से 2000 इंजेक्शन खरीदे थे जो घटिया निकले।

संसद भवन में वास्तुदोष बताने वाले खुशदीप बंसल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ खुशदीप पर भाई हरिश के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप

असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट (सीआई) ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के अनुसार असम पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से संपर्क किया था और बताया था कि खुशदीप बंसल पर गैर जमानती वारंट है और वह सैनिक फॉर्म में रहता है।

65 करोड़ रुपये के ऑटोनॉमस काउंसिल घोटाले का यह मामला 2022 का है। इसमें खुशदीप बंसल और उनके भाई समेत कुल पांच आरोपी हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के एक कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल है। मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ सर्च वारंट भी जारी किया था। दिल्ली के सबरवाल ट्रेडिंग कंपनी प्रालि. के मालिक कमल सबरवाल ने खुशदीप बंसल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। खुशदीप बंसल ने पुलिस को बताया कि उसने किसी को कमल सबरवाल से मिलवाया था और उसने ठगी की थी। असम पुलिस का कहना है कि सभी ने मिलकर जालसाजी की है।

नक्सलियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद

चतरा (झारखंड)। झारखंड के चतरा जिले में बुधवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए जबकि एक घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर सदर और बशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्रों के बीच बैरियो के जंगल में हुई। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी होमाकर ने बताया कि इस घटना में दो सुरक्षाकर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मृतक जवानों की पहचान सिकंदर सिंह और सुकन राम के तौर पर की गई है। दोनों क्रमशः बिहार के गया और झारखंड के पलामू जिले के रहने वाले थे।

शरद गुट की पार्टी का नाम हुआ राकांपा शरदचंद्र पवार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ निर्वाचन आयोग ने तीन विकल्पों में से एक आवंटित किया

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह के लिए पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' आवंटित किया। आयोग का यह आदेश अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न देने के एक दिन बाद आया है। अजित पवार पिछले साल जुलाई में राकांपा के अधिकतर विधायकों के साथ अलग हो गए थे और उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा-शिवसेना सरकार का समर्थन किया था। आयोग ने शरद पवार समूह से तीन नाम सुझाने को कहा था, जिनमें से एक को महाराष्ट्र में आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर आवंटित किया जा सके। तदनुसार, शरद पवार समूह ने आयोग को तीन नाम - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदराव पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार का सुझाव दिया। शरद पवार गुट ने अपने लिए चुनाव चिह्न 'बरगद का पेड़' भी मांगा था।

आपदा से बचाव का मंत्र देंगे पंचायत भवन

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ आठ तरह की आपदा से बचने के लिए जागरूक करेंगे सन व विनायल बोर्ड

▸▸ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ पंचायतीराज विभाग करेगा काम

अमृत विचार : पंचायत भवनों में सरकारी काम के साथ ग्रामीणों को आपदा से बचाव का मंत्र दिया जाएगा। इसके लिए भवन की दीवारों पर सन बोर्ड-विनायल बोर्ड लगाए जाएंगे।

इसमें आठ तरह के आपदा के बारे में जानकारी होगी। यह पहल उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर की है। पंचायत भवन पर चित्रों के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। बोर्ड पर आपदा के समय क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ सावधानियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। ताकि ग्रामीण ऐसे हालात में खुद को बचा सकेंगे।

कार्यदायी संस्था लगाएगी बोर्ड, होगी जियो टैगिंग

बोर्ड बनाने और लगाने का काम कार्यदायी संस्था करेगी। इसकी जियो टैगिंग के आधार पर मॉनीटरिंग की जाएगी। देखरेख ग्राम पंचायत करेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व जिला पंचायतराज अधिकारी संयुक्त रूप से इस कार्य का सत्यापन कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रिपोर्ट देंगे। साथ ही बोर्ड का एक नमूना डीपीआरओ कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

इन आपदाओं का किया चयन : बाढ़, डूबने के कारण, नाव दुर्घटना, बज्रपात, अग्निकांड, सर्पदंश, शीतलहर, हीटवेव, अतिवृष्टि, आंधी-तूफान व चक्रवात, मानव वन्य जीव द्वंद

"अभियानों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। फिर भी ज्यादातर को जानकारी नहीं हो पाती है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की इस पहल से सभी को जागरूक करने में मदद मिलेगी।

– **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग उप्र।

जनवरी में 10 जिले नहीं दे पाए श्रमिकों को काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पिछले माह 19,438 ग्राम पंचायत में एक भी नहीं हुए मनरेगा के काम

▸▸ मांग के सापेक्ष 98 प्रतिशत काम उपलब्ध कराने का दावा

अमृत विचार : रोजगार की गांरटी देने वाली मनरेगा योजना में 19,438 ग्राम पंचायतों में काम की प्रगति जनवरी में शून्य रही। इनमें 10 जिलों में शून्य मानव दिवस सृजित करने वाली पंचायतों की संख्या सबसे अधिक हैं। जहां सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

मनरेगा में 5 करोड़ मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य मिलने पर भी जनवरी में 19,438 ग्राम पंचायतों में एक भी श्रमिक को काम नहीं मिला। इससे इन ग्राम पंचायतों में रोजगार की प्रगति शून्य रही। इनमें बागपत, बुलंदशहर, मेरठ, शामली, संभल, मथुरा, मुज्जफरनगर, बदायूं, हाथरस व आगरा ऐसे जिले हैं जहां शून्य प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की संख्या सबसे अधिक है। यह श्रमिकों द्वारा काम मांगने पर आधारित योजना। इस तरह के आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में 85.29 लाख श्रमिकों द्वारा काम मांगा गया और 85.27 लाख श्रमिकों को 98 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जबकि 1531 मांग लंबित है। आयुक्त ग्राम्य विकास की समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के कई ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में राज्य के पूर्व वन मंत्री के खिलाफ कार्रवाई

▸▸ दिल्ली और हरियाणा स्थित आवासों से टीम ने कब्जे में लिए अहम दस्तावेज

अमृत विचार : उत्तराखंड में बुधवार का दिन सियासी हलचल से भरा रहा। जहां एक ओर विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बहस चल रही थी, वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा दो आईएफएस अधिकारियों व एक भाजपा नेता के घर छापे मार रही थी। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री के उत्तराखंड से लेकर दिल्ली व पंचकूला तक 14 ठिकानों पर छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि ईडी ने रावत के ठिकानों पर यह छापेमारी पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में की है। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत छापे की कार्रवाई की है। देहरादून में ईडी टीम रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित घर पहुंची। टीम ने घरवालों से पूछताछ कर आलमारी का ताला खोलने को कहा तो घरवालों ने आलमारी की चाबी खो जाने की बात कही, जिसके बाद चाभी बनाने वाला बुलाया गया। उसके बाद अलमारी का लॉक खोलकर अंदर से कई दस्तावेज निकाले गए।

आईएफएस अधिकारियों के घरों पर भी छापे

देहरादून। आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक व पूर्व आईएफएस किशन चंद के घर भी ईडी ने छापा मारा। इस दौरान यहां कैनाल रोड स्थित सुशांत पटनायक के घर से भारी मात्रा में कैश मिला। कैश गिनने के लिए ईडी ने दो काउंटिंग मशीन मंगवाई हैं। सुशांत पटनायक के अलावा हरिद्वार में पूर्व आईएफएस अधिकारी किशन चंद के आवास पर ईडी की टीम ने छापा मारा। हरक सिंह रावत के वन मंत्री रहते किशन चंद डीएफओ के पद पर कार्यरत थे। ईडी ने काशीपुर में भाजपा के जिला मंत्री अमित सिंह के घर पर भी छापा मारा। अमित सिंह हरक सिंह रावत के काफी करीबी रहे हैं।

एक नजर

अपर मुख्य सचिव कार्मिक ने सुनीं पेंशनरों की समस्याएं

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को लोकभवन में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपर मुख्य सचिव ने समस्याओं को दूर कराने का आश्वासन दिया। अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष नियुक्त प्रदेश के कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिये जाने की मांग पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रकरण विचाराधीन है, इस पर शीघ्र निर्णय लिये जाने की संभावना है। बैठक में संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी, सह संयोजक-प्रचार ओंकार नाथ तिवारी, मोहसिन अली आदि शामिल थे।

तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने तीन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। इसमें सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी दुर्गेश कुमार को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। वहीं विद्या सागर मिश्र का पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। वह डीसीपी नोएडा बने रहेंगे। अपर पुलिस उपायुक्त कमिशनरेट लखनऊ सैयद अली अब्बास को अपर पुलिस उपायुक्त आगरा के पद पर भेजा गया है।

दे दो केवल पांच ग्राम.. से फूंका चुनावी बिगुल

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में सुनाई महाकवि रामधारी सिंह दिनकर की 'कृष्ण की चेतावनी'

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : महाकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने 'कृष्ण की चेतावनी' रचते समय कभी नहीं सोचा होगा कि एक दिन इसके जरिए काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में कृष्ण जन्मस्थान की विवादित भूमि लेने का संदेश गूंजेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बुधवार को 'दे दो केवल पांच ग्राम..' से चुनावी महाभारत में संघ और विहिप के 35 साल पुराने दांव आजमाने का भी संकेत दे दिया। जाके प्रिय न राम वैदेही.. के जरिए अयोध्या न जाने वालों को वोट बैंक का लालची ठहराने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गई।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को भरे सदन में काशी और मथुरा की मांग करने वाला संकेत यूं ही नहीं दिया। राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले भाजपा, संघ और विहिप के जिम्मेदार नेता कहते थे कि अभी काशी-मथुरा पर कोई बात नहीं होगी। सिर्फ भव्य और दिव्य राम मंदिर निर्माण ही एक मात्र लक्ष्य है। मगर, प्रभु रामलला की अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अब लोकसभा चुनाव को देखते हुए काशी-मथुरा का मुद्दा गरमाने की तैयारी है।

विधानसभा सत्र की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य सदस्य। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने सपा पर जमकर साधा निशाना

मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या की उपेक्षा, कर्फ्यू, गलियों में गोलियों की तड़तड़ाहट, कारसेवकों की हत्या, परिक्रमा पर प्रतिबंध, रामनामी धारण करने वालों की पिटाई आदि तमाम शब्दों के जरिए सपा पर जमकर निशाना साधा। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से भारत के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की बात कहते हुए अयोध्या की भव्यता-दिव्यता से देश-दुनिया में बढ़ी धमक गिनाई। कहा कि यह अयोध्या देश की ही नहीं विश्व की सांस्कृतिक राजधानी बन रही है। इतना आकर्षण है कि 16 दिनों में 36 लाख देश-विदेश से भक्तों ने आकर दर्शन किए। इसके बाद भी अयोध्या से परहेज करने वाले दलों व नेताओं को लोग कैसे समर्थन देंगे।

वोट बैंक के लिए विदेशी लुटेरों का साथी ठहराया

लोकसभा चुनाव को देखते हुए सदन में मुख्यमंत्री ने सपा समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों व नेताओं को मुस्लिम परस्त साबित करने की पूरी कोशिश की गई। यहां तक कहा कि भारत में आए विदेश आंक्राताओं ने केवल धन-दौलत ही नहीं लूटी, बल्कि आस्था पर भी हमले किए और आस्थावानों को अपमानित किए। लेकिन वोट बैंक के लिए लोग आक्रांताओं को महिमामंडित करते हैं। अयोध्या भी जाने से इसीलिए परहेज हो रहा है कि वोट बैंक न नाराज हो जाए।

राम मंदिर आंदोलन के दौरान हिंदुत्व के फायरब्रांड नेता के रूप में चर्चित रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सदन में काशी और मथुरा का जिक्र करना बड़ा राजनीतिक संकेत है। भाजपा की रणनीति मथुरा और काशी के जरिए लोकसभा चुनाव में पुराना दांव आजमाने की कोशिश है। लगता है कि मोदी की गारंटी के बाद अब हिंदू और मुसलमान के बीच वोटों का ध्रुवीकरण मिशन-80 की पूर्ण सफलता की गारंटी बनने वाला है।

मुख्यमंत्री योगी समेत भाजपा के रणनीतिकार जानते हैं कि उत्तर-प्रदेश में मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी से ही होगा, ऐसे में पीडीए के जरिये हिंदू वोटों का बिखराव रोकने का एक मात्र आसरा राममंदिर के बाद काशी और मथुरा है। भाजपा और संघ को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद माहौल और अवसर भी साथ दिख रहा है।

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दिखा महिलाओं के प्रति सपा का रवैया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री ने दी नसीहत

अमृत विचार : महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रहार करते हुए समूचे विपक्ष को नसीहत दे डाली। बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर आभार ज्ञापन के दौरान योगी ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष ने टिप्पणी की थी। सपा का रवैया महिलाओं के प्रति क्या है उसका उदाहरण हमने सदन में महिला राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान देख लिया। राज्यपाल एक संविधानिक प्रमुख हैं इतनी वरिष्ठ हैं। उनके एक घंटे से अधिक के अभिभाषण के दौरान सपा का व्यवहार महिलाओं के प्रति उसके वास्तविक चरित्र को प्रदर्शित करता है।

वहीं, योगी ने सदन में आश्वासन दिया कि 2025 के महाकुंभ को 2019 से भी अधिक भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। योगी ने कहा कि हम 2025 के महाकुंभ को भव्य दिव्य रूप में संपन्न कराएंगे। 2019 में जब प्रयागराज कुंभ था, तब काशी, अयोध्या, चित्रकूट, नैमिषारण्य और विंध्यवासिनी का धाम इस रूप में नहीं था। हमारा अनुमान है कि 19 के कुंभ की तुलना में दोगुना श्रद्धालु यहां आएंगे।

अयोध्या राम मंदिर का भी जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 16 दिन में 36 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और पूरी कैबिनेट ने दर्शन किया। मंगलवार को ही नेपाल के सांसद और बुधवार को फिजी और सूरीनाम के लोग वहां आ रहे हैं।

हमारे कृष्ण कन्हैया कहां मानने वाले : योगी के मुताबिक, 5 हजार साल पुरानी बात को याद करें तो कृष्ण ने केवल पांच ग्राम मांगे थे। उन्होंने कहा था कि दे दो केवल पांच ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम। दुर्योधन ने श्रीकृष्ण को बंधक बनाने की कोशिश, उलटे हरि को बांधने चला जो था असाध्य उसे साधने चला... यही तो हुआ था अयोध्या, मथुरा और काशी के साथ। नंदी बाबा ने कहा कि हम क्यों इंतजार करें। उन्होंने रात्रि में बैरिकेड तुड़वा डाले। हमारे कृष्ण कन्हैया कहां मानने वाले हैं।

अब परिक्रमा पर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आश्वस्त कर सकते हैं कि भव्य-नव्य दिव्य अयोध्या हर भारतवासी को आकर्षित करेगी। अयोध्या को दुनिया का बेस्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने की कार्यवाही सरकार द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। अब अयोध्या में कोई परिक्रमा पर प्रतिबंध नहीं लगा सकता। पंच कोसी, चौदह कोसी और 84 कोसी को भव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। अब वहां कर्फ्यू नहीं लगा सकता। वहां मंगल भवन अमंगल हारी का कीर्तन सुनाई दे रहा है।

19 को धरातल पर उतरेगा 10 लाख करोड़ का निवेश

मुख्यमंत्री योगी ने सदन में कहा, प्रधानमंत्री करेंगे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को सदन में रखते हुए बताया कि आगामी 19 फरवरी को राजधानी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में थल, जल और नभ में इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है। वहीं, इस बात की भी जानकारी दी कि बहुत जल्द ही उप्र 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है।

योगी ने कहा कि प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। जीआईएस 2023 इसका श्रेष्ठ उदाहरण है, जिसमें लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। उसी समय रिपोर्ट भी पढ़ेंगे कि पिछले निवेश से कितनी नौकरियां लगी हैं, कितने रोजगार का सृजन हुआ है और यूपी में इसका क्या असर पड़ा है। योगी ने कहा कि यह सब इसलिए संभव हुआ है क्योंकि यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियां, सिंगल विंडो सिस्टम तथा जवाबदेह और पारदर्शी नीतियां हैं।

सदन में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी

▸▸ 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है यूपी : मुख्यमंत्री

विपक्ष को यूपी की विकास गाथा को स्वीकार करना चाहिए : योगी ने एक प्रमुख इंग्लिश अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में यूपी के दो लाख से अधिक लोग कार्य करते थे, मगर पिछले सात साल में उनमें से 60 हजार लोग वापस यूपी में जा चुके हैं, क्योंकि उन्हें वहीं रोजगार मिल गया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि यूपी की इस विकास गाथा को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

आज 150 फ्लाइट के जरिए 75 से अधिक जगहों तक हवाई सेवा उपलब्ध : मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 में प्रदेश में दो एयरपोर्ट वाराणसी और लखनऊ पूरी तरह से क्रियाशील थे। आज 10 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं, जिनसे 150 फ्लाइट 75 से अधिक डेस्टिनेशन तक हवाई सेवा उपलब्ध करा रही हैं। 2016-17 से 2023 तक हवाई यात्रियों की संख्या में 100 गुना की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि यहां की सदानीरा नदियों में कनेक्टिविटी के लिए इनलैंड वॉटर वेज अथारिटी बनाई है। इसके तहत जनपद वाराणसी में मल्टी मोडल टर्मिनल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। आज रेल का सबसे बड़ा नेटवर्क हमारे पास है।

इस साल के अंत तक 12800 मेगावॉट हो जाएगी विद्युत उत्पादन क्षमता : मुख्यमंत्री ने ऊर्जा सेक्टर के बारे में बताते हुए कहा कि 2016-17 में प्रदेश मंर कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 5600 मेगावॉट थी। वर्तमान में कुल उत्पादन क्षमता 8688 मेगावॉट हो गई है। इस साल के अंत तक हम विद्युत् उत्पादन क्षमता 12800 मेगावॉट हो जाएगी। 2017 तक कुल 128494 मजरों तक बिजली आपूर्ति पहुंच पाई थी। बीते साल साल में 249818 मजरों तक बिजली आपूर्ति. यानी 100 प्रतिशत मजरों को विद्युतीकृत किया जा चुका है।

फोर लेन की 1235 परियोजनाओं को आगे बढ़ाया

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बाद गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की शुरुआत होने जा रही है। बलिया लिंक एक्सप्रेसवे भी बन रहा है। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे बनने जा रहा है। प्रयागराज महाकुंभ से पहले सरकार का प्रयास है कि गंगा एक्सप्रेस को चालू कर दिया जाए। उन्होंने बताया कि लखनऊ कानपुर लिंक एक्सप्रेसवे और बलिया लिंक एक्सप्रेसवे को भारत सरकार के सहयोग से बनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में फोर लेन की 1235 प्रोजेक्ट को पिछले सात साल में आगे बढ़ाया गया है।

10 गुना बढ़ी हैं सौर ऊर्जा परियोजनाएं

सौर ऊर्जा की बात करें तो 2017 तक कुल स्थापित 288 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थी, जो वर्तमान में 2596 मेगावॉट हो गयी हैं। यानी सौर ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाओं में पिछले लगभग 7 वर्षों में 10 गुना बढ़ोतरी हुई है। अयोध्या और काशी सोलर सिटी के रूप में विकसित की जा रही है तो बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को सोलर एक्सप्रेस वे के रूप में तैयार किया जा रहा है। अयोध्या में 10 किलोमीटर लम्बे मार्ग को सोलर स्मार्ट स्ट्रीट लाइट द्वारा प्रकाशित किया गया है, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

जिसकी जितनी जरूरत थी उसने उतना ही मुझे पहचाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्यपाल के अभिभाषण पर बुधवार को सदन में चली चर्चा के दौरान में सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने अपने अंदाज में सपा पर तीखे तंज किए तो सामने बैठे सत्ता पक्ष की सराहना की। राजभर ने कविता पढ़ी कि, अच्छे ने अच्छा और बुरे ने बुरा जाना मुझे। क्योंकि जिसकी जितनी जरुरत थी उसने उतना ही पहचाना मुझे।

इसी कड़ी में राजभर ने कहा कि हम अब बताएंगे कि इधर (सपा) क्या हो रहा है और उधर (भाजपा) क्या हो रहा है। इस पर सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत सभी सदस्य जहां मुस्कुराने लगे। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने चुटकी लेते हुए कहा कि आप से बेहतर यह बात कोई नहीं बता पाएगा। इस पर सभी खिलखिला उठे।

इसी बीच एक सदस्य ने पूछा आप सरकार में मंत्री कब बनोगे। राजभर ने कहा हम मंत्री बनें या न बनें लेकिन आप लोग 2027 के बाद कितने बचोगे इस पर सोचिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि बंजारा समुदाय को एसटी वर्ग में शामिल किया जाना चाहिए। बसपा के उमाशंकर सिंह ने कहा कि अयोध्या में राममंदिर पर आए धन्यवाद प्रस्ताव का सदन में कुछ सदस्यों ने विरोध किया। यह नहीं होना चाहिए था। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने कहा कि अयोध्या में गोस्वामी तुलसीदास की मूर्ति लगनी चाहिए। उन्होंने कहा राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सरकार ने सुव्यवस्थित तरीके करवाया। इसकी सब जगह सराहना हुई। उन्होंने सुझाव दिया कि छुट्टा जानवरों बचाव के लिए किसानों को बाड़ लगानेके लिए ब्याज मुक्त कर्ज उपलब्ध करवाया जाए।

▸▸ राज्यपाल के अभिभाषण पर सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर समेत दलीय नेताओं ने की चर्चा

सतेन्द्र के हमसफर तक पहुंचने में जुटी एटीएस

अमृत विचार, लखनऊ : आईएसआई के लिए जासूसी में पकड़ा गया भारतीय दूतावास के कर्मचारी से एटीएस एक बार फिर नए सिरे से पूछताछ शुरू की है। दरअसल, एटीएस देश के साथ गद्दारी में सतेन्द्र के हमसफर तक पहुंचने की कोशिश में है। यह पता करेगी कि कोई और सैन्यकर्मी अथवा दूतावास का कर्मचारी तो सतेन्द्र के आईडी से आईएसआई हैंडलर्स के संपर्क में नहीं था। सतेन्द्र सिवाल बुधवार से 10 दिन के लिए एटीएस की रिमांड पर है।

एटीएस, मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में सुरक्षा सहायक रहे सतेन्द्र सिवाल से उसके साथियों के बारे में पता कर रही है। यह जानकारी करने की कोशिश में है कि उसका (सतेन्द्र) संबंध किन-किन हैंडलर्स से था। उसके द्वारा किन माध्यमों से कितना पैसा लिया गया है। देश विदेश में खुले उसके बैंक खाते से किस-किस व्यक्ति को रुपये भेजे गए हैं। इतना ही नहीं कॉल या मैसेज के जरिए किस-किस के संपर्क में था। अगर उसके किसी परिचित के बीच रुपयों के लेनदेन का पता चलता है तो एटीएस उन पर भी शिकंजा कसेगी।

गलत ढंग से हुए 32 अधिकारियों के तबादले रद

अमृत विचार, लखनऊ : बिना मुख्यमंत्री से अनुमोदन कराए खनन विभाग में हुई 32 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश को रद कर दिया गया है। यह जानकारी विधान परिषद में नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दी। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच में जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। विस्तृत जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत 30 जून के बाद किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करने पर मुख्यमंत्री योगी से अनुमोदन लेने का प्रविधान है। फिर भी खनन विभाग में 30 जून के बाद 32 अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए गए थे। विधान परिषद में सपा के आशुतोष सिन्हा के सवाल के जवाब में नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अभी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। सपा के सदस्यों ने इसका विरोध किया और कहा कि आखिर अभी तक खनन निदेशक के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। मामले को जानबूझकर घुमाया जा रहा है। इस पर फिर नेता सदन ने कहा कि जो भी दोषी होंगे वह बचेंगे नहीं। उधर सपा के आशुतोष सिन्हा ने चंदौली के चकिया विकासखंड के गांव बैरी में पंचायत भवन परिसर में पर्याप्त जमीन होने के बावजूद दो किलोमीटर दूर राशन की दुकान बनाए जाने पर सवाल उठाया। इस पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने हस्तक्षेप किया और इसकी जांच के निर्देश दिए।

▸▸ किसी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला करने पर मुख्यमंत्री से अनुमोदन लेने का प्रावधान

नारे बाजी के साथ सपा ने सदन से किया वॉकआउट

बिजली बिल, किसानों की समस्याओं के मुद्दे को सपा ने विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान उठाया

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : विधान परिषद में बुधवार को सपा विधायकों ने किसानों की समस्याओं का मुद्दा जोर-शोर से उठाया और सरकार विरोधी नारे बाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। जवाब में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश सरकार को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि गन्ना मूल्य बढ़ाया जा चुका है, निजी नलकूपों के बिल माफ कर दिये गये हैं। किसानों की आय, खेती से दोगुनी हो जाए बल्कि इसके लिए अन्य अनेक योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रहीं हैं।

सुबह कुंवर मानवेंद्र सिंह के सभापतित्व में प्रश्न प्रहर सामान्य रूप से चला। सपा के सदस्यों ने प्रदेश के किसानों को लागत के अनुरूप उपज का लाभ दिलाने व उनकी आय दोगुनी करने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। डॉ. मान सिंह यादव ने कहा इस सरकार में किसानों की तकलीफें और बढ़ गयी है। शाहनवाज खान ने कहा गन्ना मूल्य सरकार ने 20 रूपये प्रति कुन्तल बढ़ाया है जबकि किसानों की लागत लगभग 24 सौ रूपये आ रही है। यूरिया की बोरी का 10 किग्रा वजन कम कर दिया गया। मार्केटिंग की व्यवस्था न होने से जैविक खेती नहीं हो रही है। मुकुल यादव ने सभी कृषि उपकरण टैक्स फ्री किये जाने की बात कही।

सरकार की ओर से पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने छुट्टा जानवरों के विषय में कहा ये जानवर छुट्टा नहीं हैं, बल्कि दूध प्राप्त करने के बाद छोड़े गये पशु हैं। पहले कसाईयों की वजह से किसान पशुओं को अंदर बंद रखता था, वर्तमान में निश्चिंत होकर खुले में छोंड़ दे रहा है। इसके बाद स्वामी प्रसाद मौर्या ने किसानों के मुद्दे को गंभीर बताते हुए चर्चा स्वीकार करने का आग्रह किया और किसान विरोधी यह सरकार नहीं चलेगी – नहीं चलेगी के नारे लगाते हुए सपा के सभी सदस्य सदन से वाक आउट कर गये।

केजीएमयू में आरक्षण की अनदेखी का मुद्दा उठा

विधानसभा के बाद विप में भी केजीएमयू में शिक्षक भर्ती में आरक्षण संबन्धित शासनदेशों का अनुपालन न होने का मुद्दा उठा। कार्य स्थगन के रूप में मुद्दे को उठाते हुए बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि केजीएमयू परिषद ने तूल पकड़ने के बाद प्रकरण की जांच को कमेटी तो बनाई मगर कमेटी में नियमानुसार एससी व एसटी आदि को बतौर सदस्य शामिल नहीं किया गया है। आरक्षण देने में घोर अनियमितता बरती जा रही है। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा भाजपा सरकार में आरक्षण नियमों की अनदेखी कतई नहीं हो सकती है। जांच कमेटी द्वारा केजीएमयू की भर्ती मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही जांच कमेटी में एससी-एसटी और ओबीसी के लोगों को शामिल करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसे दिखवा लेंगे।

अयोध्या में सपत्नीक दर्शन करने की मांगी अनुमति

भाजपा के मोहसिन रजा ने सभापति से, अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए विधायकों को सपत्नीक जाने की अनुमति मांगी, जिस पर सभापति ने अवगत कराया कि 11 फरवरीको विधान परिषद सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। राज्य सरकार की व्यवस्थानुरूप सुविधा प्राप्त करने के निर्देश दिये।

सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को मिले निशुल्क चिकित्सा सुविधा

शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को राजकीय विद्यालय के शिक्षकों की भांति निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। राज्य के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी लम्बे समय से असाध्य एवं खर्चीली बीमारियों के निशुल्क इलाज के लिए मांग कर रहे हैं। मगर, राज्य सरकार शिक्षकों की इस संवेदनशील मांग की लगातार अनदेखी कर रही है। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि राजकीय शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया एवं सेवा शर्तें भिन्न हैं इसलिए विचार नहीं किया जा रहा है।

लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी सरकारी बसों में सुविधा

शून्य प्रहर में यशवन्त सिंह ने लोकतन्त्र सेनानियों की सम्मान राशि बढ़ाने और उनको स्वायत्तशासी-अर्द्ध सरकारी चिकित्सा संस्थानों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग, सूचना नियम 115 में देते हुए की। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने, बसों में सुविधा और सम्मान राशि बढ़ाये जाने का निर्देश सरकार को दिया।

17 महानगरों को सोलर सिटी बनाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अयोध्या-वाराणसी के साथ 17 महानगरों को भी सोलर सिटी बनाएगी। महानगरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के बाद ग्रामीण इलाकों को सोलर ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री बुधवार को विधानसभा में विपक्षी सदस्यों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बनकर सामने आएगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है। अयोध्या को हमारी सरकार सोलर सिटी के रूप में विकसित कर रही है। इसकी शुरुआत राम के चरणों से हुई है तो स्वाभाविक रूप से सफलता और बेहतर मिलेगी। अयोध्या के सर्किट हाउस की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट लग चुका है। अयोध्या में 14 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होने लगा है और बाकी 40 मेगावाट का प्लांट लग चुका है जिसका उत्पादन भी जल्द होने लगेगा। ऊर्जा मंत्री ने अयोध्या में सोलर सिटी को लेकर हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि अयोध्या में 2500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट्स सौर एनर्जी से संचालित होने लगी हैं। अयोध्या में सोलर बोट की शुरुआत हो चुकी है। कई स्थानों पर वाटर एटीएम सौर ऊर्जा से चलायमान हैं। अयोध्या में लगभग 40 चैराहे ऐसे हैं जहां सोलर ट्री लगाए गए हैं।

▸▸ ग्रामीण इलाकों को सोलर ग्राम के रूप में किया जाएगा विकसित

कंज्यूमर एप से 31 हजार उपभोक्ताओं ने 7 करोड़ से ज्यादा का किया भुगतान : एक अन्य सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में ट्रस्ट बिलिंग व्यवस्था की शुरुआत के लिए लांच किए गए कंज्यूमर एप को काफी पसंद किया जा रहा है। वर्तमान में 2,95,000 उपभोक्ता इस एप का उपयोग कर रहे हैं। कंज्यूमर एप 10 अक्टूबर 2023 को लांच हुआ था। 2023-24 में 30,704 उपभोक्ताओं ने एप के माध्यम से 7,23,97,381 रुपये का भुगतान किया गया।

आउटसोर्स कर्मियों को 20 प्रतिशत तक मिलेगा परफॉर्मेंस इंसेटिव

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से राजस्व में वृद्धि के आधार पर आउटसोर्स कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव देने की व्यवस्था (प्रोत्साहन योजना) लागू की गई है। प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पात्र पाए गए उपकेंद्रों के संविदा कार्मिकों को परफॉर्मेंस इंसेंटिव के तौर पर माह में मिलने वाले पारिश्रमिक पर वर्ष 2024-25 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि दी जाएगी। अगर फिर उन्हीं उपकेंद्रों पर वर्ष 2024-25 के सापेक्ष आपूर्ति की गई बिजली के सापेक्ष राजस्व में वृद्धि होती है तो वर्ष 2025-26 में प्रतिमाह 10 प्रतिशत की राशि अतिरिक्त (अर्थात कुल 20 प्रतिशत इंसेंटिव) दिया जाएगा। विभागीय कार्य के दौरान मृत्यु होने की दशा में मिलने वाली अनुग्रह राशि को कॉरपोरेशन द्वारा 5 लाख से बढ़ाकर 7 .50 लाख रुपये कर दिया गया है।

डबल लॉक सुरक्षा में रहेंगे मदरसा बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के प्रश्न पत्र 48 घण्टे बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों के हवाले होंगे। ये डबल लॉक की सुरक्षा में रहेंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बोर्ड रजिस्ट्रार का कहना है कि सभी जिलों के डीएमओ को बुलाया गया है, सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी परीक्षा संपन्न होने तक जारी रहेगी।

▸▸ 1 लाख 41 हजार 115 अभ्यर्थी होंगे परीक्षाओं में सम्मलित

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में इस वर्ष 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें छात्रों की संख्या 71 हजार 702 है। जबकि छात्राओं की संख्या 69 हजार 413 है। 13 फरवरी से आयोजित होने वाली परीक्षाओं को लेकर जिले के सभी अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को मदरसा दारूल उलूम वारसिया में बुलाया गया है। जहां इन्हें डबल लॉक की सुपुर्दगी में दिया जाएगा। बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि 10 फरवरी की सुबह सभी प्रश्नपत्रों को अधिकारियों की सुपुर्दगी में दे दिया जाएगा। यहां से प्रश्नपत्र जनपदवार कोषागार में जमा होंगे। बाद में ये परीक्षा केन्द्र संचालकों को दिये जाएगे। परीक्षा संपन्न होने तक सीसीटीवी की निगरानी में सभी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

बोर्ड ने बनाए 511 परीक्षा केंद्र : मदरसा बोर्ड ने प्रदेश के 73 जनपदों में 511 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये हैं। जिनमें सीसीटीवी के सहारे सभी रिकार्डिंग को डिवाइस में सुरक्षित रखने के निर्देश जिलावार दिये गए हैं।

इन जिलों में एक भी परीक्षा केंद्र नहीं

प्रदेश के ललितपुर और गौतमबुद्ध नगर जनपदों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं नहीं कराई जाएंगी। क्योंकि इन दोनों जनपदों में एक भी परीक्षा केन्द्र स्थापित नहीं हो सके हैं। परीक्षा समिति के सदस्य कमर अली कहते हैं कि यहां पर बोर्ड से पंजीकृत मदरसों का संचालन नहीं हो सका है। ऐसे में परीक्षा कराया जाना संभव नहीं है। अगले सत्र में व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया जाएगा।

एक नजर

90 लीटर शराब के साथ छह आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग थानों की पुलिस ने बुधवार को 90 लीटर शराब के साथ छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। रामसनेहीघाट पुलिस की टीम ने 30 लीटर शराब के साथ थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी रामसजीवन, लम्बउआ मजरे उमरापुर रायसाहब निवासी मुंशीलाल को गिरफ्तार किया। रसफदरगंज पुलिस ने दादरा निवासी जलालु को 30 लीटर और मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने बेहडा बाजार निवासी सतनाम सिंह को 10 लीटर शराब के साथ दबोचा। नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने फतेहपुर कोतवाली के सरैया मजरे मझगवां निवासी राम कैलाश, कानूनगोयान मोहल्ला निवासी अमित कुमार को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा।

अदालत ने तीन मामलों में सुनायी अर्थदंड की सजा

बाराबंकी, अमृत विचार : लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में बुधवार को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अर्थदंड व न्यायालय उठने की सजा के साथ तीन मुकदमे निस्तारित किए। घुंघटेर थाने के मारपीट के मुकदमें में दीनपनाह निवासी हजारी और उसके बेटे सुनील को सात-सात सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। इसी थाना क्षेत्र के दूसरे मामले के अभियुक्त गोसाईनपुरवा निवासी छैला को आठ सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया लोनीकटरा थाने में लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारकर घायल करने के अभियुक्त सीतापुर के खैराबाद थाना क्षेत्र के गौरियाखुर्द निवासी प्यारेलाल को 6400 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई।

51 आरोपियों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस के अभियान में बुधवार को विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने तीन वारंटी और सात वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। वहीं विभिन्न थाने में अलग-अलग मामलों में पकड़कर थाने लाए गए 51 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

गैंगस्टर का आरोपी दबोचा

बाराबंकी, अमृत विचार : देवा पुलिस ने गैंगस्टर के फरार आरोपी कुसुम्भा निवासी संदीप यादव को बुधवार को मामा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। उसके बाद विधिक कार्रवाई कर जेल भेजा। पुलिस को काफी समय से आरोपी की तलाश थी।

धरातल पर उतरेंगी 206 औद्योगिक यूनिट, 11 हजार करोड़ होंगे खर्च

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 19 को पीएम मोदी के शिलान्यास कार्यक्रम के साथ जिले में शुरू होगा निर्माण कार्य

80 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

कुर्सी इंडस्ट्रियल एरिया के इस्माइलपुर गांव में फिश फीड यूनिट लगने को लेकर निरीक्षण करते अधिकारी। कुर्सी औद्योगिक क्षेत्र में इसी भूमि पर लगेगी फूड प्रोसेसिंग यूनिट।

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त हुए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 19 फरवरी को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगी। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे। इसके माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास कराने की तैयारी है। इसमें जिले की 206 यूनिटें भी शामिल हैं। जीबीसी के बाद उद्यमी अपनी प्रस्तावित भूमि पर इकाई लगाने का निर्माण कार्य शुरू करेंगे। इन इकाइयों के लगने से करीब 80 हजार लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। इससे उनकी आर्थिक तंगी दूर होगी।

राजधानी लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटि के दौरान जिले में उद्योग स्थापित करने के लिए 381 एमओयू साइन हुए थे। इनमें से 206 इकाइयों के निर्माण को लेकर तैयारी की गई है।

पीएम मोदी 19 फरवरी को लखनऊ के आईजीपी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रदेश भर की लगने वाली इकाइयों का शिलान्यास करेंगे। इनमें जिले की भी इकाइयां शामिल होंगी। इसी के साथ जिले में लगने वाली इन इकाइयों पर निर्माण कार्य शुरू होगा। हालांकि कुछ इकाइयों पर निर्माण कार्य शुरू भी हो चुका है। इन इकाइयों पर 11 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होगी। जानकारी के अनुसार इन इकाइयों के शुरू होने से 80 हजार से अधिक लोगों को अच्छा रोजगार मिलेगा। इससे बेरोजगारों का आर्थिक संकट दूर होगा। उधर जीबीसी के आयोजन को लेकर जिला उद्योग केंद्र विभाग भी तैयारियों को पूरा करने में लगा हुआ है। लगने वाली इकाइयों में होटल सेक्टर, एमएसएमई, रिलायन्स का जीबीसी प्लॉट, डेयरी सेक्टर, फिश फीड, बायोकोल, मेडिकल हेल्थ सेक्टर, हाउसिंग सेक्टर, शीतगृह, डिशनेरी, मोटो स्क्रेप प्लांट आदि विभिन्न सेक्टरों की इकाइयां शामिल हैं। उद्यमी मित्र रहमान अंसारी ने बताया कि 206 यूनिटों का शिलान्यस होगा। कुछ पर काम भी शुरू हो चुका है।

भूमि पूजन की चल रही हैं तैयारियां

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पीएम द्वारा प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जिले में भी इकाइयों का निर्माण शुरू होगा। भूमि पूजन आदि को लेकर तैयारियां चल रहीं हैं। कुछ इकाइयों पर काम चल रहा है।

–आशुतोष श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग

इसी माह पूरी हो जाएंगी 56 इकाइयां

वहीं जिले में 56 ऐसी इकाइयां भी हैं जो इसी माह पूर्ण होने जा रही हैं। बताया जा रहा है भले ही इन इकाइयों पर प्रोडेक्शन शुरू हो जाएगा लेकिन औपचारिक रूप से इन इकाइयों का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया जा सकता है। इनमें कुछ होटल, अस्पताल, कैमिकल्स यूनिटें शामिल हैं। इन पर भी करीब 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र द्वारा इनकी मॉनीटरिंग की जा रही है।

गवाहों को समय से पेश कराएं : एएसपी

बाराबंकी, अमृत विचार: पुलिस लाइन के सभागार में बुधवार को एएसपी उत्तरी ने सभी थानों के पैरोकार और कोर्ट मोहर्रिर के साथ बैठक की। एएसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कहा कि सभी पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर को समय से न्यायालय पहुंचकर न्यायालय के आदेश व निर्देश का अनुपालन कराने में शिथिलता न बरतें। चुनाव से सम्बन्धित विचाराधीन मुकदमों व अन्य मुकदमों में समय से गवाहों के लिए सम्मन और वारण्ट भेजने के साथ उनका तामीला कराएं। हत्या, पॉक्सो एक्ट या महिला सम्बन्धित मुकदमों, गोतस्करी, गैंगस्टर, मादक पदार्थों की तस्करी आदि मुकदमों में पैरवी कर गवाहों को समय से पेश कराएं। वहीं फर्जी जमानतदारों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। मॉनिटरिंग सेल में पोर्टल पर फीड आरोप पत्र लगने वाले मुकदमों को अति शीघ्र न्यायालय में दाखिल करें।

हत्या के दोषी सगे भाइयों समेत तीन को उम्रकैद

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा, 20-20 हजार का लगाया जुर्माना

अदालत से

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : करीब दो वर्ष पहले बरात में लाठी-डंडों से पीटकर दूल्हे के रिश्तेदार की हत्या के मामले में सगे भाइयों समेत तीन को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने दोषी मानते हुए आजीवन कारावास के साथ 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र का है। यहां के नरायनपुर गांव में सफदरगंज थाने के संदेवा से 13 फरवरी 2022 को बारात आई थी। जहां पर रंगारंग कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद में दूल्हे के रिश्तेदार की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

इसकी सूचना टेनू लाल चौहान ने थाने में देकर उत्तम चौहान, उसके भाई अंजनी कुमार उर्फ ननकऊ तथा जोगेंदर बहरा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। विवेचक ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं साक्ष्यों को संकलित कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर तीनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए बुधवार को आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी, अमृत विचार : छह वर्ष पहले किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी को न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला कोठी थाना क्षेत्र का है। यहां के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने दो अगस्त 2017 को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को मोहिउद्दीनपुर निवासी युवक सोनू सिंह बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पर कोठी पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो और एससीएसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया। उसके बाद किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण करने के साथ अदालत में बयान दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया। इस मामले की विवेचना कर रहे क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ ने वैज्ञानिक साक्ष्य को संकलित कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) की अदालत ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त सोनू सिंह को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

तीन सभासदों को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

कार्रवाई

▸▸ विधानसभा पर प्रदर्शन के दृष्टिगत सक्रिय रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

सभासद ताज बाबा राइन

सुशील गुप्ता

राजेश शर्मा।

अमृत विचार : सभासद संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज इंसान के आह्वान पर बुधवार को विधानसभा के सामने प्रदर्शन प्रस्तावित था। प्रदेश के सभी जिलों के सभासदों को शामिल होना था। परंतु मंगलवार को रात्रि में पुलिस सक्रिय हो गई। सभासद संघ के राष्ट्रीय सचिव सभासद सुशील गुप्ता एवं संघ के जिला अध्यक्ष सभासद ताज बाबा राईन को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। नगर पंचायत टिकैत नगर के सभासद राजेश शर्मा को भी हाउस अरेस्ट किया गया।

सुशील गुप्ता ने बताया कि सुशील के आवास पर सीओ बीनू सिंह, प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली तथा सिटी चौकी इंचार्ज ने सुशील गुप्ता से पूछताछ की तथा प्रदर्शन के लिए लखनऊ जाने पर रोक लगा दी। उनके आवास पर पुलिस तैनात कर दी। इसी प्रकार ताज बाबा राईन को भी हाउस अरेस्ट किया गया। जानकारी होते ही सभी सभासद एक दूसरे से संपर्क के लिए जुट गए। बुधवार को ताज बाबा के आवास पर सभासदों ने बैठक की। इसामें तय किया गया कि अगर प्रशासन ने लखनऊ जाने पर रोक लगा दी है तो सभासद नहीं जाएंगे। सभासद संघ के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू ने कहा कि प्रदर्शन शांतिपूर्वक प्रस्तावित था। बैठक में सभासद आलोक वर्मा, पंकज मिश्रा, संघ के उपाध्यक्ष मो.फैसल, ताम्रभुजा नन्द, सादिक हुसैन, सुशील गुप्ता, ताज बाबा राईन, देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, संघ के जिला महामंत्री बृजेश यादव, शिवा शर्मा, शिवा कनौजिया सहित कई सभासद उपस्थित रहे।

जानलेवा हमले के 3 दोषियों को पांच-पांच साल की कैद

बाराबंकी, अमृत विचार : हत्या के प्रयास के मामले में सगे दो भाइयों समेत तीन को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पांच-पांच साल के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला कोठी थाना क्षेत्र गोबरे भगतपुरवा मजरे मीरापुर का है। यहां के निवासी राधेश्याम यादव ने 3 अप्रैल 2015 को कोठी थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके भाई को जान से मारने की नीयत से मीरापुर निवासी दुर्गाप्रसाद ने अपने भाई देशराज और हैदरगढ के कुलहरा निवासी जगदेव रावत के साथ हमला कर दिया। इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास व धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद विवेचक ने साक्ष्यों का संकलन कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

सार-संक्षेप

पैदल अयोध्या जा रहे रामभक्तों का किया गया स्वागत

पैदल अयोध्या जा रहे राम भक्तों का स्वागत करते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय विकास खंड की ग्राम पंचायत भवनियापुर से बुधवार को श्रीरामलला के दर्शन की खातिर दर्जन भर भक्त पैदल ही अयोध्या रवाना हुए। पदयात्रियों का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। अयोध्या धाम के लिए निकला पदयात्री भक्तों का यह जत्था जब बाबा मस्तान शाह आश्रम पहुंचा तो समाजसेवी सतीश कुमार, प्रधान वीरेंद्र सिंह, राजेश पांडेय और सुरेश तिवारी आदि ने सभी का स्वागत किया। अयोध्या के लिए निकले इन यात्रियों का क्षेत्र के कई अन्य स्थानों पर भी स्वागत किया गया।

कलश यात्रा में लगे जयकारे

पैदल अयोध्या जा रहे राम भक्तों का स्वागत करते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत बंकी के ओम नगर में श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में कथा प्रारंभ हो रही है। इसमें कथा व्यास गोविंदाचार्य के सानिध्य में मन्दिर से कलश यात्रा निकाली गई। पूरे नगर पंचायत का भ्रमण कर ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर कलश यात्रा का समापन हुआ। इसमें ओम नगर की माताएं एवं बहनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं गोविंदाचार्य से आर्शीर्वाद लिया। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री सन्दीप गुप्ता, नगर अध्यक्ष संजीव वर्मा, देवराज त्रिपाठी, सतीश जयसवाल, रुद्र प्रसाद अवस्थी, विवेक तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

लक्ष्मण-परशुराम संवाद सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

अडौरा में आयोजित मेले में धनुष रखते आयोजक। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : देवा क्षेत्र के ग्राम अडौरा में धनुष यज्ञ मेले का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने फुलवारी लीला, ताड़का वध, सीता स्वयंवर आदि लीलाओं का मंचन किया। रामलीला में लक्ष्मण-परशुराम संवाद सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। धनुष यज्ञ मेले में कलाकारों ने लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन करते हुए दिखाया कि जब सीता स्वयंवर में प्रभु राम द्वारा शिव धनुष तोड़ दिया जाता है तो इसकी जानकारी तपस्या कर रहे परशुराम को होती है। तो वह जनकपुर जाकर अत्यधिक क्रोधित होते है और कहते हैं कि जिसने भी शिव के धनुष को तोड़ा है वह सहस्रबाहु के समान मेरा शत्रु है। परशुराम और लक्ष्मण में तीखी नोंकझोंक होती है अंत में परशुराम राम को एक धनुष देकर उस पर तीर का संधान करने को कहते हैं। अंत में परशुराम प्रभु श्रीराम को पहचान जाते हैं और वह राम की जय जयकार करते हुए तपस्या करने चले जाते हैं। इसके बाद राम और सीता का विवाह होता है और देवता आकाश से पुष्प वर्षा करते है। इस मौके पर ओम प्रकाश, रंजीत, आलोक, सर्वेश, अमित, महेंद्र, राम, स्वामीदयाल, शमीम, प्रकाश, रामसागर, कैलाश, गोपाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

देवा, हैदरगढ़ व रामनगर के चेयरमैन भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते देवा नपं अध्यक्ष हारून वारसी, रामनगर के अध्यक्ष रामशरण पाठक व हैदरगढ़ में अध्यक्ष आलोक तिवारी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

अमृत विचार: देवा नगर पंचायत के चेयरमैन मो.हारुन वारसी, हैदरगढ़ के नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी और रामनगर के चेयरमैन बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। लखनऊ में भाजपा मुख्यालय पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। लखनऊ से वापस लौटने पर चेयरमैन का जिला कार्यालय पर भी स्वागत किया गया।

बुधवार को देवा नगर पंचायत के चेयरमैन मोहम्मद हारुन अपने समर्थकों के साथ लखनऊ स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे और पार्टी के बड़े नेताओं व पदाधिकारियों के समक्ष भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। लखनऊ में भाजपा शामिल होने के बाद वह यहां जिला कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर जिले के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

हैदरगढ़ में नगर निकाय चुनाव में अधिकृत भाजपा प्रत्याशी के विरोध में चुनाव लड़कर पार्टी में अलग-थलग पड़े नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी भी प्रदेश कार्यालय पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा उन्हें पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया और उम्मीद जताई गई कि श्री तिवारी और उनकी टीम लोकसभा चुनाव में र पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताने का काम करेगी। इसके बाद जिला कार्यालय पर पहुंचे श्री तिवारी का जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह, राजकुमार सिंह, बैजनाथ मौर्य, जनार्दन शुक्ला, प्रधान त्रिवेदीगंज अरुण शुक्ला, दीपू तिवारी, पंकज मिश्रा, अंबर शरण, विकास, संतोष, योगेश, नितिन, महेंद्र, नागेंद्र, लवकुश, अंकित, सोमिल, विभोर, नीलू, संकट सरन आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत रामनगर के अध्यक्ष और चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष रामशरण पाठक ने समर्थकों के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय लखनऊ पहुंचकर भाजपा में शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक अपने तमाम सहयोगियों के साथ भाजपा के प्रदेश कार्यालय लखनऊ पहुंचे। जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष राम शरण पाठक को भाजपा का अंगवस्त्र देकर भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत पांडेय, पवन ओझा, दयाशंकर तिवारी आदि समर्थक मौजूद रहे।

तस्कर को छह माह का कठोर कारावास

बाराबंकी, अमत विचार: तीन वर्ष पहले फतेहपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए मादक पदार्थ के तस्कर को अपर जिला सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस की अदालत ने दोषी मानते हुए छह माह का कठोर कारावास और तीन हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

फतेहपुर कोतवाली के दरोगा सुशील कुमार त्रिपाठी ने 14 जुलाई 2020 को धरौली निवासी मोहमद उमर को 50 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। उसके बाद कोतवाली लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा। मामले के विवेचक ने साक्ष्यों को संकलन कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। इसकी सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने अभियुक्त मोहमद उमर को दोषी मानते हुए छह माह के कठोर कारावास तथा तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

मनमानी आईएसओ का दर्जा हासिल करने वाली तहसील में आसानी से सुलभ नहीं लेखपाल, आवंटित कमरों में सन्नाटा, नाम और मोबाइल नंबरों वाली सूची गायब

बाराबंकी में अब लेखपाल वाली गली, किराये के कमरे में चला रहे तहसील

वर्ष 2019 में तहसील को मिला था आईएसओ का दर्जा

कवेन्द्र नाथ पांडेय, बाराबंकी

वर्ष 2019 में नवाबगंज तहसील को आईएसओ का दर्जा देने के लिए आए प्रिंसिपल ऑडिटर केके गोगिया। (फाइल फोटो)

अमृत विचार : बाराबंकी शहर में फोटो वाली गली, चूड़ीवाली गली, पतंग वाली गली, बड़ी माता मंदिर, मुंशीगंज और सुभाष नगर वाली गली का नाम सुना होगा। मगर, अब डीएम आवास के सामने लेखपाल वाली गली भी है। सुनने में अटपटा जरूर है पर यह सच है। जहां पर किराए के कमरों में दफ्तर खोलकर लेखपाल तहसील चला रहे है। यही कारण है कि आईएसओ का दर्जा हासिल करने वाली नवाबगंज तहसील में आम जनता के लिए आसानी से लेखपाल सुलभ नहीं हैं। इतना ही नहीं आवंटित कमरे और चस्पा की गई नाम व मोबाइल नंबर वाली सूची तक गायब हो गई।

बाराबंकी की नवाबगंज तहसील को वर्ष 2019 में आईएसओ का दर्जा हासिल हुआ था। इसके लिए तत्कालीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम अजय कुमार द्विवेदी ने दिन-रात की मेहनत कर तहसील की सूरत बदली। बाहर तहसील का बोर्ड और फौव्वारा तो अंदर पूछताछ केंद्र, सभागार, कर्मचारियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस, लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के बैठने के कक्ष, कुर्सी के सामने नेम प्लेट और लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, अमीन, नायब तहसीलदार के नाम, मोबाइल नंबर और सर्किल का नाम वाली सूची कई स्थानों पर लगवाई थी। ताकि तहसील आने वाली आम जनता को कोई दिक्कत न हो। यह सब देखकर यहां पहुंचे आईएसओ के प्रिंसिपल सेक्रेटरी केके गोगिया ने आईएएस एसडीएम अजय द्विवेदी की सराहना करते हुए कहा था कि बाराबंकी की नवाबगंज तहसील अन्य तहसीलों के लिए नजीर बनेगी। मगर, अजय द्विवेदी के तबादले के बाद तीन वर्ष में ही आईएसओ के मानक धराशायी हो गए। यहां लगी लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के नाम और मोबाइल नंबर वाली सूची गायब हो गई। बायोमेट्रिक उपस्थिति बंद हुई तो अधिकाश लेखपालों ने आवंटित कमरों में बैठना बंद कर दिया।

इसके बाद डीएम आवास के सामने किराए के कमरों में अपना दफ्तर बनाकर लेखपाल तहसील के काम मुंशियो से करा रहे हैं। यहीं पर भूमाफिया का जमावड़ा लगता तो हर काम का रेट तय होता है। जबकि गांव से आने वाली जनता तहसील में अपने क्षेत्र के लेखपाल को खोज कर वापस लौट जाती है। मगर, अब धीरे-धीरे लोग लेखपाल वाली गली को जानने लगे हैं।

कक्षों में लेखपालों के बैठने की तय होगी व्यवस्था

तहसील में आवंटित कमरों में लेखपाल के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। लेखपाल और कानूनगो के नाम और नंबर वाली सूची जल्द ही लगा दी जाएगी। डीएम आवास के सामने लेखपाल वाली गली की जांच कराई जाएगी।

–विजय त्रिवेदी, एसडीएम सदर

एक नजर

निर्माण कार्य में मानकों का रखें ध्यान : ईओ

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत बंकी की ईओ मोहनी केसरवानी ने बुधवार को निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था को भी परखा और नगर वासियों से भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा की।

सर्विलांस सेल के प्रभारी बनाए गए संजीव

बाराबंकी, अमृत विचार : एसपी दिनेश कुमार सिंह ने 7 दरोगाओं के कार्यस्थलों में बदलाव किया है। सौम्य जायसवाल को हैदरगढ़ के बदोसराय, जितेंद्र राज को हैदरगढ़ कोतवाली से कस्बे का प्रभारी, कन्हैया यादव को मसौली की त्रिलोकपुर पुलिस चौकी से देवा कोतवाली जबकि सर्विलांस सेल के प्रभारी रमाकांत भारतीय को त्रिलोकपुर चौकी प्रभारी, संजीव प्रकाश सिंह को स्वाट टीम से सर्विलांस सेल प्रभारी, अजय सिंह को स्वॉट टीम में प्रभारी, रोहित शुक्ला को कुर्सी से घुंघटेर थाने की सैंदर चौकी का प्रभारी बनाया है।

सेवानिवृत्त सीआरपीएफ एसआई के निधन से शोक

हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार : सन् 1997 में सीआरपीएफ से रिटायर हुए सिपाही का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। अंतिम संस्कार गांव स्थित पैतृक बाग में परिजनों सीआरपीएफ लखनऊ मुख्यालय से आए अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में किया गया।

पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य का निधन

रामनगर,बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं प्रज्ञा कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक प्रो. डॉ. वीबी सिंह का मंगलवार रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। पार्थिव शरीर को अंत्येष्टि के लिए अयोध्या ले जाते समय पीजी कॉलेज के मुख्य द्वार पर प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने श्रद्धांजलि दी। परमहंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीरज बाजपेई आदि रहे।

बस स्टेशन पर जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

न्यायालय व बस स्टेशन की परखी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

सतर्कता

▸▸ सीओ सिटी ने चेक किए मेटल डिटेक्टर व सीसीटीवी कैमरे, डॉग स्क्वॉयड टीम भी रही मौजूद

अमृत विचार: ज्ञानव्यापी को लेकर हाई अलर्ट के बीच बुधवार को सीओ सिटी ने डॉग स्क्वॉयड, कोतवाली नगर व महिला थाने की पुलिस टीम के साथ न्यायालय परिसर, बस स्टेशन के साथ आसपास का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। सीओ सिटी डा. बीनू सिंह ने न्यायालय परिसर में लगे मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरों की जांच की। वहीं न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था में तैनत पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए।

इसके बाद शहर कोतवाल अजय त्रिपाठी, महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक मुन्नी सिंह के साथ बस स्टेशन व आस-पास भी सुरक्षा व्यवस्था की जांच के साथ संदिग्धों की जांच की।

क्या सांसद उपेंद्र रावत को ही मिल गई हरी झंडी!

बाराबंकी संसदीय सीट से उम्मीदवारी की दौड़ में हैं आधा दर्जन से अधिक लोग

राजनीति

▸▸ भाजपा का चुनाव कार्यालय खुलने के साथ ही चर्चाओं का दौर शुरू

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा (फाइल फोटो)

अमृत विचार : सांसद उपेंद्र रावत ही बाराबंकी से भाजपा के इस बार भी उम्मीदवार होंगे! मंगलवार को उनके चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही चर्चाओं का नया दौर शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी से ही आधा दर्जन से अधिक उम्मीदवार बाराबंकी की संसदीय क्षेत्र से अपनी दावेदारी जता रहे हैं। इनमें से कुछ तो आलाकमान की ही परिक्रमा कर रहे हैं तो कुछ ने तो बाकायदा चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है।

बाराबंकी संसदीय सीट 2014 में भाजपा की प्रियंका रावत ने कांग्रेस के दिग्गज नेता डॉक्टर पीएल पुनिया को हराकर जीती थी। 2019 में प्रियंका रावत का टिकट काट कर भाजपा ने उपेंद्र रावत को चुनाव लड़ाया। उपेंद्र रावत 535917 वोट पाकर विजई हुए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रामसागर रावत को पराजित किया उसे समय सपा को 425077 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के तनुज को 159611 मत। इन दोनों के मतों को मिला दिया जाए तो दोनों को 584688 मत मिले थे। भाजपा को चुनाव जीतना है तो उसे इससे अधिक वोट हासिल करना होगा।

पूर्व सांसद प्रियंका रावत इस बार भी प्रबल दावेदारी कर रही हैं। इसके अलावा पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील रावत, पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, अमरीश रावत, पूर्व एमएलसी और विधायक रामनरेश रावत के पुत्र अरुण रावत, ब्लॉक प्रमुख रवि रावत भी दावेदारी कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन के सामने आने के बाद यह तय हो गया है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मिलकर ही चुनाव लड़ेंगे। इसके बाद भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 50% से अधिक वोट हासिल करने के लक्ष्य के साथ पार्टी ने मंगलवार को अपने कार्यालय का उद्घाटन कर चुनाव अभियान की शुरुआत कर दी है। लेकिन अब तक उम्मीदवार की घोषणा न होने के कारण पार्टी कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

धन दोगुना करने का झांसा दे लाखों ठगे

एक साल में रकम डबल करने का देते थे लालच, महिला समेत पांच पर मुकदमा

जालसाजी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले में चिटफंड कंपनी खोल कर लोगों से ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने सेन्जी पावर टेक्नोलॉजी लि. कंपनी में लोगों का पैसा डबल करने का झांसा देकर लाखों का चूना लगा दिया। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामले में पंजाब के आशीष सिंह सिसोदिया निवासी असंद्रा थाना अंतर्गत सुढियापूरे दुनिया सिद्धौर, अंजली पटेल निवासी टाण्डा अम्बेडकर नगर, देवेंद्र सिंह पता अज्ञात, रविन्द्र पासवान पता अज्ञात, उमेश मौर्या पता अज्ञात को नामजद किया है। एफआईआर छोटे लाल जायसवाल निवासी सुढिया मऊ थाना राम नगर की तहरीर पर दर्ज की गयी है। कोतवाली रामसनेहीघाट में फर्जी कंपनी बनाकर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। छोटेलाल जायसवाल का आरोप है कि 21 जनवरी 2021 को सेन्जी पावर टेक्नोलॉजी लि. कंपनी के मालिक ने सरकारी योजनाओं का लाभ देने के बहाने लोगों से लाखो रुपये की ठगी की।पीड़ित ने बताया कि कंपनी के मालिक आशीष सिंह सिसोदिया द्वारा रामसनेहीघाट में एक मीटिंग में मुलाकात के दौरान सरकारी योजना में रुपये लगाने की स्कीम बतायी और उससे 2.22 लाख रुपये कंपनी के खाते में और कुछ नकदी ले कर दो साल में दोगुना और हर माह 12 हजार रुपये देने का झांसा देकर ले लिया। जालसाज नेउसे समाज म्युचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड की रसीद भी दी। मगर जब पैसा वापस करने का समय आया तो अधिकारी कंपनी के दफ्तर में ताला लगाकर भाग गए। कई बार संपर्क करने के बावजूद पैसा नहीं वापस हुआ। किसी तरह खोजबीन करने के बाद जब कंपनी के मालिक आशीष का पता चला तो आशीष ने बताया कि आपके रुपये अपनी कंपनी के एसपीसी क्वाइन में लगाएंगे जिससे रुपये जल्द दोगुने हो जाएंगे। इसके बाद सारे रुपये वापस कर दिये जाएंगे। जब कुछ दिनों के बाद फिर रुपयों की जानकारी के लिए उसके मोबाइल पर कॉल किया गया तो मोबाइल स्वीच ऑफ था। इतना ही नहीं, जालसाज ने आसपास के जिलों में भी अपना नेटवर्क फैला रखा था। वह अपने गुर्गों के साथ मिलकर इलाके के भोले-भाले लोगों से उनकी गाढ़ी कमाई को अपनी सेन्जी पावर टेक्नोलॉजी लि कंपनी में इनवेस्ट कराता था। वह लोगों को उनके पैसों को साल भर में दोगुना करने का लालच देता था। आशीष सिंह सिसोदिया पर अभी तक धोखाधड़ी के लगभग 10 मुकदमे बाराबंकी और लखनऊ के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। इस संबंध में कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया इस मामले की जांच की जा रही है।

प्रभु की अमृत कथा में लीन हुए भक्त

कार्यालय,संवाददाता,बाराबंकी, अमृत विचार: बंकी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम जरूवा भिटौली कलां में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा का समापन गुरुवार को भंडारे के साथ किया जाएगा। सतरिख थाना क्षेत्र के जरुवा गांव में आयोजक बिंद्रा प्रसाद द्वारा कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथावाचक स्वामी हेमराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि अधर्म पाप से परिपूर्ण राजा कंस का वध करके मथुरा के 86 राजाओं को मुक्त कराया था। ऐसी कथाओं को श्रवण मात्र से ही पापों से मुक्ति और मोक्ष प्राप्ति होती है। इस मौके पर बिंद्रा प्रसाद यादव, रामविलास, राजेंद्र, रामलखन, राजू, अनिल, रामधन, बबलू, आदर्श, मुकेश, इंद्रेश आदि थे।

शिकायतों के निदान में प्रदेश व जोन में बाराबंकी पुलिस अव्वल

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

उपलब्धि

▸▸ जिले के 19 थानों को मिला पहला स्थान

अमृत विचार : आईजीआरएस पोर्टल पर जनवरी माह में मिले प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में बाराबंकी पुलिस को प्रदेश और लखनऊ जोन में प्रथम स्थान पाकर अव्वल रहा। वही जिले के 19 थानों को प्रदेश व जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिले के समस्त थाना प्रभारियों और आईजीआरएस के प्रभारी निरीक्षक की टीम को निर्देशित किया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह के नेतृत्व में बाराबंकी पुलिस को माह जनवरी-लखनऊ जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं प्रदेश स्तर पर प्राप्तांक के अनुसार बाराबंकी के 19 थानों में सुबेहा, मोहम्मदपुर खाला, जैदपुर, टिकैतनगर, महिला थाना,-सतरिख, बदोसराय, सफदरगंज, बड्डूपुर, फतेहपुर, जहांगीराबाद, कुर्सी, घुंघटेर, देवा, थाना कोतवाली नगर, रामसनेहीघाट, असन्द्रा, मसौली और रामनगर ने भी प्रदेश व लखनऊ जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बुधवार को रैंकिंग जारी होने के बाद एसपी ने आईजीआरएस सेल के प्रभारी निरीक्षक की टीम के साथ थाना प्रभारियों की टीम की सराहना की।

हिमाचल के राज्यपाल का किया स्वागत

दरियाबाद,बाराबंकी

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला का स्वागत करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेकानंद पांडे व ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडे।

अमृत विचार : हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने बुधवार को यहां आए। पुलिस कर्मियों ने राज्यपाल को सलामी दी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

बुधवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला दरियाबाद क्षेत्र के रानी कटरा स्थित अयोध्या वाटिका पहुंचे। यहां पर राज्यपाल को स्मृति चिह्न देकर विवेकानंद पांडेय ने सम्मानित किया। इससे पहले पुलिसकर्मियों ने उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने ताशीपुर स्थित नवनिर्मित अयोध्या कोल्ड स्टोरेज एवं एलाइड इंडस्ट्रीज का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को गुलाब का फूल दिया व विवेकानंद पांडेय ने कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। इस मौके पर हैदरगढ़ के पूर्व विधायक बैजनाथ रावत, जिला पंचायत सदस्य राजरानी रावत, इंद्र प्रताप सिंह, संतोष शुक्ला, टिकैतनगर के चेयरमैन जगदीश गुप्ता, महंत नीलेंद्र बक्श दास, संतोष सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी सहित प्रशासनिक अधिकारी, ग्राम प्रधान ब बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

यूनिसेफ की टीम ने मंजीठा में जांची पानी की गुणवत्ता

सतरिख बाराबंकी

अमृत विचार : यूनिसेफ की दो सदस्यीय केंद्रीय टीम ने बुधवार को मंजीठा गांव पहुंचकर प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल की और पानी की गुणवत्ता पर ग्रामीणों से भी रूबरू हुए।

बंकी ब्लॉक के मंजीठा ग्राम पंचायत में यूनिसेफ इंडिया के वास चीफ पालो व यूनिसेफ़ उत्तर प्रदेश चीफ जकारी पहुंचे। उन्होंने गांव में स्थित प्रसिद्ध नाग देवता मेला के मंदिर में माथा टेककर पूजा-अर्चना की। इसके बाद जल निगम विभाग की जल जीवन मिशन द्वारा संचालित पानी टंकी पर पहुंचे। वहां पर पंप ऑपरेटर रूम में पंप का संचालन और पानी की आपूर्ति की जानकारी के साथ ही पानी की गुणवत्ता को भी परखा। पानी की टंकी की डिजाइन,साफ - सफाई, पाइप लाइन लीकेज आदि के बारे में जल जीवन मिशन के अधिकारियों से जानकारी ली। इसके बाद पानी गुणवत्ता की टीम से जल गुणवत्ता परखने की जानकारी हासिल की और ग्रामीणों से भी रूबरू हुए। टीम ने तालाब सौंदर्यीकरण के निर्माण कार्य को भी देखा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड अब अपने नये कार्यालय में 1 जनवरी 2024 से निम्न पते पर तारादेवी सिंह के मकान लखनऊ गोण्डा रोड जरवल रोड बहराइच से संचालित किया जा रहा है।

सूचना

मैंने अपना नाम Baboo से बदलकर Baboo Khan कर लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o PALE, ADD- N. NO. NAYA VILL- MOHAMMADPUR PARSA DEHARIYA, BHINGA SHRAWASTI - 271831 (U.P.)**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम आदिल रिजवी से बदलकर मोहम्मद आदिल रिजवी रख लिया है। **– मोहम्मद आदिल रिजवी पुत्र स्व0 जायर हुसैन रिजवी, कार्यदेशक राजकीय आद्योगिक संस्थान हरदोई। निवासी–396/407, ओल्ड 396/165, अंगूरी बाग, कश्मीरी मोहल्ला, थाना– सहादतगंज, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे सभी शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम मुन्ना दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पास बुक में मेरा नाम मुन्ना राव दर्ज है। मुन्ना राव एवं मुन्ना दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे मुन्ना राव के नाम से ही जाना जाये। **मुन्ना राव सुत रामजीत निवासी ग्राम जगदीशपुर, पो0 व थाना– अखण्ड नगर जनपद सुल्तानपुर।**

सूचना

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा जायद आरिफ पुत्र आरिफ खान दर्ज है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम मोहम्मद आरिफ खान दर्ज है जो सही है।अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। जायद आरिफ पुत्र मोहम्मद आरिफ खान निवासी– ब्राह्मणी ओला बिसवां जिला–सीतापुर

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1787938 अंकपत्र व प्रमात्रपत्र तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1338154 अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सुप्रियम पुत्र श्री कमलेश सिंह निवासी मोहल्ला लोहिया नगर, वार्ड नं. 4 दिबियापुर औरैया।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मै मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह उर्फ अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी बरोसा एक ही हू सरकारी अभिलेखो मे अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह लिखा है घर का नाम मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह है हमे आज से उपरोक्त दोनो नाम से जाना पहचाना जाए। **– अमरेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी– बरोसा, थाना हरगांव, सीतापुर**

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 अनुक्रमांक 1095900 अंकपत्र व प्रमात्रपत्र तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0356636 अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सुशील कुमार सामनाड़ी पुत्र श्री प्रीतमदास एफ.एन.5–2, पी.एन. 298 ए, शास्त्री नगर यूटीसी हंसनगर कानपुर नगर– 208005**

सूचना

सूचित किया जाता है कि सन्दीप कुमार यादव पिता आत्मा राम यादव मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 2709379 है। मैंने वर्ष 2020 में हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण किया था। संदीप कुमार यादव पिता आत्मा राम यादव ग्राम संतरीदास कुट्टी बदरौली कैसरगंज जिला बहराइच का निवासी है।

Notice

I, Mrs. Safrun, wife of Mr. Firoz, residing in the village Bhanpur, post Hariharpur, tehsil and district Bahraich, state the following: My husband's previous name was Firdosh, and his passport was issued under this name. My husband's recorded name is Firdosh, and this same name is also mentioned on his Aadhaar card, PAN card, etc. My husband is now known and recognized by his official name, Firoz. Mrs. Safrun, wife of Firoz, residing in the village Bhanpur, post Hariharpur, tehsil and district Bahraich, Uttar Pradesh

प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन ने कोहिनूर को किया सम्मानित

जैदपुर,बाराबंकी

अमृत विचार: फुटबाल खिलाड़ी कोहिनूर को प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। कोहिनूर ग्राम पंचायत-पण्डरी के मजरे कटरा की निवासिनी हैं कोहिनूर को वर्ष 2023 में अयोध्या में आयोजित मण्डल स्तरीय चयन ट्रॉयल में आगरा के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर बालिका वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता में चयनित किया गया था। वर्तमान में कोहिनूर नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ से स्नातक की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। कॉलेज के बाद पुनः केडी सिंह बाबू स्टेडियम में फुटबाल की प्रैक्टिस करने जाती हैं। सिविल सेवा का सपना संजोए कोहिनूर पढ़ाई के साथ-साथ फुटबाल जैसे खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाए हुए हैं। कोहिनूर को विशेष रूप से इनके माता-पिता और शिक्षकों/प्रशिक्षकों तथा जिला फुटबाल संघ का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

कोहिनूर

निलंबन पत्र निरस्त, काम करने का मार्ग प्रशस्त

हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार : तहसील मुख्यालय से सटे राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रनापुर के प्रबंधक द्वारा प्रधानाचार्य के निलंबन को लेकर भेजे गए निलंबन पत्र को डीआईओएस द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इसके बाद प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला के काम करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के कथित प्रबंधक सुनील कुमार सिंह द्वारा प्रधानाचार्य पर अनियमितता के आरोप लगाते हुए कुछ दिन पूर्व निलंबन पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजा गया था, प रंतु जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रबंधक द्वारा भेजे गए निलंबन प्रस्ताव का अभी तक अनुमोदन नहीं किया गया था।

पर्यवेक्षक ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

परीक्षा केंद्र की जांच कर निकलते नामित अधिकारी।

अमृत विचार : बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन कराने की शुचिता, गुणवत्ता, विश्वसनीयता तथा पारदर्शिता बनाए रखने को लेकर बुधवार को दूसरे दिन नामित पर्यवेक्षक ने आधा दर्जन परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया। यहां पर सीसीटीवी कैमरे, वाइस रिकार्डर, स्ट्रांग रूम के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं को जांचने के बाद दिशा निर्देश दिए।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा से ठीक पहले परीक्षा केंद्रो की जांच के लिए बोर्ड ने बेसिक शिक्षा परिषद के सहायक शिक्षा निदेशक अब्दुल मुईन को जिले का पर्यवेक्षक नामित किया। लगातार दूसरे दिन नामित पर्यवेक्षक अब्दुल मुईन ने राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम के साथ फतेहपुर के आजाद इंडस्ट्रीयल इंटर कॉलेज , वारिस चिल्ड्रेन एकेडमी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तथा निंदूरा ब्लॉक के बाबू हरिनाथ सिंह सिसोदिया विद्यापीठ इंटर कॉलेज झरसांवा, अशोक विद्या मंदिर इंटर कॉलेज टिकैतगंज तथा राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया।

बैठक विद्यालयों को निपुण करने का मामला, सीडीओ ने की समीक्षा

तीन ब्लॉक व नगर क्षेत्र की प्रगति असंतोषजनक

बाराबंकी

जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक को संबोधित करते सीडीओ।

अमृत विचार : जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी ए. सुथान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

एआरपी एवं संकुल शिक्षकों द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों को माह दिसंबर 2023 तक निपुण किया जाना था, जिसमें विकासखंड पुरेडलई, सिरौलीगौसपुर, हरख व नगर क्षेत्र की प्रगति अत्यंत न्यूनतम पाई गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम स्पॉट असेसमेंट व निपुण विद्यालयों की समीक्षा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडे द्वारा अवगत कराया गया कि एसआरजी, मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को माह फरवरी में अपनी प्रगति सुधारने के निर्देश दिए। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपदीय टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स द्वारा किये गए निरीक्षण के समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्दे इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पीएम पोषण योजना, निपुण लक्ष्य, डीबीटी आदि की समीक्षा की गई। बैठक में सीएमओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, डीपीआरओ, जिला पूर्ति अधिकारी, बीएसए व बीईओ, जिला समन्वयक, ईएमआईएस इंचार्ज तथा एसआरजी आदि उपस्थित रहे।

कार्यालयः जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाराबंकी।

पत्रांकः 8749/प्रोबे0का0/प्रेस विज्ञप्ति/ 2023–24 दिनांक 07.02.2024

निविदा सूचना

किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम–2015 की धारा 51 के अन्तर्गत जनपद में उपयुक्त सुविधा (Fit Facility) एवं धारा 52 के अन्तर्गत उपयुक्त व्यक्ति (Fit Person) के चयन हेतु आवेदन–पत्र आमन्त्रित किये जाते है। इच्छुक संस्था एवं व्यक्ति अपना आवेदन पत्र किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम–2015 में निर्धारित प्रारुप – 38 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक 20.02.2024 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में व्यक्तिगत / डाक से उपलब्ध करा सकते है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

नोट–किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 51 के अन्तर्गत जनपद में उपयुक्त सुविधा (Fit Facility) एवं धारा 52 के अन्तर्गत उपयुक्त व्यक्ति (Fit Person) के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति, बाराबंकी द्वारा आवश्यकतानुसार लावारिस / निराश्रित बच्चों को उपयुक्त सुविधा (Fit Facility) एवं उपयुक्त व्यक्ति (Fit Person) के संरक्षण में अल्पसमय के लिए आश्रय प्रदान करने हेतु आदेश निर्गत किया जाता है। यह सुविधा पूर्णतया निःशुल्क है।

(डा0 पल्लवी सिंह)
जिला प्रोबेशन अधिकारी
बाराबंकी।

सलोन और परशदेपुर नपं अध्यक्ष ने कमल खिलाने का उठाया बीड़ा

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा कील काटें दुरूस्त करने में लग गई है। पार्टी प्रत्याशी कहीं से कमजोर हो न हो इसके लिए हर मुमकिन कदम उठा रही है। इसी क्रम में बुधवार को सलोन तहसील के दो नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी और विनोद कौशल को लखनऊ में भाजपा में शामिल करा दिया गया।

पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में दोनों अध्यक्षों ने सदस्यता ग्रहण करते हुए अमेठी लोकसभा चुनाव में कमल खिलाने बीड़ा उठा लिया है। दोनों अध्यक्षों के आने के बाद अमेठी के साथ ही कहीं ना कहीं रायबरेली में भी इसका प्रभाव पड़ना तय है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि दोनों अध्यक्ष पूर्व में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ बगावत कर चुके हैं।

बुधवार को दोनो नगर पंचायत अध्यक्षों ने राज्य मुख्यालय पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया है। गौरतलब हैकि हाल ही में सम्पन्न हुए निकाय चुनाव में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र में आने वाली नगर पंचायत सलोन और परशदेपुर में भाजपा की करारी हार हुई थी। जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी और पूर्व महामंत्री विशाल पांडे के साथ प्रदेश कार्यालय पहुंचे दोनों अध्यक्षों ने पार्टी में शामिल होने के बाद कहा कि इस सरकार में सब काम हो रहे हैं जो पहले की सरकार में कभी नहीं होते थे। सरकार में सबका साथ सबका विकास के तहत काम हो रहा है। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव , जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चतुर्वेदी, भाजपा नेता शिवेंद्र सिंह सहित जिले के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा में शामिल होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ नपं अध्यक्ष सलोन चन्द्रशेखर रस्तोगी और परशदेपुर अध्यक्ष विनोद कौशल।

चंद्रशेखर की बहू ने लड़ा था बसपा से विधान सभा चुनाव

भाजपा का दामन थामने वाले नगर नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी इससे पूर्व भाजपा से बगावत कर चुके है। उन्होंने निकाय चुनाव से पहले विधान सभा चुनाव में बसपा से अपनी बहू इं. स्वाति कठेरिया को भाजपा प्रत्याशी व वर्तमान विधायक अशोक कुमार के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा था। वही खुद का निकाय चुनाव में टिकट कटने से नाराज होकर निर्दलीय दावेदारी की थी। भाजपा के प्रत्याशी को शिकस्त देकर जीत हासिल की थी।

विनोद भी कर चुके है पार्टी से बगावत

भाजपा का दामन थामने वाले विनोद कौशल पहले भाजपा के खेमे में रहे है। उन्होंने निकाय चुनाव में जोरदार तरीके से तैयारी की थी। लेकिन पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था। जिससे वह बगावत पर उतर आए थे। उन्होंने मैदान में ताल ठोक दी थी। उन्होंने भी बीजेपी के ही उम्मीदवार को हराया।

नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर मंडरा रहा खतरा

अभी हाल ही में जिलाधिकारी द्वारा चेयरमैन चंद्र शेखर रस्तोगी की पिछड़ी जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया था, जिससे चेयरमैन की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा था। उनके भाजपा में जाने के बाद से अब इसकी चर्चा भी बढ़ गई है।

210 मेगावाट की यूनिट तकनीकी खराबी से हुई ठप

ऊंचाहार , रायबरेली

एनटीपीसी

▸▸ **वार्षिक मरम्मत के बाद एक माह में दस बार यूनिट में आ चुकी है खराबी**

अमृत विचार : एनटीपीसी में 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट नंबर दो तकनीकी खामी के कारण मंगलवार की रात ठप हो गई है। बीते जनवरी माह में ही इस यूनिट को वार्षिक मरम्मत के बाद चालू किया गया था। तब से लेकर आज तक यह यूनिट करीब दस बार तकनीकी खामी से बंद हो चुकी है।

मंगलवार की रात करीब 12 बजे एनटीपीसी की यूनिट नंबर दो में तकनीकी खामी आ गई। जिसके कारण 210 मेगावाट क्षमता की इस यूनिट को बंद करना पड़ा है। यूनिट के बंद होने के बाद अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद मरम्मत का काम शुरू हो गया। बीते जनवरी माह में इस यूनिट को वार्षिक मरम्मत के बाद चालू किया गया था। ज्ञात हो कि यह यूनिट परियोजना की पुरानी सबसे यूनिटों में से एक है।

यही कारण है कि यूनिट में आए दिन कोई कोई खराबी आ जाती है। जनवरी से लेकर अब तक यह यूनिट करीब दस बार अचानक ठप हो चुकी है। इसके बंद होने के बाद परियोजना का उत्पादन घटकर 840 मेगावाट रह गया है, क्योंकि 500 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या छह पहले से ही मरम्मत के लिए बंद चल रही है। इस प्रकार से इस समय ऊंचाहार परियोजना की कुल दो इकाइयों में उत्पादन ठप। एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि यूनिट तकनीकी अनुरक्षण के लिए बंद की गई है। अनुरक्षण कार्य पूर्ण होते ही यूनिट को चालू कर दिया जाएगा।

प्रधान पर परिजनों को लाभ दिलाने का आरोप

महराजगंज, रायबरेली

अमृत विचार : नियम कानून को ताक पर रख प्रधान द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर अपने परिजनों को अनुचित लाभ देने की शिक़ायत उच्चाधिकारियों से की गई है। मामला ज्योना गांव से जुड़ा हैं, जहां प्रधान उमेश कुमार द्वारा गांव में स्वच्छ भारत मिशन से निर्मित सामुदायिक शौचालयों में अपनी मां, पत्नी, भाई की पत्नियों आदि को रख रखाव के लिए चयनित केयर टेकर का जिम्मा सौंपा हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गयी शिक़ायत में आरोपकर्ता जमुना ने बताया की मौजूदा ज्योना प्रधान उमेश कुमार (कुन्नू) द्वारा शौचालय के संचालन के लिए चयनित किए गए जय दुर्गा ज़ी स्वयं सहायता समूह में अपनी मां शांती देवी, पत्नी शिवानी, गुडिया व बबीता (सगे भाई की पत्नियां) को फर्जी समूह का सदस्य बना अपने पद व नियमावली का दुरुपयोग कर रहे जो कि विधि विरूद्ध व न्याय संगत नहीं।

सचिव आदित्य कुमार व एडीओ (पंचायत) सतीश चतुर्वेदी भी सहयोग कर सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे। मामले में बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया की प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई करायी जाएगी।

सार-संक्षेप

बदहाल है गोकना घाट का मार्ग एसडीएम को ज्ञापन

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते मां गंगा गोकर्ण समिति सचिव जितेंद्र द्विवेदी।

ऊंचाहार, रायबरेली : पौराणिक और धार्मिक रूप से बड़ा महत्व रखने वाले तीर्थ स्थल गोकना गंगा घाट को जाने वाला मार्ग बड़ी बदहाल दशा में पहुंच चुका है, जिसके कारण आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को मां गंगा गोकर्ण समिति के सचिव जितेंद्र द्विवेदी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। क्षेत्र में दक्षिण वाहिनी गंगा तट पर गोकना गंगा घाट है। इस गंगा घाट का पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में वर्णन है। जिसके कारण इसका बड़ा धार्मिक महत्व है। इसलिए यहां पर रायबरेली के अलावा सुल्तानपुर, अमेठी और प्रतापगढ़ जनपद से श्रद्धालु आते रहते हैं। इस गंगा घाट को जाने वाला मार्ग जुगराजपुर तिराहा से लेकर गंगा घाट तक बदहाल दशा में है। सड़क मार्ग की दोनों पटरियां बहकर समाप्त हो चुकी हैं। इस कारण से इस मार्ग पर अकसर जाम लगता है। इस मामले में बुधवार को मां गंगा गोकर्ण समिति के सचिव ने एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी से मुलाकात की। उन्होंने मार्ग के चौड़ीकरण की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें लोकहित में तत्काल मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है।

लेखपाल को जान से मारने की धमकी

लालगंज, रायबरेली : सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि लेखपाल के द्वारा ऊसर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने की बात कहने पर दबंग अतिक्रमणकारियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। मामले की शिकायत लेखपाल ने लालगंज पुलिस से की है। पुलिस ने लेखपाल राजेश की शिकायत पर ऊसर भूमि पर कब्जा कर दीवार बना लेने वालों के खिलाफ मारपीट करने सहित लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच उप निरीक्षक अवधेश यादव को सौंपी गई है। लेखपाल राजेश ने बताया कि बंगाल पुरी लोदीपुर उतरावा में वह बतौर लेखपाल कार्यरत है। गांव के ही उमेश पुत्र बाबूलाल, सोनी पत्नी उमेश ,रामू पुत्र भागीरथ, राकेश पुत्र भागीरथ, अभिषेक व अविनाश पुत्रगण राजू और अनुज पुत्र रामू ऊसर भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। ऊसर भूमि पर नींव भरकर दीवार बना लिया है और मकान बनाने की नियत है। मना करने पर भी नहीं माना है और लेखपाल के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। अब देखना यह है कि तहसील प्रशासन और लालगंज पुलिस सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती है या मामले में लीपा पोती कर रफा दफा कर देती है।

मतदाता सूची के लिए अफसरों ने शुरू की तैयारी

लालगंज, रायबरेली : प्रशासन ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी हैं। तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हरचंदपुर विधानसभा के मतदाता सूची कार्य में लगे सुपरवाइजर की बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिया है। तहसीलदार ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान चला कर हर हाल में 18 वर्ष के ऊपर के युवक युवतियों के नाम जोड़ना है। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता सूची को पढ़कर लोगों को सुनाया जाए, जिससे मृतकों के नाम भी मतदाता सूची से हटाने का काम में सहायता मिल सके और अगर किसी मृतक की सूचना मिले तो उसका भी नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाये। महाविद्यालय में जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाए और 18 वर्ष के ऊपर हो गए विद्यार्थियों के नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जाए। इसके अलावा सभी बूथों का भौतिक और स्थलीय निरीक्षण कर लिया जाए जिससे समय रहते भवन, रास्ता, बिजली आदि सभी सुविधाओं को ठीक किया जा सके। इस मौके पर विपिन गुप्ता सहित हरचंदपुर विधानसभा के सभी सुपरवाइजर मौजूद रहे।

दो पक्षों में मारपीट , एक गंभीर

सलोन, रायबरेली : पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले है। इसमें एक पक्ष से युवक का सिर फट गया है। पुलिस ने पिता पुत्र के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। सलोन कोतवाली क्षेत्र के बढ़ाइया मजरे दरसवा निवासी राजेश पुत्र राम आसरे और आलोक पुत्र माता प्रसाद दोनो चचेरे भाई है। आरोप है कि राजेश की पत्नी विनीता बुधवार सुबह दरवाजे पर भैंस को चारा दे रही थी। इतने में ही आलोक ई रिक्शा लेकर मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि ई रिक्शा दरवाजे पर खड़ा करने से मना करने पर विपक्षियों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान लाठी लगने से राजेश का सिर फट गया। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि घायल युवक की तहरीर पर विपक्षी पिता-पुत्र के विरुद्ध जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है।

दूसरों के हित करना सबसे बड़ा धर्म

जगतपुर, रायबरेली : संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें दूर दराज से आए साध संगतों ने सत्संग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्षता करते हुए महात्मा संजय सिंह ने की कहा कि संत महापुरुष ने हमेशा से एक निस्वार्थ से ऊपर उठकर पर हित के लिए ही जीवन दिया है। दूसरों के हित करने से बढ़कर कोई धर्म नहीं है यही कम करके हम सब अपने अंतर्मन में सुकून का सकते हैं इसी कम से दूसरों को सुकून देने का कारण बन सकते हैं। परहित सरस धर्म नहीं भाई संत महात्माओं ने प्रभु परमात्मा को ही जीवन का आधार बनाते हुए कहा कि पूरे का सब किया है पूरा। ऐसे ही भावों को मन में बिठाकर प्रभु इच्छा को अपनी इच्छा मानकर जीवन जीते हैं। फिर चाहे समय अपने पशुओं या अपने पक्ष में न होकर हर हाल में मन प्रभु के चरणों में समर्पित करके जीवन जीते जो कुछ भी हो रहा है। परमात्मा की कृपा से हो रहा है। इसे अपने लिए अच्छा मन करके प्रसन्नतापूर्वक जीवन जीते पाल-पाल जीवन में एहसास बनाए रखते हैं। इस मौके पर राम प्रसाद, राम लखन, रंजन, राम सुमेर, बाबूलाल, रतिपाल, कमल, वंदना, उषा, निर्मला, रामपति आदि साध संगत मौजूद रहे।

दिव्यांगों को सहायता उपकरण किए गए वितरित

मूक-बधिर बच्चों को श्रवण यंत्र वितरित करते गौरव सेनानी वेलफेयर टीम के पदाधिकारी

राही, रायबरेली : गौरव सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन ने मूक-बधिर विद्यालय में श्रवण यंत्र वितरित किया गया। बुधवार को गौरव सेनानी वेलफेयर एसोसिएशन ने हरचंदपुर के प्यारेपुर स्थित के एस. मेमोरियल कालेज फार रिसर्च एंड रिहैबिलिटेशन के मूक बधिर छात्र/छात्राओं को श्रवण यंत्र वितरित किए। संस्था के संस्थापक भूतपूर्व कैप्टन राजपाल सिंह भदौरिया व महासचिव जितेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि यह संस्था गरीब, पिछड़े, दलित और समाज हित में देश भर में सामाजिक कार्यों में सदैव तत्पर रहती है। सूबेदार रामबरन सिंह, इंद्रेश सिंह, शिवांसू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

पेड़ काटने की एसपी से शिकायत

ऊंचाहार, संवाददाता : क्षेत्र के पूरे लोक सिंह मजरे खरौली गांव निवासी रामू का कहना है कि उसके सगे भाई ने दरवाजे पर खड़े आम के पेड़ को जबरन काट डाला और विरोध करने पर धमकी भी दी। सोमवार को पीड़ित ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी थी, लेकिन आरोप है कि कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। बुधवार को पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है।

पुलिस गश्त की खुली पोल अज्ञात चोरों ने मवेशी किए पार

रायबरेली, अमृत विचार : पुलिस की लचर कार्यशैली की वजह से जिले में हो रही चोरियों पर लगाम नही लग पा रहा है। चोरों के द्वारा मकानों दुकानों को निशाना बनाने के साथ ही अब मवेशी भी चोरी किए जा रहे है। एसपी अभिषेक अग्रवाल जिले में आमद करने के बाद थानेदारों को ताकीद कराया था कि अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाया जाए। जिसमें चोरी आदि घटनाए प्रमुख थी। आलम यह है कि खाकी को चुनौती देते हुए चोरों द्वारा धड़ाधड़ घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। खासकर चोरों ने घटनाओं को अंजाम देने के लिए गुरबक्सगंज थाना क्षेत्र को मुफ़ीद जगह मान रखी है। इस क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदाते होती आ रही है और उन पर अंकुश लगाने में थानेदार नाकाम साबित होते रहे है। अब कई घटनाओं को तो पुलिस ने दर्ज ही नही किया है। गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के कोंसा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने खाकी को चुनौती देते हुए पुलिस गस्त की पोल खोल कर रख दिया है। चोरों ने पशुपालक लवकुश को निशाना बनाते हुए कीमती भैस व बकरियां चोरी कर लिए। सुबह जब जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। एस ओ प्रवीर गौतम ने बताया कि जानकारी हुई, जांच की जा रही है जल्द चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

न्यायालय कार्य से विरत वकीलों का प्रदर्शन

डलमऊ, रायबरेली

अमृत विचार : डलमऊ बार एसोसिएशन के पदाधिकारी द्वारा अपनी मांगों को लेकर बुधवार को न्यायालय कार्य से विरत रहते हुए प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। उग्र अधिवक्ताओं द्वारा कार्य से विरत रहने के प्रस्ताव के बावजूद तहसीलदार न्यायालय में वादों में की जा रही सुनवाई पर भड़क गए और नारेबाजी करने लगे।

डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी ने बताया कि डलमऊ तहसील के विभिन्न न्यायालय में खारिज पड़ी हजारों फाइलों को रिस्टोर नहीं किया जा रहा है और न ही दाखिल खारिज के लिए पिछले दो माह से ऑनलाइन डेटा किया जा रहा है, जिससे वह अधिकारियों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं तहसील के विभिन्न न्यायालयों में प्राइवेट कर्मियों और दलालों के माध्यम से सरकारी कार्य में नाजायज दखल के चलते न्यायिक कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है और कहां जब तक इन समस्याओं का निराकरण नहीं होगा तब तक अनिश्चितकालीन अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस मौके पर मनोज कुमार सिंह, मोहित द्विवेदी, राजीव श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार त्रिपाठी आदि के साथ अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

एक हजार मीटर बिजली तार चोरी

ऊंचाहार, रायबरेली : नई बिजली लाइन का करीब एक हजार मीटर तार चोर उठा ले गए। ठेकेदार ने कोतवाली में घटना की लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला क्षेत्र के गांव निगोहा और गोसाई का पुरवा के मध्य स्थित पुल का है। इस क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा एचटी लाइन की नई लाइन बिछाई जा रही है, जिसमें मीरापुर, दमगानियां निवासी चिरंजीवी इसमें ठेकेदारी कर रहा है। ठेकेदार का कहना है कि नहर पुल पर उसने तार के बंडल रखे थे, जिसे मंगलवार की रात चोर उठा ले गए हैं। बुधवार की सुबह जब उसके श्रमिक काम पर पहुंचे तो तार गायब देखकर दंग रह गए। कोतवाल आदर्श सिंह का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत महराजगंज-हैदरगढ़ रोड से जुड़ा पांच किमी लम्बा दरियावगंज सम्पर्क मार्ग कागजों पर तो बन गया है, लेकिन हकीकत में यह अभी भी गड्ढों में तब्दील है। अफसरों की उदासीनता से खफा ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीण कन्हैया लाल, उमेश कुमार, दीपक, बब्बू, रामचंद्र, सुरेंद्र लाल, शैलेंद्र राजपूत आदि लोगों का आरोप है कि सड़क बनी नहीं और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का बोर्ड लगा दिया गया। आलम यह है कि कार्य पूर्ति का बोर्ड छह माह पहले ही विभाग द्वारा लगा दिया गया है। लोगों ने कई जगह शिकायत भी की, लेकिन कोई जांच नहीं हुई। लगाए गए बोर्ड में प्रारम्भ होने की तिथि 30 जनवरी 2023 से पूर्ण तिथि 29 जनवरी 2024 दिखाई गई है।

अनुबंधित लागत 5 करोड़ 24 लाख 44 हजार रुपए दर्शाई गई है। जबकि सड़क पूरी तरह से गड्ढो में तब्दील है। इसकी जांच होनी चाहिए। इसमें जो भी दोषी हो उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है यदि जल्द जांच नहीं हुई तो जिला अधिकारी के यहां पहुंच कर शिकायत करेंगें। जेई गौतम सिंह यादव ने बताया कि जो ठेकेदार है उनके पास कई जिलों का काम है। दूसरी जगह का काम खत्म होने के बाद इस सड़क का निर्माण शुरू हो जाएगा। प्रचार प्रसार के लिए बोर्ड पहले लगाया गया है। कार्य समय से नहीं शुरू हुआ, जिसको लेकर ठेकेदार को नोटिस भी जारी की जा चुकी है।

भाजपा के गांव चलो अभियान कार्यक्रम ने पकड़ी तेजी

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार : भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर स्थानीय स्तर पर भी गांव चलो अभियान कार्यक्रम में तेजी पकड़ ली है। भाजपा नेता और जिला संयोजक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि भाजपा के ग्राम संयोजक और प्रवासी गांव चलो अभियान कार्यक्रम में जुड़ गए हैं। भाजपा की नीतियों के बाबत साहित्य और पत्रक के माध्यम से लोगों से जुड़ रहे हैं। सभी को किट उपलब्ध करा दी गई है। सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने ग्राम पंचायत में घर-घर संपर्क कर लोगों को भाजपा के साथ जुड़ने और जुटने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भाजपा नेता सुशील शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी की सरकार ने अपने छोटे से कार्यकाल में जनहित की योजनाओं को लांच किया है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे मौजूद रहे।

इंटर के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

महराजगंज, रायबरेली : महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में कक्षा 11 के छात्रों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अध्यापकों ने विधिवत पूजा कर सुंदरकांड का पाठ और आरती के साथ प्रसाद वितरण किया। इसमें बच्चों की सफलता एवं सर्व कल्याण की प्रार्थनाएं की। कक्षा 11 के बच्चों ने कक्षा 12 के बच्चों को टाइटल के साथ उपहार और स्वल्पाहार का भी आयोजन किया। कॉलेज के प्रबंधक अवधेश बहादुर सिंह का सभी बच्चों को जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बताया कि सफलता हर किसी के जीवन का लक्ष्य है जीवन चुनौतियां एवं अवसरों से भरा है, लेकिन केवल उन्हीं लोगों के लिए जो वास्तव में अवसरों को प्राप्त करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए संघर्ष करते हैं। इस मौके पर गिरजा शुक्ला, राजू मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, सरिता मिश्रा, नीरू बाजपेई, मंजू सिंह, लक्ष्मी सिंह, फातिमा, साधना सिंह, ज्योति जायसवाल सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

विदाई समारोह का शुभारंभ करते प्रबंधक अवधेश बहादुर सिंह।

निरीक्षक के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई

सरेनी, रायबरेली : पुलिस विभाग में काम करते हुए अगर वह समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करके दिखा दे तो उसे कोई भुला नहीं पाता। ऐसे अधिकारी व कर्मचारी हमेशा लोगों के दिलो-दिमाग में छा जाते हैं। एक ऐसे ही निरीक्षक पद से सरेनी कोतवाली से सेवानिवृत्त हुए उरेश सिंह को आज भी लोग भुला नहीं पा रहे हैं। उन्होंने हमेशा फरियादियों की फरियाद सुनी व उनका समाधान भी किया। सरेनी बाजार के निवासी आनंद लोधी ने बताया कि श्री सिंह ने उनके गुमशुदा बेटे की तलाश में भरपूर मदद की और आज भी उनके ऋणी हैं। इब्राहिमपुर की नीतू सिंह कहती हैं कि उनके पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बिठाने में श्री सिंह ने मदद की जिससे उनके सेवानिवृत्त हो जाने का उन्हें दुख है। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि उन्होंने चार माह तक उनके साथ इस तरह काम किया जैसे बड़े भाई का स्नेह छोटे को मिलता है। उन्होंने 1982 में बुलंदशहर में आरक्षी पद से अपनी सेवाएं शुरू की थी। वे कानपुर देहात के गजनेर थाना क्षेत्र के हेराजोर गांव के निवासी थे।

निरीक्षक उरेश सिंह के सेवानिवृत्त होने पर माल्यार्पण करते पुलिस कर्मी

31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद जब वे सरेनी से जाने लगे तो कई लोगों की आंखें भर आईं।

श्रद्धा | कबिरादान मजरे बैंती में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

परमेश्वर का ध्यान लगाने से मोक्ष की होती है प्राप्ति

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार: क्षेत्र के कबिरादान मजरे बैंती में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ प्रवचन के चौथे दिन मंगलवार को कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बडे.ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की के भजनों एवं जयकारों के साथ झूम उठे।

मथुरा से आए कथा वाचक शिवनरायण दास जी महराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का बखान करते हुए कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक मोह में फंस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकाल कर परमेश्वर का ध्यान लगाता है तो वह मोक्ष की प्राप्ति करता है।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से किया जा रहा है। शिवराज रावत ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हवन पूजन कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कमल किशोर रावत, ओम प्रकाश अवस्थी, अनिल यादव, संदीप, पंकज कुमार, रोहित रावत, संतोष यादव, उमेश कुमार, रिंकू, मोलहे, बुधई लोधी, संतपाल यादव आदि मौजूद रहे।

कथा वाचक शिवनरायण दास जी महराज।

श्रीमद्भागवत का रसपान पाने के लिए भक्तों का उमड़ा सैलाब

सरेनी, रायबरेली : विकास खंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पूरेचंदू मजरे काल्हीगांव में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन श्रीमद्भागवत का रसपान पाने के लिए भक्तों का सैलाब कथा स्थल पर उमड़ पड़ा। कथावाचक श्रीश्री 108 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का समापन करते हुए कई कथाओं का भक्तों को श्रवण करवाया, जिसमें प्रभु कृष्ण की 16108 शादियों के प्रसंग के साथ रुक्मिणी हरण, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथाएं सुनाई। उन्होंने बताया सुदामा जी के पास कृष्ण नाम का धन था। संसार की दृष्टि में गरीब तो थे, लेकिन दरिद्र नहीं थे। अपने जीवन में किसी से कुछ मांगा नहीं। पत्नी सुशीला के बार-बार कहने पर सुदामा अपने मित्र कृष्ण से मिलने गए। भगवान के पास जाकर भी कुछ नहीं मांगा। भगवान अपने स्तर से सब कुछ दे देते हैं। सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही, जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। साथ ही भक्तों को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, तो वहीं इसे करवाने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। इस मौके पर गिरजा शंकर दीक्षित, हरी शंकर दीक्षित, उमेश चंद्र दीक्षित, ऋषि दीक्षित, दिनेश दीक्षित, राधे बाजपेई, रामजी पांडेय, कृष्ण कुमार अग्निहोत्री, गोवर्धन अग्निहोत्री, सधन अग्निहोत्री, करूणा शंकर शुक्ला, कृपा शंकर शुक्ला, हरी शंकर त्रिवेदी, राजकुमार मिश्रा, आनंद त्रिवेदी, शिवतोष संघर्षी, प्रभात सिंह, त्रिलोकचंदी, तरुण बाजपेयी, आशुतोष बाजपेई, चक्रधर सिंह, कमलेश दीक्षित, गंगा सागर शुक्ला, हैप्पी मिश्रा, आदर्श तिवारी, राजेंद्र त्रिवेदी, सत्यम त्रिवेदी, रविशंकर मिश्रा, शीलू सिंह (समाजसेवी), पुनीत त्रिवेदी, रजत बाजपेई, सीएल त्रिवेदी, शिवशंकर सिंह, दिनेश सिंह, मुन्नू दीक्षित, रामू सिंह, पिंटू शर्मा आदि मौजूद रहे।

फरवरी की सर्दी में राजनीतिक गर्मी लाएंगे अखिलेश

▸▸ कांग्रेस गढ़ में राहुल के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर इंडिया को करेंगे मजबूत

दिलीप सिंह, रायबरेली

राहुल गांधी

अखिलेश यादव

अमृत विचार : बर्फीली हवाओं तो कभी बारिश से सर्दी कम नहीं हो रही है, लेकिन इधर जिले में राजनैतिक गर्मी सपा मुखिया अखिलेश के आने की घोषणा के बाद से जरूर बढ़ गई है। जी हां हम बात कर रहे हैं उस पत्र की, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने रायबरेली अथवा अमेठी में कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की सहमति जता दी है। इसके साथ ही जिले का राजनैतिक पारा चढ़ गया है। कहीं ना कहीं इसे इंडिया गठबंधन की मजबूती से भी जोड़ते हुए भाजपा के खिलाफ एक मजबूत कदम बताया जा रहा है।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा कांग्रेस के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की अटकलों को बुधवार विराम लग गया। अखिलेश यादव ने खुद रायबरेली में शामिल होने की बात कही है। सपा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के रायबरेली आगमन को लेकर जहां सपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। वही कांग्रेसी भी खुश नजर आ रहे है। उनका कहना है कि अखिलेश के आने के कांग्रेस की न्याय यात्रा को बल मिलेगा। इसके साथ ही दोनों पार्टियों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी जुटेंगे। बुधवार को जैसे ही अखिलेश ने जनपद में आने की घोषणा की वैसे ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे ने अखिलेश से यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया था। जिसके बाद अखिलेश ने रायबरेली अथवा अमेठी में आकर यात्रा में शामिल होने की बात कही थी। लेकिन बुधवार को उन्होंने खुद रायबरेली आने की बात कही है। उन्होंने कहाकि लखनऊ के सबसे करीब रायबरेली है और वह वही जायेंगे और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। इससे पहले मंगलवार को पत्र के माध्यम से कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करके पीडीए की रणनीति से जुड़ेगी और हमारे सामाजिक न्याय और परस्पर सौहार्द के आंदोलन को आगे ले जाएगी। इंडिया की टीम व पीडीए की रणनीति, जीत का न्याय इतिहास लिखेगे।

रायबरेली में कमल खिलाना भाजपा के लिए चुनौती

अमेठी जीत के बाद इस बार भाजपा ने कांग्रेस के दूसरे गढ़ रायबरेली में भी कमल खिलाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मुख्यमंत्री से लेकर पार्टी के दिग्गज तक यहां पर आ चुके हैं। लगातार पदाधिकारियों द्वारा कमल खिलाने का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं कांग्रेस किसी कीमत पर यह स्वीकार करने को तैयार नहीं है। यही वजह है कि गढ़ को और मजबूत करने के लिए कांग्रेस पूरा दम खम लगाए हुए है। ऐसे में सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव का साथ मिलने से कहीं न कहीं कांग्रेस का मनोबल बढ़ेगा।

सपा मुखिया के यात्रा में शामिल होने का हम सभी लोग स्वागत करते हैं। हर किसी को इंतजार है। यह यात्रा एक बदलाव का संकेत होगा, जो पूरे देश में जाएगा।

–पंकज तिवारी
जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भी 2024 में सरकार बननी तय है। यात्रा का कोई फर्क चुनाव में नहीं पड़ेगा। अमेठी के साथ इस बार रायबरेली में भी कमल खिलना तय है।

–बुद्धिलाल पासी
जिलाध्यक्ष भाजपा

राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के आने से जिले में पीडीए और इंडिया दोनों मजबूत होगी। इसका संदेश प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में जाएगा। कहीं ना कहीं भाजपा को करारा जवाब भी मिलेगा। हम सभी को बेसब्री से इंतजार है।

–इं. वीरेन्द्र यादव
जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी

बैनामा दफ्तर तक पहुंचना मुश्किल, जिम्मेदार अंजान

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार : जिस तहसील कार्यालय के अधिकारियों के ऊपर पूरे क्षेत्र के लोगों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है। वही तहसील कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी अपनी ही तहसील परिसर में कीचड़ व ध्वस्त रास्ते से अंजान बने हुए हैं। सरकार का सबसे कमाऊ विभाग रजिस्ट्रार ऑफिस तहसील लालगंज परिसर में पीछे बना हुआ है, जिसका रास्ता तहसील गेट के सामने से सीधे निकलकर जाता है। रास्ता तालाब में परिवर्तित हो गया है। लोगों को कीचड़ में होकर जाना पड़ता है।

वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक शुक्ला, सुंदर बाजपेई, राम नारायण श्रीवास्तव, बैनामा लेखक संतोष कुमार सिंह, चंद्र कुमार बाजपेई, नीरज वाजपेयी, मनोज श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव आदि ने बताया कि रास्ता ठीक करने के बाबत कई बार शिकायत की गई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। गंदगी का भी अंबार लगा हुआ है।

तहसील की बाउंड्री भी पीछे गिर गई है, जिसको तार आदि लगाकर किसी तरह बंद किया गया है, लेकिन फिर भी चोरी आदि का भय बना रहता है।

पूर्व में स्टांप बेंडर रामनारायण पांडे की दुकान में चोरी भी हो चुकी है। रास्ते की मरम्मत न होने और साफ सफाई की व्यवस्था नहीं होने से सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को भी पलीता लग रहा है, जबकि तहसील के ही अधिकारी अलग-अलग गांव में जाकर स्वच्छ भारत अभियान का राज अलापते हैं। लेकिन उन्हें अपनी ही तहसील की गंदगी और कीचड़ भरे रास्ते नहीं दिखाई पड़ते हैं। बैनामा लेखकों ने कहा है कि अगर सुनवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की जाएगी।

पंखे से लटकता मिला युवती का शव

▸▸ वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे परिजन, पुलिस ने शुरू की जांच

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव पंखे से लटकता मिला। परिजन आत्महत्या करने की बात कह रहे हैं। घटना के समय मृतका के माता-पिता वैवाहिक समारोह में शामिल होने गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सलोन कोतवाली क्षेत्र के झाऊ का पुरवा मजरे बिसाइया गांव की रहने वाली शिल्पा (18) पुत्री राम उन्जेर पटेल बुधवार सुबह सात बजे घर के पहली मंजिल की छत से पंखे में दुपट्टा बांध कर फांसी के फंदे से झूल गई।

युवती का छोटा भाई अनुराग जब कमरे में पहुंचा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। युवक के शोर मचाने पर मृतका की चाची चित्रलेखा भी कमरे में पहुंच गई। इसके बाद घटना की सूचना अपने पति दिलीप को दूरभाष से दी। वही युवती के फांसी लगाने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई।

घटना की सूचना पर सलोन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता राम उन्जेर ने बताया की घटना के समय वह अपनी पत्नी कृष्णावति बड़ी बेटी शिवनी और भाई दिलीप के साथ अपने ससुराल हंदीपुर पचखरा थाना ऊंचाहार में निमंत्रण गया हुआ था।बेटी ने क्यो ऐसा कदम उठाया है परिवार के लोग हैरान है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि सुबह 11 बजे पुलिस को युवती के आत्महत्या किये जाने की सूचना दी गई थी। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया।

साइकिल सवार वृद्ध को डंपर ने कुचला, मौत

डलमऊ, रायबरेली : साइकिल से घर जा रहे एक वृद्ध को तेज रफ्तार गति से आ रहे अनियंत्रित ड्रंपर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर सूरजपुर बनापार निवासी सत्यनारायण बुधवार शाम को साइकिल से कुटिया चौराहा सामान खरीदने के लिए गए हुए थे। वहां से वापस आ रहे थे, तभी बनापार गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार से डंपर ने कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। घटना में वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई, जब तक लोग समझ पाते चालक डंपर को लेकर मौके से फरार हो गया।

मुख्य आरोपी से दूर खाकी, दहशत में ठेकेदार

फॉलोअप

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : सोमवार को पीडब्ल्यूडी परिसर में ठेकेदार पर हुए हमले के बाद पुलिस की बड़ी किरकिरी हुई थी। दिनदहाड़े हुई वारदात से कार्यालय व आसपास के लोग सहम गए थे। विभाग के रजिस्टर्ड ठेकेदार पर हुए हमले के बाद पहुंची पुलिस ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सफलता हाथ नही लगी थी।

अभी एक युवक को पकड़ा गया है, उसने और भी नाम बताए है। पुलिस दबिश दे रही है। जल्द ही घटना से जुड़े सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएगे

–सीओ सिटी अमित सिंह

कोतवाली पुलिस ने एसपी के सख्त तेवरों के बाद दो दिन में मामले से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि है शहर के इंदिरा नगर निवासी आनंद तिवारी लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारी करते है। सोमवार को कार्यालय परिसर में उस समय हमला हुआ था। जब वह अपने साथी के साथ अपनी गाड़ी में बैठे थे। इसी दौरान आये हमलावरों ने लोहे की राड आदि से हमला बोल दिया था। जिसमें उसकी गाड़ी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई थी। वही बुधवार को मामले से जुड़े एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

आदर्श को अपराध शाखा, ओपी तिवारी को बनाया एसपी का पीआरओ

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने जिले में आने के बाद पहली बार पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी ने बुधवार शाम को चार निरीक्षकों सहित छह उप निरीक्षकों का तबादला किया है। उन्होंने ऊंचाहार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रहे आदर्श सिंह को चार्ज से हटाते हुए अपराध शाखा भेजा है। अब उनकी जगह थाना साइबर क्राइम में प्रभारी रहे अनिल कुमार सिंह को नया थाना प्रभारी बनाया है। वही निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी को पुलिस लाइन से एसपी का पीआरओ बनाया गया है। निरीक्षक विंध्य विनय यादव को पुलिस लाइन से थाना साइबर क्राइम का प्रभारी बनाया गया है। जबकि उपनिरीक्षक श्रवण कुमार श्रीवास्तव को प्रभारी चौकी गुमावा बनाया गया है। कोतवाली सदर में वरिष्ठ उप निरीक्षक रहे अजय कुमार मिश्रा को चौकी प्रभारी गुलुपुर बनाया गया है। डलमऊ थाने में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रहे विवेक त्रिपाठी को चौकी प्रभारी नरपतगंज बनाया गया है। जबकि मनोज कुमार यादव चौकी प्रभारी नरपतगंज को थाना डीह भेजा गया है। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गुलुपुर चौकी प्रभारी रहे अनिल कुमार यादव को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया गया है। वही गुमावा चौकी इंचार्ज रहे भारत सिंह तोमर को जगतपुर थाने में तैनाती दी गई है।

मजाक बन कर रह गई मानक ब्यूरो की कार्यशाला

नसीराबाद, रायबरेली : छतोह ब्लॉक में भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ शाखा द्वारा नियुक्त शारदा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मानक संबंधी ग्राम पंचायत अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित की गई, जो पूरी तरह से अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गई। सही तरीके से प्रचार-प्रसार न हो पाने के कारण 44 ग्राम पंचायतों में से आधे गांवों के प्रधान भी उपस्थित नहीं हो सके, इसके पूर्व ही प्रशिक्षक कार्यशाला का समापन करके चले गए। खंड विकास अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप वर्मा और प्रभारी एडीओ पंचायत नागेश कुमार लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने चले गए थे। जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर जनपद के सभी ब्लाकों में ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कार्य प्रणाली एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाना था। इसी क्रम में विकासखंड छतोह के सभागार में भी बुधवार को कार्यशाला आयोजित की गई, जो महज खाना पूर्ति होकर रह गई। नामित संस्था द्वारा भेजे गए प्रशिक्षक संदर्भ दाता और संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही ने सरकार की मंशा पर पानी फेर दिया और महज 14 से 15 लोगों को प्रशिक्षित करके दायित्व की इतिश्री कर ली गई।

परशदेपुर ने सलोन को हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार : गेवड़े मैदान में चल रहे जनसत्ता दल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बुधवार को परशदेपुर ने सलोन को हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच प्रतापगढ़ के राहाटीकर व कारगिल शहीद स्पोटिंग क्लब परशदेपुर के बीच खेला गया।

राहाटीकर के कप्तान रवि कुमार ने टास जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए परशदेपुर ने निर्धारित 12 ओवरों में 229 रनों का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें 48 गेंद खेलकर 20 छक्के की मदद से किशन ने 156 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में राहाटीकर निर्धारित 12 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 134 रन ही बना पाई। परशदेपुर 96 रनों से मैच जीतकर फाइनल में पहुंच गया।

बुधवार को ही हुए फाइनल मुकाबले में सलोन के सांडा सैदन के कप्तान मो. सलमान ने टास जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 15 ओवरों में 160 रन बनाए। शम्सी रिजवी ने शानदार तीन विकेट लिए। जवाब परशदेपुर ने आठ ओवर में ही निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर सात विकेट से मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह परिहार ने विजेता टीम को 21 हजार व उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान दिया। इस मौके पर असहाब अहमद, लालबाबू, शारिम नकवी, रवि सिंह, आरिफ़ नकवी, जैद हारिश, बाबर हादी, अतीक अंसारी,अब्दुल समी खान, कबीर आदि मौजूद रहे।

जो शेष है वही अनंत है : आशुतोष त्रिपाठी

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : पड़री गणेशपुर गांव में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा अमृत उत्सव में द्वितीय दिवस में कथा व्यास पंडित आशुतोष जी महाराज ने कहा कि जो शेष से वही अनंत है, जो अनंत है वही भगवान है। वही पूरी सृष्टि को चला रहे हैं। कुछ न रहने पर भी कुछ है क्योंकि कुछ बना है। कोई रचना हुई है। यह निश्चित है कि रचनाकार जरूर है। इसलिए हमने उसको माना और स्वीकार किया। देखा नहीं है परंतु माना है।

निराकार ब्रह्म यह संकल्प लेता है एक हूं और एक से बहुत हो जाऊं। यहीं से सृष्टि का क्रम प्रारंभ होता है। इसी क्रम में आगे सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण उत्पन्न होता है। फिर इसी क्रम में आगे शेष शैया पर भगवान नारायण का प्राकट्य होता है। ब्रह्मा ने भगवान नारायण के आदेश पर मानसिक सृष्टि के द्वारा सनकादिक ऋषियों को उत्पन्न किया। पंडित आशुतोष जी महाराज ने कहा कि सनकादिक ऋषियों ने वरदान मांगा हमारी अवस्था सदैव 5 वर्ष के बालक की जैसी बनी रहे। माया, ममता हमारे निकट न आवें और भगवान की भक्ति में हम लीन रहें।

यह वरदान देने से ब्रह्मा की योजना बिगड़ गई। वह सृष्टि का विस्तार करना चाहते थे। जब सदैव पांच ही वर्ष के बने रहेंगे तो इनके द्वारा सृष्टि कैसे होगी। ब्रह्मा को क्रोध आया। क्रोध आने पर दोनों भृकुटियों के बीच रूदन करते हुए एक बालक का प्राकट्य हुआ। रुदन करता हुआ शिशु प्रकट हुआ जो नील लोहित वर्ण का है रूदन कर रहे थे। इसलिए इनका नाम रूद्र ही रखा गया। जजमान राकेश मोहन मिश्रा और चंद्रेश मिश्रा के अलावा प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, चंद्रमणि वाजपेई, पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी मिश्रा, राजदुलारी मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, पुत्तीलाल तिवारी, रचना त्रिपाठी, उर्मिला मिश्रा मौजूद रहे।

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रात: 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

एक नजर

युवक पर बेटी को भगा ले जाने का लगाया आरोप

माधौगंज, हरदोई। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री शुक्रवार के दिन घर से एक हॉस्पिटल कस्बे को जाने की बात कहकर गई थी। विपक्षी जनपद लखीमपुर खीरी निवासी मनोज बहला-फुसलाकर लेकर कहीं चला गया। तलाश करने पर नहीं मिल सके।

घर में चोरी, रिपोर्ट दर्ज

माधौगंज हरदोई। थाना क्षेत्र के सुमेरगंज निवासी द्वारिका प्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की रात वह मकान में सो रहा था। मकान में दरवाजा न होने के कारण चोरों ने घर में रखा पांच बोरी धान, पांच बोरी गेहूं, एक गैस सिलेण्डर, सरसों का तेल, 10 हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

डॉ. शरद वैश्य बने जिला क्षय रोग अधिकारी

हरदोई, अमृत विचार। सीएचसी संडीला के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शरद वैश्य जिला क्षय रोग अधिकारी बनाए गए हैं। सीएमओ डॉ. रोहताश कुमार ने इसकी पुष्टि की। सीएमओ ने बताया कि डॉ. शरद वैश्य को जिला क्षय रोग अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

अश्लील हरकत करने वाला युवक दबोचा गया

मल्लावां, हरदोई। महिलाओं से अश्लील फब्तियां कसने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मल्लावां पुलिस ने सुनासीर नाथ मंदिर में महिलाओं और लड़कियों से अश्लील फब्तियां करने पर सुनासी मढ़िया निवासी जितेन्द्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 294 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

राशन कार्डधारकों को नहीं मिल रहा पूरा खाद्यान्न

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। जीरो टालरेंस की नीति पर चलने का दावा कर रही भाजपा सरकार में राशन कार्ड धारकों के साथ अन्याय हो रहा है। कार्ड धारकों को सरकारी राशन विक्रेता पूरा खाद्यान्न नहीं दे रहे हैं, ग्रामीणा इसकी शिकायत करते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है।

केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय खाद्यान्न योजना जिसमें देश के लगभग 81 करोड़ लोगों को खाद्यान्न योजना का लाभ मिलने का दावा किया जा रहा है। लेकिन सबसे मजे की बात तो यह है कि योजना के पात्र राशन कार्ड धारकों को आज तक योजना में पूरा खाद्यान्न प्राप्त ही नहीं हो पा रहा है। हरदोई जिले के विकास खण्ड शाहाबाद ग्रामीण में 84 सरकारी गल्ले की दुकानें संचालित हैं। जिसमें किसी भी दुकान पर पूरा राशन कार्ड धारकों को नहीं दिया जा रहा है। जानकारों का मानना है

कि प्रति यूनिट आधा किलो से एक किलो तक राशन काटकर दिया जा रहा है। इस घटतौली पर कुछ कोटेदारों से पूछा गया तो उनका कहना था कि घटतौली करना मेरी मजबूरी है। मुझे खाद्यान्न कम दिया जाता है। यदि हम लोग शिकायत करें तो उल्टी कार्यवाही की धमकी दी जाती है। इससे पहले घटतौली की शिकायत पर उप्र सरकार द्वारा गोदाम से गल्ले का उठान बंद कर डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम लागू कर दिया जिसमें ठेकेदारी प्रथा लागू की। लेकिन भ्रष्टाचार की दीमक यहां भी सक्रिय हो गयी। कोटेदारों का कहना है कि सत्ता पोषित ठेकेदारो से कौन विवाद मोल ले। जैसा चल रहा है वह ठीक है।कुछ कोटेदारों ने दबी जुबान से बताया कि पूर्ति विभाग के अधिकारियों को भी समझना पड़ता है। ऐसे में उप्र सरकार की जीरो टालरेंस की नीति पूरी तरह से अमल में नहीं आ पा रही है।

सत्ताधारी दल के स्थानीय नेताओं को भी केवल वोट से मतलब है। सरकार की योजना धरातल पर किस तरह उतर रही है वह जानने का प्रयास तक नहीं करते हैं।ऐसे में गरीबों के हकों पर रात दिन डाका पड़ता रहता है और गरीब अन्दर ही अन्दर घुट कर रह जाता है।

गैंगरेप में दो अभियुक्तों को 20-20 साल की कड़ी कैद

हरदोई

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश कुलदीप सिंह ने गैंगरेप के मामले में दो आरोपितों को जुर्म साबित होने पर 20-20 साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है।

जज ने आरोपितों पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता सत्यम तिवारी व कृपाल राठौड़ ने बताया कि थाना मल्लावां क्षेत्र के शाहपुर हरैया निवासी सर्वेश कुमार व विजय कुमार ने गांव की महिला के साथ गैंगरेप किया। इस मामले की रिपोर्ट पीड़िता ने दर्ज कराई थी। कहा कि घटना 14 मार्च 2018 को वह शौच के लिए गई थी। इस दौरान पहले से ही घात लगाए बैठे आरोपितो ने उसे एक खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर गाली गलौज करके जानमाल की धमकी दी।

गर्भवती होने पर छोड़कर भागा प्रेमी, युवती ने दे दी जान

प्रेमी के गांव के बाहर बाग में लगाई फांसी, दो सुसाइड नोट बरामद, प्रेमी सहित 12 लोगों को ठहराया जिम्मेदार

माधौगंज, हरदोई

अमृत विचार। मांग में सिंदूर भरने के बाद युवक अपनी प्रेमिका के साथ रहने लगा, लेकिन जब युवती गर्भवती हो गई तो बहाने से उसका गर्भपात कराया और छोड़कर भाग गया। प्रेमी की बेवफाई से आहत होकर युवती ने प्रेमी के गांव बाहर एक बाग में फांसी लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों ने युवती का शव फंदे पर लटका होने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल से एक बैग बरामद किया जिससे दो सुसाइड नोट बरामद हुए हैं। उनमें प्रेमी की बेवफाई का ज़िक्र करते हुए उसने अपनी मौत के लिए 12 लोगों को

आरोपी प्रेमी व मृतका प्रेमिका की फोटो।

ज़िम्मेदार ठहराया है। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने वहां पहुंच कर गहराई से छानबीन शुरू कर दी है।

माधौगंज थाने के चन्दौली गांव के बाहर बुधवार को आम के बाग़ में लगभग 24 वर्षीया युवती का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। युवती की पहचान लक्ष्मी देवी पुत्री कमलेश निवासी मनसुख पुरवा थाना बघौली के रूप में हुई। पुलिस को वहीं से एक बैग मिला। एसएचओ माधौगंज ध्रुव कुमार भी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे।साथ ही एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने गांव पहुंच कर पूछताछ की है। मौके से मिले दो सुसाइड नोट में लिखा गया है कि वर्ष 2022 में उसकी चन्दौली के मजरा रमुआपुर के अमन पुत्र भूपलाल से मुलाकात हुई और दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे।

अमन उसे मंदिर में ले गया जहां उसने उसकी मांग में सिंदूर भरा और फिर अपने पिता भूपलाल के हां करने पर वह उसे पंजाब के मुबारकपुर में पत्नी की तरह रखने लगा। उसी बीच लक्ष्मी गर्भवती हो गई तो अमन ने उसे बहाने से दवाई खिला कर गर्भपात करा दिया और खुद कहीं भाग गया। इन सारी बातों को जानने के बाद लक्ष्मी के पिता ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन वहां के प्रधान की सांठ-गांठ के चलते पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। दोनों सुसाइड नोट में मौत के लिए जिन 12 लोगों को ज़िम्मेदार ठहराया गया है उनमें अमन, उसके घर वाले और प्रधान शामिल हैं। लोगों का कहना है कि लक्ष्मी के गांव और रमुआपुर के बीच काफी दूरी है।

आरोपियों के बताए नाम

मृतका लक्ष्मी के बैग से जो सुसाइड नोट बरामद किए गए हैं उनमें सारे आरोपियों के नामों का खुलासा किया गया है। उसमें प्रेमी अमन के अलावा उसकी मां और पिता भूपलाल के साथ भाई रमेश, भाभी कंचन, बहन रूबी, बहनोई बब्लू, बहन विमला, बहनोई नीरज, भतीजा अंकेश, भतीजी राखी और प्रधान बिहारी को शामिल किया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी लगने से मौत की पुष्टि

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लक्ष्मी की मौत हैंगिंग यानी फांसी से होने की बात कही गई है, लेकिन उसके साथ रेप तो नहीं हुआ, इसका पता लगाने के लिए उसकी स्लाइड भी बनाई गई है। बताया गया है कि स्लाइड की रिपोर्ट आने के बाद रेप किए जाने की हो रहीं बातों का जवाब मिल जाएगा।

वीडियोग्राफी के बीच पैनल के सामने हुआ पोस्टमार्टम

चन्दौली गांव के बाग़ में लटकते पाए गए युवती के शव और बरामद हुए सुसाइड नोट के बाद से कहानी का रुख दूसरी तरफ घूम गया,इस लिए पुलिस ने पोस्टमार्टम में दूध का दूध और पानी का पानी अलग-अलग करने के लिए डाक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किए जाने की सिफारिश की थी,उसी के तहत डाक्टरों के पैनल की मौजूदगी और वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया गया।

तहसील मुख्यालय पर लगेगा एक और फीडर

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। लोकल फाल्ट में सुधार करने के लिए तहसील मुख्यालय पर दूसरे फीडर की स्थापना करने का कार्य युद्धस्तर प्रारंभ कर दिया गया है। तहसील के नए फीडर के लिए ट्रॉली भी आ चुकी है। पेड़ कटाई और लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। तहसील मुख्यालय पर बिजली व्यवस्था काफी गड़बड़ थी जिसको लेकर उपभोक्ता काफी परेशान थे, अधिकारियों के प्रयास से बिजली विभाग ने तहसील मुख्यालय पर दूसरे फीडर की स्थापना करने की स्वीकृति शासन से ले ली थी। अब स्वीकृति मिलने के बाद बिजली विभाग को तहसील मुख्यालय के दूसरे फीडर के लिए ट्रॉली उपलब्ध हो गई है। जल्द ही तहसील का दूसरा फीडर स्थापित हो जाएगा और यहां के उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

मेडिकल कालेज से ब्राड डेड अधेड़ का लापता हो गया शव

हरदोई

अमृत विचार। मेडिकल कॉलेज से एक मृत का शव लापता हो गया। मंगलवार की देर रात अधेड़ को इलाज के लिए मेडिकल कालेज के इमरजेंसी में लाया गया, डाक्टरों ने उसे देखते ही ब्राड डेड बता दिया। उसके बाद से ही घर वाले तो गायब हुए ही, साथ में शव का भी कुछ पता नहीं चला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई है।

मंगलवार की देर रात को सुरसा थाने के मलिहामऊ के कुछ लोग एक अधेड़ को बेहोशी हालत में मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, वहां इमरजेंसी में सारी लिखा-पढ़ी की गई। आशीष कुमार नाम के एक युवक ने अधेड़ को अपना पिता और उसका नाम शैलेन्द्र कुमार बताया। डाक्टर इलाज करते लेकिन उससे पहले ही अधेड़ की मौत हो चुकी थी। डाक्टरों के ब्राड डेड कहते ही उसके साथ आए लोग एक-एक कर कहीं गायब हो गए,जब डेड बॉडी को मर्चरी में बंद कराने की बात आई तो देखा गया वहां से शव भी गायब था। काफी तलाश के बाद उसका कोई पता नहीं चला। उसके बाद वहां ड्यूटी पर तैनात ईएमओ (इमरजेंसी मेडिकल आफिसर) ने पुलिस को जानकारी दी। सारे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है।

एक ही कार्य का कई बार कराया भुगतान

कोथावां, हरदोई

अमृत विचार। जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमितता और अनुपयोगी कार्य कराकर सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है। जिला मुख्यालय के विकास खण्ड कोथावां के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत महमूदपुर अल्हौआ पोस्ट रायपुर निवासी ग्रामीणों राजेंद्र, ओमप्रकाश, सन्तोष कुमार, मेवालाल, महिपाल, जगदीश आदि लोगों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित शिकायती पत्र व जनसुनवाई के माध्यम से बताया कि में सरपंच, सचिव का बेलगाम राज चल रहा है, इनको मनमानी करने की खुली छूट मिली हुई है, ग्राम पंचायत में कराए

ज्ञापन सौंपते किसान मजदूर यूनियन के तहसील अध्यक्ष। अमृत विचार

गए विकास कार्यों में फर्जीवाड़ा करके लाखों रुपये का गबन व हेराफेरी की गई है, एक ही कार्य को कराने के लिए दो से तीन बार पैसे निकाले गए, पहले भी ऐसे तमाम काम कराए गए जिनमें कमाई का रास्ता नजर आया, यहां तक कि कई अनुपयोगी काम भी करा दिए गए हैं, ऐसे तमाम निर्माण कार्य कराके जिम्मेदारों ने अपना-अपना हिस्सा तो ले लिया पर ये निर्माण कार्य घटिया होने से बर्बादी की कगार पर हैं। इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है, ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से उचित जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।

वहीं भारतीय किसान यूनियन दशहरी संगठन के तहसील सण्डीला अध्यक्ष ठाकुर सत्येंद्र सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी महेश चन्द्र को सम्बोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत सुधाकर बाजपेई को सौंपते हुए ग्राम पंचायत महमूदपुर के अन्तर्गत कराए गए विकास कार्यों के एवज में निकाली गई धनराशि की जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की मांग की है।

अशोक अध्यक्ष व विद्याभूषण बने महामंत्री

हरदोई

अमृत विचार। स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी तथा नगर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम बुधवार को नगर पालिका में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सुख सागर मिश्र 'मधुर' अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, हरदोई व विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार सोलंकी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं बालेश्वर मिश्रा प्रान्तीय अध्यक्ष, स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ उप्र एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इण्डिया म्युनिसिपल वकर्स फेडरेशन नई दिल्ली उपस्थित रहे।

स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारणी में अशोक सिंह जिलाध्यक्ष, विद्या भूषण सिंह महामंत्री, विजय तिवारी उपाध्यक्ष, जेबी सिंह उपाध्यक्ष, संजय कुमार मंत्री, राकेश दीक्षित संगठन मंत्री, अनूप गुप्ता प्रचार

नव गठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाते नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र। अमृत विचार

मंत्री, परवेज खां उपमहामंत्री, आशीष अवस्थी कोषाध्यक्ष, रामविलास प्रचार मंत्री, मोहित सिंह ऑडिटर चुने गये।

नगर पालिका परिषद, हरदोई की नगर कार्यकारिणी में आदित्य श्रीवास्तव, कमल किशोर मिश्रा, अनिल यादव संरक्षक मण्डल, संतोष यादव नगर अध्यक्ष, मनोज शुक्ला नगर महामंत्री, विनोद पुत्र मुन्ना उपमहामंत्री, गिरजाशंकर श्रीवास्तव एवं अनिल कुमार पाठक उपाध्यक्ष, इमरान व पुनीत कुमार संगठन मंत्री, विजयकरन, मनोज कुमार, विमलेश यादव व राहुल कश्यप मंत्री, अमित कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, महेन्द्र कुमार व संतोष कुमार प्रचार मंत्री, राजेन्द्र अवस्थी ऑडिटर, कार्यकारणी सदस्य मुकेश कुमार, दिनेश यादव व उपदेश चुने गये। ऑल इण्डिया म्युनिसिपल वकर्स फेडरेशन नई दिल्ली में दुलीचन्द को जिलाध्यक्ष चुना गया। श्री बालेश्वर मिश्रा प्रान्तीय अध्यक्ष ने शपथ दिलाई। अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी तथा कर्मचारियों के हितों में कार्य करने की अपेक्षा की। श्री सुख सागर मिश्रा मधुर ने अपेक्षा की नई कार्यकारिणी कर्मचारियों के हितों में कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि पालिका बोर्ड कर्मचारियों की समस्याओं के निदान हेतु सदैव प्रयत्नशील है। उन्होंने बताया कि पालिका द्वारा कर्मचारियों के बकाया भुगतान किया जा चुका है। जो रह गया है, उसके लिए पालिका प्रयासरत है। पालिका कर्मचारियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

डीएम ने सफल पर्वतारोहण अभियान के लिए अभिनीत को दिया प्रमाण पत्र

कछौना, हरदोई। कस्बे के एकमात्र पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने बुधवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने अभिनीत मौर्य को उनके हाल के अफ्रीका महाद्वीप में उनके माउंट किलिमंजारो के पर्वतारोहण अभियान के लिए उन्हें बधाई दी। जिलाधिकारी ने उनके सफल पर्वतारोहण अभियान के लिए प्रमाणपत्र प्रदान किया। जनपद के कोथावां विकास खण्ड के आंट-सांट ग्राम के मूल निवासी पर्वतारोही अभिनीत ने 26 जनवरी को सुबह छह बजकर 43 मिनट पर 19341 फ़ीट ऊंची माउण्ट किलिमंजारो की चोटी पर तिरंगा फहराया था। उन्होंने चोटी से प्रकृति संरक्षण का संदेश बैनर के माध्यम से दिया। मौसम की प्रतिकूलता भी उनके हौसलों को डिगा नही सकी। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अभिनीत की सफलता को लेकर कहा कि अभिनीत जैसे युवाओं का अप्रतिम साहस जनपद के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने पर्वतारोही अभिनीत को उनके आगामी अभियानों के लिए शुभकामनाएं दीं।

सार-संक्षेप

माता सीता की विदाई का किया गया मंचन

हरदोई, अमृत विचार। नुमाइश मेला मैदान में चल रही रामलीला में बुधवार को सीता विदाई का मंचन किया गया। वृंदावन धाम से आए श्री गोविंद गोपाल लीला संस्थान जिसके संचालक स्वामी कन्हैयालाल के कुशल निर्देशन में लीला के तहत माता-सीता की विदाई। जिसमें की महाराजा जनक और दशरथ का मिलन और दशरथ का जनक से अयोध्या जाने की आज्ञा मांगते हैं तो जनक जी बड़े प्रसन्न मन से उनको विदा करते हैं। उसके बाद जनक और माता सुनैना माता सीता को विदा करती हैं, उन्हें भली प्रकार से समझाती है कि एक वधू को क्या-क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए। सारे स्त्री धर्म को समझती है और उनको विदा कर देती है, उन्हीं के साथ और तीनों बहनों को विदा करती है। श्रुति कीर्ति, मांडवी उर्मिला, सभी अयोध्यावासी प्रेम पूर्वक वहां विदा होकर आ जाते हैं। अपने नगर में आकर प्रभु श्री राम अपनी माताओं से मिलते हैं। तीनों माताएं आरती उतारती हैं। चारों दुल्हन एवं दूल्हा उसके बाद महलों में प्रवेश करते हैं। माता कौशल्या सीता जी की नजर उतरती हैं उन पर बलिहारी जाती है उसके बाद तीनों माताओं ने विवाह की संपूर्ण रीति पूर्ण की और अयोध्या में मंगल गीत गाए जा रहा है। यह सब दृश्य देखकर भक्त बड़े भावुक हुए। रामलीला एवं मेला कमेटी के आयोजक रामप्रकाश शुक्ला ने बताया कि नुमाइश मेला मैदान में गुरुवार से पंडाल में रासलीला शुरू होगी।

राम के पदचिन्हों पर चलने से होगा कल्याण

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। नगर में एक गेस्ट हाउस में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य जितेंद्र कृष्ण मिश्र ने श्री राम भगवान की कथा भक्तजनों को सुनाई। श्री कृष्ण जन्म महा महोत्सव की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि श्री राम हमारे जीवन के आधार हैं। राम के पग चिन्हों पर चलने से जीवन में कभी अमङ्गल नहीं होता है। आचार्य प्रवर ने सनातन धर्म के 16 संस्कारों के विषय में बताया और यह बताया कि आज आधुनिकता की चकाचौंध में हमने अपने मूल रूप संस्कारों को भुला दिया। इस अवसर पर आचार्य दीपक शुक्ल एवं कुलदीप शुक्ल और ऋषभ दीक्षित के द्वारा पूजन संपन्न कराया गया। अंचल अस्थाना सुधीर अस्थाना, प्रवीण अस्थाना एवं समस्त अस्थाना परिवार ने व्यास पीठ का पूजन किया।

छत से नीचे गिरे बेटे की मौत, पिता की हालत गंभीर

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हिरौली में पिता पुत्र छत से नीचे गिर गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने पुत्र को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हिरौली में रितेश पुत्र रोशनलाल अपने दो वर्षीय पुत्र हर्षित के साथ छत पर खेल रहा था। हर्षित दीवार की ओर दौड़ा तो उसे पकड़ने के लिए पिता रितेश भी उसके पीछे भागा, लेकिन चारदीवारी कमजोर होने के कारण चारदीवारी पिता का भार नहीं रोक पाई और पिता पुत्र सहित चारदीवारी भर-भराकर नीचे गिरी जिससे हर्षित के सिर में चोट आई और पिता भी घायल हो गया। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टरों ने हर्षित को मृत घोषित कर दिया। हर्षित अपने मां बाप का इकलौता पुत्र था। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया। पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है।

मिट्टी खनन में लगा डंपर पकड़ा गया

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। खनिज विभाग और पुलिस की मिली भगत से मिट्टी और रेत खनन का कारोबार चरम सीमा पर चल रहा है लेकिन दावे लंबे-लंबे किए जा रहे हैं कि पूरे क्षेत्र में कहीं भी मिट्टी या रेत का खनन नहीं हो रहा है। खनिज विभाग ने शिकायत पर बुधवार की दोपहर रेभा मुरादपुर गांव से खनन की हुई एक मिट्टी से भरा एक डंपर पकड़ा है जिसे कोतवाली पुलिस के हवाले किया गया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में पिछले काफी दिनों से मिट्टी और रेत खनन का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। पुलिस राजस्व और खनिज विभाग की मिली भगत से खनन माफिया इस कार्य को बड़े पैमाने पर अंजाम दे रहे हैं। खनिज विभाग ने मिट्टी खनन की शिकायत पर रेभा मुरादपुर में औचक छापेमारी कर डंपर पकड़ा है। मिट्टी लोनी चीनी मिल पहुंचाई जा रही थी। मिट्टी खनन के कार्य में संलिप्त मिट्टी माफिया और मजदूर फरार होने में कामयाब रहे। खनिज अधिकारी ने डंपर को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले किया है।

खाद्य विभाग की टीम ने मारा छापा, जांच को भरे सैंपल

हरदोई, अमृत विचार। खाद्य विभाग की टीम ने शहर व सांडी के विभिन्न स्थानों पर छापा मार कर पांच नमूने लिए। इन नमूनों की जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार के निर्देशन में आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर एवं सांडी के विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर पांच नमूने संग्रहित किए गए। सुधीर किराना सांडी रोड से नमूना सरसों के तेल का व एक नमूना पिसी हल्दी का, सांडी तिराहा से सुनील किराना राजकुमार किराना व अकरम खान किराना तीनों से एक-एक बेसन का नमूना संग्रहित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही के दौरान प्रभारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम किशोर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी खुशीराम, अजीत सिंह,अनुराधा कुशवाहा व अनिरुद्ध गंगवार मौजूद रहे।

दुकानों में घुसा बेकाबू ट्रक, बड़ा हादसा टला

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। बिलग्राम-सांडी मार्ग पर देर रात अचानक एक ट्रक अनियंत्रित होकर कई दुकानों में घुसता हुआ चला गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली के ठीक सामने बनी मोटर पार्ट्स की दुकानों में एक ट्रक अनियंत्रित होकर घुस गया, जिसकी चपेट में तीन दुकान आ गईं। बताया जा रहा कि दुकानों में एक मोटर पार्ट्स की दुकान इस्लामुद्दीन की वहीं पास में राकेश दीक्षित व जेनरेटर पार्ट्स की दुकान रामपाल सिंह की भी दुकान चपेट में आ गई। अभी तक दुकानों का नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। जब दुकानदार सुबह दुकान खोलने आए जो देखा कि दुकान के आगे लोहे की चादर से बनी दुकान क्षतिग्रस्त पड़ी हुई थी, जो आस पड़ोस के लोगों ने बताया कि देर रात एक ट्रक अनियंत्रित होकर कई दुकानों को रौंदता हुआ चला गया। फिलहाल एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। जिस टाइम यह हादसा हुआ था उस टाइम दुकान के आसपास कोई भी नहीं था।

आयोजन शक्ति वंदन अभियान के तहत जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने कहा-

मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल लागू कर किया ऐतिहासिक काम

हरदोई

अमृत विचार : प्रधानमंत्री मोदी ने माता बहनों के लिए ऐतिहासिक 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर महान काम किया है। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर भयमुक्त किया। लखनऊ रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर शक्ति वंदन अभियान जिला कार्यशाला में जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने उक्त उद्गार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि मातृत्व अवकाश को छह सप्ताह से बढ़कर 26 सप्ताह किया गया। उत्तर प्रदेश में दो करोड़ लखपति

कार्यशाला में मौजूद जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व अन्य।

दीदी बनाने का लक्ष्य है। 56 हज़ार महिलाएं बैंक सखी बन कार्य कर रही है। जिला प्रभारी ने कहा कि 10 फरवरी से माता बहनों को समर्पित शक्ति वंदन अभियान चलेगा। इसके तहत शिक्षा स्वास्थ्य सहकारी लीगल पर्यावरण क्षेत्र में कार्य करने वाले एनजीओ तथा स्वयं सहायता समूह से संबंधित माता बहनों के साथ जनप्रतिनिधि गण चाय पर चर्चा करेंगे। प्रत्येक विधानसभा में 11 फरवरी से नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित होंगे। स्वयं सहायता समूह की मातृशक्ति से 12 फरवरी से संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 21 फरवरी के बाद प्रत्येक मंडल में मातृशक्ति से प्रधानमंत्री मोदी एलईडी के माध्यम से लाइव संवाद कार्यक्रम करेंगे। 25, 26 फरवरी को जिले में एनजीओ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने अपने संबोधन में बताया भाजपा का स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ में कार्यरत मातृशक्ति से संपर्क अभियान महत्वपूर्ण अभियान है। संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री ओम वर्मा ने किया। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, महामंत्री अनुराग मिश्रा, सत्येंद्र राजपूत, मंत्री अविनाश पांडे, अजय शुक्ला सहित कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या ने उनको भाजपा सदस्यता दिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, महामंत्री अनुराग मिश्र, ओम वर्मा, जिला मंत्री अजय शुक्ल, मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, आईटी संयोजक सौरभ सिंह गौर ने उनके भाजपा में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त किया।

सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट को दी गई अंतिम विदाई

आकस्मिक निधन

- शहर निवासी उत्तम सिंह की नई दिल्ली में थी तैनाती
- सोमवार को अचानक तबियत बिगड़ी और मौत हो गई

हरदोई

अमृत विचार। नई दिल्ली में केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 121 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट उत्तम सिंह की सोमवार को अचानक तबियत बिगड़ गई, उन्हें इलाज के लिए ले जाया जाता, उससे पहले ही उनकी मौत हो गई। बुधवार को दिवंगत असिस्टेंट कमांडेंट का पार्थिव शरीर शहर लाया गया, जहां उन्हें राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई और मेंहदीघाट पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

बताया गया है कि शहर के मोहल्ला सराय थोक पश्चिमी महाराज सिंह पार्क निवासी 55 वर्षीय उत्तम सिंह केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की 121 वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट थे और नई दिल्ली में तैनात थे। सोमवार की रात को अचानक उन्होंने सीने में दर्द होने की शिकायत की, आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए ले जाया जाता, लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के अफसरों और जवानों के साथ दिवंगत असिस्टेंट कमांडेंट का पार्थिव शरीर शहर लाया गया। जहां उन्हें राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई, उसके बाद मेंहदीघाट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और फिर नम आंखों से उनका अंतिम संस्कार किया गया।

तिरंगे में लिपटे असिस्टेंट कमांडेंट के शव के पास रोते-बिलखते परिजन व मेहंदी घाट पर गार्ड ऑफ ऑनर देते सीआरपीएफ के जवान व अधिकारी। अमृत विचार

कंपनी के नाम पर धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

हरदोई। बिजली की नामी कंपनी हैवेल्स के नाम की जा रही धोखाधड़ी पकड़ ली गई। कंपनी के इंजीनियर ने पुलिस के साथ दुकान पर छापा मारा और तकरीबन 50 हज़ार की कीमत के नकली तारों के 52 पीस बरामद किए हैं। पुलिस ने दी गई तहरीर पर दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि हैवेल्स कंपनी के इंजीनियर अशोक यादव ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शहर में धर्मशाला रोड बंसी नगर मोड़ के पास नटवीर पुलिया निवासी कैलाश चंद्र गोपाल की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। कंपनी को जानकारी को जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक हैवेल्स लिमिटेड कंपनी के नाम से डुप्लीकेट तार बेचें जा रहें हैं। हैवेल्स कंपनी के इंजीनियर अशोक यादव पुलिस के साथ कैलाश चंद्र की दुकान पर पहुंचे और जांच की तो वहां पाया कि हैवेल्स कंपनी के डुप्लीकेट तार रखें हुए हैं। इस बीच तारों के 52 पीस बरामद किए गए।

एक नजर

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरदोई, अमृत विचार। बालामऊ जंक्शन के दलेल नगर रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आए युवक के कई टुकड़े होने से उसकी वहीं पर मौत हो गई। जीआरपी ने शव को अपने कब्ज़े में ले लिया। बताया गया है फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। बताते हैं कि बुधवार की सुबह एक 30 से 35 वर्षीय युवक दलेल नगर रेलवे स्टेशन के ट्रैक को पार कर रहा था, उसी बीच ट्रेन आ जाने से वह उसकी चपेट में आ गया और उसके कई टुकड़े हो गए। इस तरह हुए हादसे में युवक की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां पहुंची जीआरपी की टीम ने शव को अपने कब्ज़े में ले लिया है। बालामऊ जीआरपी चौकी प्रभारी विनोद गोस्वामी ने बताया है कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है, उसके बारे में पता कराया जा रहा है।

हाईवे पर हुए हादसे में टेलर की हुई मौत

हरदोई, अमृत विचार। बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर पाए गए शव की शिनाख्त एक सिलाई मास्टर के रूप में की गई है। मंगलवार की शाम को वह घर से निकला था, उसके बाद वापस नहीं लौटा। इसका पता होते ही उसके घर-परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। मल्लावां कोतवाली के मोहल्ला बड़ा दरवाजा मोहद्दीनपुर निवासी 28 वर्षीय अलीम अंसारी कपड़े की सिलाई का काम करता था।कस्बे में ही उसकी सिलाई की दुकान है। उसके पिता सलीम अंसारी ने बताया कि अलीम मंगलवार की शाम को बिना कुछ बताए कहीं चला गया था। लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा। जिस पर उसकी तलाश की जाने लगी। उसकी तलाश किए जाने के दौरान कुछ लोग सीएचसी पहुंचें, जहां उन्हें पता चला कि हाई-वे पर एक ढाबे के पास किसी युवक की हादसे में मौत होने की सूचना आई है, इस पर जब वहां जा कर देखा गया तो हादसे का शिकार हुए युवक की शिनाख्त अलीम के रूप में की गई। शादीशुदा अलीम के एक तीन साल की बेटी है। इस हादसे की खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। मल्लावां- उन्नाव रोड पर एक ढाबा के पास एक युवक का संदिग्ध स्थित में शव पड़ा देखा गया। ऐसे में युवक मंगलवार की शाम घर से बिना बताए निकला था। मल्लावां कस्बे के मोहिउद्दीनपुर बड़ा दरवाजा निवासी अलीम अंसारी (32) सिलाई का काम करता है। मंगलवार की शाम घर से बिना बताए कहीं निकला था। देर रात तक ज़ब घर नहीं पहुंचा तो खोजबीन शुरू की गई। रात्रि 11 बजे स्वजन कोतवाली में सूचना देने गए, तभी उन्हें जानकारी मिली कि दुर्घटना में मृत एक व्यक्ति का शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आया है। जिसकी अलीम के रूप में परिजनों ने शिनाख्त की। घटना का पता होते ही घर में हड़कंप मच गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था, उसके तीन वर्षीय पुत्री है। पुलिस ने बताया कि एक ढाबा के पास एक युवक का शव सड़क पर पाया गया जो सड़क दुर्घटना का शिकार है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाया हुनर

आर्य कन्या महाविद्यालय में युवा महोत्सव का दूसरा दिन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी किया गया आयोजन

हरदोई

अमृत विचार। आर्य कन्या महाविद्यालय में युवा महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को खेल प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। खेलकूद प्रतियोगिता में सबसे पहले 100 मीटर हीट् संपन्न हुई। कबड्डी का सेमी फाइनल मैच बीए द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं के बीच खेला गया। जिसमें बीए तृतीय वर्ष ने बीए द्वितीय को हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसके अतिरिक्त खेलकूद में चक्का फेंक प्रतियोगिता हुई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सबसे पहले शास्त्रीय संगीत की प्रतियोगिता एकता जायसवाल के नेतृत्व में हुई। जिसमें प्रथम स्थान पर इशिता तिवारी, द्वितीय स्थान पर अमीषा तिवारी, तृतीय स्थान प्राप्त अन्वेषा तिवारी रहीं। स्वेक्षा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। अगली प्रतियोगिता में फैंसी ड्रेस/अभिनय प्रतियोगिता की धूम रही। इस प्रतियोगिता में लगभग 25 छात्राओं ने अपने अप्रतिम, अभिनय और साज सज्जा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं ने निर्भया, रानी लक्ष्मी बाई, पद्मावती, बेगम हजरत महल, भगत सिंह, सरदार पटेल, सावित्री बाई फुले, भीखारन, खड़ूस सास, एकलव्य द्रोण, शबरी राम, अरुणिमा सिन्हा, आदिवासी आदि को अभिनीत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भगत सिंह और ब्रिटिश की भूमिका निभाने वाली इशिता और अन्वेषा को दिया गया। द्वितीय स्थान पर निर्भया का किरदार निभाने वाली काजल वर्मा को मिला। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से द्रोण और एकलव्य की भूमिका निभाने के लिए आकांक्षा कश्यप और मुस्कान सिंह को तथा इसी के साथ कंचन प्रभा को भी उनकी खड़ूस सास की उत्कृष्ट भूमिका के लिए तृतीय पुरस्कार दिया गया। फायजा को बेगम हजरत महल की भूमिका के लिए सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता में 11 समूह में प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें शशी और शिखा संयुक्त रूप से प्रथम, अर्पिता व तान्या द्वितीय स्थान पर और श्रेया द्विवेदी व काजल वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। बुधवार की अंतिम प्रतियोगिता कलश सज्जा संत कुमारी के निर्देशन में संपन्न हुई। जिसमें प्रथम स्थान पर वर्षा कश्यप, बीए द्वितीय वर्ष से, शगुन शुक्ला बीए प्रथम वर्ष से द्वितीय स्थान पर, श्रद्धा द्विवेदी बीए प्रथम वर्ष से, तृतीय स्थान पर रहीं। स्वाति शुक्ला बीए फाइनल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कलश सज्जा के साथ आज युवा महोत्सव के द्वितीय दिवस का समापन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी प्राध्यापिकाओं, छात्राओं और कर्मचारी बंधुओं का योगदान रहा।

कबड्डी प्रतियोगिता में जोर-आजमाइश करतीं छात्राएं। अमृत विचार

दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। अमृत विचार

33 सब इंस्पेक्टरों का तबादला, कई चौकी प्रभारी बदले गए

हरदोई

अमृत विचार। लॉ एंड आर्डर को और मज़बूत बनाने के लिए एक्शन में आए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने ज़िले में 33 सब इंस्पेक्टरों के तबादले करते हुए कई चौकी प्रभारियों को बदलते हुए नए चेहरों को तैनाती दी है। इसमें कोतवाली शहर की जेल चौकी के साथ-साथ सण्डीला कस्बा, पाली, साण्डी कस्बा, मल्लावां की जलालाबाद और पिहानी कोतवाली की जहानीखेड़ा पुलिस चौकी शामिल हैं।

एसपी ने मंगलवार की देर रात किए आदेश के तहत कोतवाली शहर की जेल चौकी प्रभारी अनेक पाल सिंह को कोतवाली देहात भेजा है और सण्डीला कस्बा चौकी प्रभारी मार्कंडेय सिंह को जेल चौकी की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। वही कासिमपुर में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र मिश्रा को सण्डीला कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया गया है।साण्डी कस्बा चौकी प्रभारी होरी लाल गंगवार को पचदेवरा भेजा गया है, सवायजपुर कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर प्रताप सिंह को साण्डी कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया है। पिहानी कोतवाली की जहानीखेड़ा चौकी प्रभारी रामानंद मिश्रा को जलालाबाद चौकी प्रभारी बनाया, वहीं जलालाबाद में तैनात शिवशंकर मिश्रा को पाली चौकी में तैनात किया है। पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर विश्वास शर्मा अब जहानीखेड़ा चौकी प्रभारी होंगे।

पाली कस्बा चौकी के प्रभारी योगेन्द्र सिंह यादव को पाली थाना भेजा गया है। इसके अलावा माधौगंज में तैनात सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार पाण्डेय को पचदेवरा, पाली में तैनात सब इंस्पेक्टर अनिल सिंह पकंज एसपी के पीआरओ होंगे। इसी तरह नरेन्द्र कुमार सैनी पचदेवरा से कछौना, गुरु प्रसाद टड़ियावां से अरवल, अशोक कुमार सिंह पिहानी से लोनार, मोहम्मद तौसीफ़ बेनीगंज से मझिला, अनिल कुमार सिंह लोनार से कछौना, सतीश कुमार कोतवाली शहर से बेनीगंज, हरिशंकर पचदेवरा से यूपी-112, रामसनेही अरवल से कोतवाली शहर, महावीर प्रसाद मझिला से कछौना, न्यूटन कुमार सिंह सण्डीला से सुरसा, प्रभात मिश्रा बेहटा गोकुल से सण्डीला, पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर रमेश सिंह टड़ियावां, बलराम सिंह यादव बेहटा गोकुल, रमाशंकर पाण्डेय बेनीगंज, मृत्यंजय प्रताप सिंह पाली, रामलखन हरियावां, कृष्ण कुमार मल्लावां, बलराम सिंह माधौगंज और पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार पाल को सुरसा थाने में तैनात किया गया है और मल्लावां कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार सेंगर अतरौली थाने भेजा गया है। इसके अलावा टड़ियावां थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र नारायण तिवारी का कोतवाली देहात हुआ तबादला निरस्त करते हुए उन्हें सवायजपुर कोतवाली में तैनात किया गया है।

शहर की जेल चौकी, सण्डीला पाली, साण्डी, जलालाबाद और जहानीखेड़ा में नई तैनाती

कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला शव

हरदोई, अमृत विचार। खेती-किसानी करने वाले एक 55 वर्षीय अधेड़ ने अपने कमरे में गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। हालांकि इस बारे में उसके घर वाले कुछ सही बात नहीं बता पा रहे हैं। हरियावां थाने के मोहनपुरवा गांव निवासी 55 वर्षीय रामलखन पुत्र मंगली खेती-किसानी करता था। उसके परिवार में पत्नी आरती के अलावा दो बेटे रंजीत व अजीत और दो बेटियां हैं। बुधवार की सुबह रामलखन का शव उसके कमरे के अन्दर गमछे से बंधा हुआ लटकता देखा गया।

सार-संक्षेप

पुलिस के हत्थे चढ़ा 10 हजार का इनामी बदमाश

टड़ियावां। पुलिस टीम ने फरार चल रहे 10 हज़ार के ईनामी को दबोच लिया उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया जा चुका है। पुलिस उसका सारा रिकार्ड खंगाल रही है। बुधवार की सुबह एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह की टीम ने फरार चल रहे 10 हज़ार के ईनामी सीतापुर ज़िले के पूरनपुर थाना महोली निवासी महेंद्र यादव पुत्र कन्धई लाल को हर्रई शारदा नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ ने बताया कि महेंद्र काफी दिनों से फरार चल रहा था, एसपी ने उसके ऊपर 10 हज़ार का ईनाम रखा था। बुधवार की सुबह मुखबिर के बताने पर एसएचओ पुलिस टीम के साथ बताए गए ठिकाने पर पहुंचे, उसी बीच उसने भागने की कोशिश की, लेकिन तभी पुलिस टीम ने उसे दौड़ा कर दबोच लिया। उस टीम में एसआई मुकुट सिंह यादव, कांस्टेबल पारस यादव और कांस्टेबल सौरभ शर्मा शामिल रहे। महेंद्र यादव के खिलाफ सीतापुर के महोली, पिहानी और टड़ियावां थाने में मामले दर्ज हैं।

मेडिकल कालेज में दवा काउंटर पर हंगामा

हरदोई, अमृत विचार। मेडिकल कालेज में दवाई लेने के लिए काफी देर से लाइन में खड़े किसान नेता ने वहां हंगामा कर दिया। वहीं पर बिस्तरा बिछा कर आंदोलन करने की धमकी दी। फिर किसी तरह से बात को बतंगड़ बनने से बचा लिया गया। बुधवार को मेडिकल कालेज की ओपीडी के बगल में दवा काउंटर पर लाइन लगी हुई थी। उसी लाइन में किसान नेता समर सिंह भी इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन वहां काउंटर पर दवा देने वाले इधर-उधर के लोगों को दवाई देते देख किसान नेता का पारा चढ़ गया और हंगामा खड़ा कर दिया। साथ ही किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के साथ वहीं पर बिस्तर बिछा कर आंदोलन शुरू करने की बात कह दी। इसका पता होते ही वहां के ज़िम्मेदारों की धुकधुकी बढ़ गई और उन्होंने किसी तरह से किसान नेता से बात कर उनकी शिकायत दूर की और दवा काउंटर पर बैठे लोगों को पूरी ज़िम्मेदारी से काम करने की नसीहत दी गई।

शिक्षिकाओं को बेहतर शिक्षण कार्य के लिए प्रशिक्षित करते विशेषज्ञ।

विकसित की जा रही भाषा और गणित की समझ

हरदोई, अमृत विचार। शिक्षकों को भाषा और गणित विषय के बारे में समझ को विकसित करने के इरादे से बीआरसी अहिरोरी पर चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरू हुआ। बीईओ उदयभान यादव के दिशा-निर्देश पर हो रहे प्रशिक्षण में प्राथमिक विद्यालयों की कक्षा एक से पांच में पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षामित्र शामिल हो रहे हैं। एफएलएन प्रशिक्षण 50-50 के दो बैचो मे दिया जा रहा है। बीईओ ने शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षामित्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण को ध्यान पूर्वक समझना है और बताई जा रहीं चीज़ों को विद्यालय के बच्चो के बीच बेहतर तरीके से करना है। प्रशिक्षण के ब्लाक सन्दर्भदाता विवेक कुमार मिश्र ने सत्र-2023-24 की अकादमिक रणनीति, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2022, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका भाषा व गणित विषय के 25 सप्ताह की कार्य योजना को विस्तार से समझाया। सन्दर्भदाता संजीव मिश्र, संजय गुप्ता, राम मूर्ति, महेश प्रसाद के अलावा सविता सिंह, सुनैना सिंह व सुरभि के अलावा तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

ई-रिक्शा चालक को 18 सेकेंड में 18 बार मारे लात-घूंसे

हरदोई, अमृत विचार। बाइक में एक ई-रिक्शे की टक्कर लग गई, जिससे उस पर सवार युवक कुछ चोंट आ गई और बाइक भी टूट गई। उसी बात पर बाइक सवार दो लोग उस ई-रिक्शा ड्राइवर को पकड़ कर पीटने लगे। उसकी पिटाई किए जाने के 18 सेकेंड वाले वीडियो में 18 ही बार उसके लात और घूंसे मारे गए। वायरल वीडियो की पड़ताल की जा रही है। बताया गया है कि बुधवार की सुबह हाई-वे पर साण्डी तिराहे पर जा रहे ई-रिक्शे की बाइक में टक्कर लग गई, जिससे बाइक सवार युवक के कुछ चोंटे आई और बाइक भी टूट गई।इसी बात पर बाइक सवार दो लोगों ने ई-रिक्शा ड्राइवर को पकड़ लिया, पहले तो उसे गाली-गलौज की और फिर उसे लात-घूंसों से पीटने लगे। किसी ने पिटाई का वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस बारे में एसएचओ साण्डी छोटेलाल का कहना है कि फिलहाल कोई तहरीर नहीं आई है, लेकिन फिर भी वायरल वीडियो की गहराई से पड़ताल की जा रही है।

बस पर किया पथराव ड्राइवर हो गया घायल

हरदोई, अमृत विचार। नशे में धुत साइकिल सवार साण्डी से सवारी लेकर आ रही निजी बस से टकरा गया। इस पर बाइक सवारों ने बस का पीछा करते हुए उस पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे बस पलटते-पलटते बची और उसका शीशा टूटा साथ ही ड्राइवर भी घायल हो गया। बुधवार को निजी बस साण्डी से सवारियां ले कर आ रही थी। ककेड़ी के पास बस से सवारी उतर रहीं थीं, उसी बीच नशे में चूर साइकिल सवार उससे टकरा गया। कुछ देर बाद जब चल दी तो बाइक सवार कुछ युवकों ने पीछा करते हुए बस पर पथराव शुरू कर दिया। बस ड्राइवर ने श्रवण कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया है।

रूस से एमबीबीएस, अब पास की एमसीआई की परीक्षा

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कहते हैं न " कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती" हरिवंश राय बच्चन की इन पंक्तियों को चरितार्थ कर दिया है गांव नारायणपुर के मधुराम सिंह ने। मधुराम सिंह ने रूस में रहकर एमबीबीएस की परीक्षा पास करने के बाद मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया (एमसीआई) की परीक्षा को भी पास करके न केवल एक कीर्तिमान स्थापित किया बल्कि अपने गांव सहित पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है।

पछोहा के नाम से चर्चित पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर के रहने वाले प्रभाकर सिंह के पुत्र मधुराम सिंह ने प्रारंभिक शिक्षा संजय सिंह विद्यालय शाहजहांपुर से की। यहीं से इन्होंने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा भी उत्तीर्ण की। इसके बाद डॉक्टर बनने की ललक मधुराम सिंह को रूस ले गई वर्ष। 2017 में रूस में जाकर इन्होंने डॉक्टर की पढ़ाई की। 2023 में मधुराम सिंह ने एमबीबीएस कंप्लीट कर लिया। 6 फरवरी 2024 को मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की परीक्षा उत्तीर्ण करके कीर्तिमान स्थापित कर दिया। मधुराम सिंह के पिता प्रभाकर सिंह ईंट भट्ठे का कारोबार करते हैं। इनकी माता जी प्रभा देवी सफल गृहणी हैं। अपने गुरुजनों, माता-पिता और बड़े भाई को आदर्श मानने वाले मधुराम सिंह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर हैं। मधुराम सिंह का मानना है कि उनका सफर यहीं पर रुकने वाला नहीं बल्कि उनका टारगेट एमएस और एमडी करने का है। मधुराम सिंह ने युवाओं के नाम संदेश देते हुए कहा युवाओं को असफलता से निराश नहीं होना चाहिए। सफलता को लेकर लगातार प्रयास करने चाहिए क्योंकि लगातार प्रयास करने वाले हर हाल में सफल होते हैं। इसलिए युवाओं को जीवन में कभी निराश होने की जरूरत नहीं। लक्ष्य को इंगित करके आगे बढ़ने का प्रयास करें। सफलता अवश्य मिलेगी।



मधुराम सिंह का मानना है कि उनका सफर यहीं पर रुकने वाला नहीं बल्कि उनका टारगेट एमएस और एमडी करने का है। युवाओं के नाम संदेश देते हुए कहा युवाओं को असफलता से निराश नहीं होना चाहिए। सफलता को लेकर लगातार प्रयास करने चाहिए।

बिना लाइसेंस चल रहीं कीटनाशक दवाओं की दुकानें

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कीटनाशक दवाओं की दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित हैं लेकिन कृषि विभाग के अधिकारी इन दुकानों के प्रति पूरी तरह से उदासीन है। शाहाबाद नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कीटनाशक की तमाम दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित हैं। कुछ दुकानें ऐसी हैं जो एक लाइसेंस पर दो-दो दुकानें चलाई जा रही हैं। नगर के बासित नगर चौराहा, नवीन मंडी स्थल के निकट, स्टेशन रोड, सिकंदरपुर कल्लू, बासित नगर रोड, पाली रोड उधरनपुर आदि स्थानों पर कीटनाशक दवाओं की दुकानें हैं।

जानकारी के अनुसार एक दर्जन से अधिक दुकानें कीटनाशक दवाओं का लाइसेंस लिए बिना संचालित की जा रही है। कुछ दुकानदार ऐसे हैं जिन्होंने एक दुकान का लाइसेंस लिया और कई तिराहों और चौराहों पर अपनी दुकानें संचालित कर रखी है। कृषि विभाग के अधिकारी इन दुकानदारों से सीजन के हिसाब से सुविधा शुल्क ले रहे हैं। इसी वजह से बिना लाइसेंस धारी दुकानदारों के प्रति ध्यान नहीं दे रहे हैं। बताया जाता है कि अधिकांश खाद विक्रेताओं द्वारा भी बड़े पैमाने पर कीटनाशक दवाओं की बिक्री की जा रही है जबकि कीटनाशक दवाओं की बिक्री खाद के लाइसेंस पर नहीं की जा सकती। कीटनाशक दवाएं बेचने के लिए अलग से लाइसेंस विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है, लेकिन लगभग सभी खाद विक्रेता खाद के लाइसेंस की आड़ में कीटनाशक दवाओं की बिक्री कर रहे हैं। कुछ ऐसे भी कीटनाशक दवा विक्रेता है जिन्होंने एक स्थान पर अपना लाइसेंस बनवा रखा है और कई स्थानों पर दुकानें संचालित कर रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी बिना लाइसेंस धारी कीटनाशक दवा विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर पा रहे। वजह कुछ भी रही हो बिना लाइसेंस के कार्य करने वाले कीटनाशक दवाओं के कारोबारी बड़ी मात्रा में नकली कीटनाशक दवाओं की बिक्री भी कर रहे हैं जिससे किसानों को न केवल चूना लगाया जा रहा है बल्कि उनकी फसलों को चौपट भी किया जा रहा है।

कीटनाशक दवा की दुकान। अमृत विचार

> ऐसा फिलहाल हमारी जानकारी में नहीं है। कीटनाशक दवाओं, खाद और बीज विक्रेताओं को लाइसेंस के आधार पर ही दुकान खोलने का कानूनी अधिकार है। अगर बिना लाइसेंस के कोई भी दुकान संचालित पाई गई तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -उमेश साहू, जिला कृषि अधिकारी, हरदोई

चार-चार साल से नहीं नवीनीकृत हुए लाइसेंस

नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं के एक दर्जन से अधिक ऐसे विक्रेता है जिन्होंने चार और पांच साल से अपने लाइसेंस का रिनुअल नहीं कराया लेकिन विभागीय अनुकंपा के चलते मासिक खर्च पर उनका काम चल रहा है और धड़ल्ले से दुकान संचालित कर रहे हैं। अधिकारियों की आवश्यक छापेमारी के वक्त खासकर संपूर्ण समाधान दिवस के दिन दुकान बंद हो जाती हैं।

एक नजर

गेहूं खरीद के लिए बनाये 110 गेहूं क्रय केन्द्र

सीतापुर। अपर जिलाधिकारी जिला खरीद अधिकारी नितीश कुमार सिंह ने बताया है कि जिलाधिकारी द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत 110 गेहूं क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया गया है, जिसमें खाद्य विभाग के 22, पीसीएफ के 30, पीसीयू के 35, यूपीएसएस के 08, भारतीय खाद्य निगम के 12 तथा मण्डी समिति के 03 क्रय केन्द्र शामिल है।

घर के बाहर खेल रहा बच्चा कुएं मे गिरा, मौत

थानगांव। क्षेत्र के म्योडी समलिया गांव निवासी हर्षित सात वर्ष पुत्र राजकुमार घर के बाहर खेल रहा था, उसी दौरान अचानक कुंए में गिर गया। जिसको आनन-फानन में परिजनों ने बच्चे को कुंए से बाहर निकाला और सीएचसी लेकर पहुंचे, चिकित्सकों ने मासूम बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने किसी कार्रवाई से इनकार करते हुए शव को अस्पताल से लाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

वाइन शॉप का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास

सिधौली। कस्बे के मोहल्ला प्रेम नगर निवासी राजेश कुमार जायसवाल ने अज्ञात पर अंग्रेजी वाइन शॉप का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए थाना कोतवाली सिधौली में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि मंगलवार रात को अज्ञात व्यक्ति ने वाइन शॉप का ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन कुछ भी ले जाने में सफल नहीं हुए।

नहर के किनारे मिला युवक का शव

मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार। थाना मानपुर क्षेत्र के अन्तर्गत महसिगपुर भवानीपुर नहर के किनारे मिला एक युवक का शव मिला। जिसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। मृतक का नाम सूर्य बक्श उम्र 30 पुत्र राम प्रसाद ग्राम है और वह मंसूरपुर थाना खैराबाद का स्थाई मूल निवासी बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम व पुलिस टीम ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

लहरपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर से घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। मोहम्मद रेहान पुत्र उस्मान निवासी मोहल्ला हुसैनगंज कोतवाली देहात ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह अपनी मोटरसाइकिल से कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर मजरा नबीनगर में मोहम्मद नईम के यहां शादी में मंगलवार को आया था, बाइक नईम के घर के बाहर खड़ी थी, बाहर निकलने पर बाइक गायब थी, जिसे अज्ञात चोर मंगलवार देर शाम चोरी कर ले गए, काफी तलाश के उपरांत भी बाइक का कुछ पता नहीं चल सका, पीड़ित ने बताया कि उसकी बाइक उसके ससुर मोहम्मद फारूक पुत्र अहमद शाह निवासी ग्राम फत्तेपुर कोतवाली लहरपुर के नाम थी, काफी प्रयास करने के बाद भी बाइक का कुछ पता नहीं चल सका है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

सीतापुर। वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल हलीम सिद्दीकी एडवोकेट का लम्बी बीमारी के कारण असामयिक निधन हो गया है। ऐसे में बार एसोसिएशन के सभागार में बुधवार को 11 बजे पूर्वाहन शोक सभा आहूत की गयी। जिसकी अध्यक्षता राम मोहन पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संचालन बुद्धि प्रकाश मिश्र महासचिव ने किया।

मुख्यमंत्री से मिले व्यास पीठाधीश, तीर्थ नैमिषारण्य के विकास पर की चर्चा

सीतापुर, अमृत विचार। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के संकल्प के पूरा होने पर नैमिषारण्य तीर्थ के व्यास पीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

व्यास पीठाधीश ने मुख्यमंत्री से तीर्थ नगरी नैमिषारण्य का चहुंमुखी विकास कर इसे धार्मिक मानचित्र पर व लाने के लिए चर्चा की। व्यास पीठाधीश ने मुख्यमंत्री से कहा कि नैमिषारण तीर्थ सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी विख्यात है। रामलला अब टेंट में नहीं पुनः अपने महल मे विराजमान हो चुके हैं। यह प्रत्येक सनातनी के लिए हर्ष का विषय है। ऐसे में नैमिषारण्य तीर्थ नगरी को विश्वपटल पर लाने की जरूरत है। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को कुछ सुझाव भी दिए। इस मौके पर भागवत प्रवक्ता रंजीत दीक्षित भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री को भगवा वस्त्र ओढ़ाते व्यासपीठाधीश। अमृत विचार

रासलीला में श्रीकृष्ण जन्म का मंचन

पिसावां। बरगावां के दुर्गा मंदिर पर चल रही रुद्र महायज्ञ मेला महोत्सव के दौरान रासलीला में श्रीकृष्णजी के जन्मोत्सव व शिव तांडव का मंचन हुआ। श्रीकृष्ण जन्म के बाद बधाई उत्सव में श्रीकृष्ण के बालरूप के दर्शन करने के लिए भगवान शिव साधु के वेष में नंद बाबा के दरवाजे पहुंचकर भिक्षा के लिए पुकार लगाते हैं। यशोदा मइया जब अन्न की टोकरी लेकर आती हैं तो शिव जी लेने से इंकार कर देते हैं और कान्हा के दर्शन की इच्छा जताते हैं। यशोदा मइया सोच में पड़ जाती हैं तो शिव जी स्थिति को भांपते हुए कहते हैं कि वे तो कान्हा की नजर उतारना चाहते हैं। इसके बाद यशोदा मइया कान्हा को लेकर आती हैं। भगवान को बाल रूप में देखकर शिव जी अत्यंत प्रसन्न होते हैं और मगन होकर नाचने लगते हैं। इस मौके पर व्यास ने कहा कि भगवान कृष्ण का दर्शन पाने के लिए शिव जी इतने आतुर थे कि सन्यासी के वेष में नंद बाबा के दरवाजे पहुंच गए। इसके लिए बहाने बनाने से भी पीछे नहीं हटे।

चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग की तैयारी

बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने आगामी चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग का भ्रमण किया। अधिकारियों ने कानून/शान्ति/सुरक्षा व्यवस्था तथा समुचित यातायात प्रबन्ध बनाये रखने के लिए जिम्मेदारों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधी बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, क्षेत्राधिकारी मिश्रित राजेश यादव, क्षेत्राधिकारी प्रोटोकॉल सतीश शुक्ला आदि मौजूद रहे। अमृत विचार

मिश्रिख पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी और प्रतिनिधि ने भाजपा का थामा दामन

लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा में हुए शामिल

सीतापुर, अमृत विचार। जनपद की मिश्रिख नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी व उनके प्रतिनिधि बबलू सिंह ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश महामंत्री ब्रज बहादुर व क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा के नेतृत्व में कई जिलों के नगर पालिका अध्यक्ष व जिला पंचायत अध्यक्षों ने भाजपा जॉइन कर ली। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मिश्रिख की अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि बबलू सिंह का पार्टी में स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के साथ-साथ प्रतिनिधियों का विश्वास जीत रही है इसी क्रम में प्रदेश भर के कई दिग्गज नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की है जिसका सीधा फायदा आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिलेगा।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करतीं पालिकाध्यक्ष व प्रतिनिधि। अमृत विचार

नागरिक परिचय बैठक के दौरान स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक, विभाग प्रचारक व अन्य। अमृत विचार

जिला मुख्य संरक्षक बनाये गये अचिन मेहरोत्रा

सीतापुर। बुधवार को आरएसएस कार्यालय, प्रेम नगर में नागरिक परिचय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच पूर्वी उप्र के क्षेत्रीय संयोजक अनुपम श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि विभाग प्रचारक अभिषेक कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वावलंबी भारत अभियान वॉलंटियर के बारे में महत्ता के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाया। अभिषेक सिन्हा संपर्क प्रमुख अवध प्रांत व जिला प्रभारी स्वदेशी जागरण मंच ने बैठक का संचालन करते हुए अनुपम श्रीवास्तव व अभिषेक कुमार से विभिन्न नागरिकों का परिचय कराया एवं दो जिला स्वावलंबन केंद्रों के बारे में घोषणा की। पहला जिला संयोजक मुकेश अग्रवाल के केशव ग्रीन सीतापुर व दूसरा सोमेश वर्धन सिंह के विद्यालय महादेव शिशु वाटिका, महमूदाबाद बनाया गया है।

भ्रष्टाचार को उजागर करने पर पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज हो रहे मुकदमे

सिधौली, अमृत विचार। पत्रकारों के विरूद्ध होने वाली शिकायतों में तथ्यों की भली भांति जांच और उनके पक्ष को जानने के बाद ही कोई कार्रवाई की जाए। यह बात पत्रकार संघ सिधौली की अगुवाई में पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने उपजिलाधिकारी सिधौली को बुधवार को सौंपे गए ज्ञापन में कही। पत्रकारों ने बताया कि मीडिया एवं मीडियाकर्मी लोकतान्त्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण भाग है। मीडियाकर्मियों एवं पत्रकारों पर दायित्व है कि वे अपने समाचारों, रिपोर्ट्स और टिप्पणियों द्वारा कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका की प्रतिष्ठा बनाये रखें और उनके मार्गच्युत उन्हें सही मार्ग दिखलाते रहें। पिछले काफी समय से यह अनुभव हो रहा है कि लोकतंत्र के चैथे स्तम्भ की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करने पर पत्रकारों के विरूद्ध मुकदमें दर्ज किये गये हैं। सिधौली क्षेत्र में विकासकार्य में सरकारी पैसों का दुरूपयोग करने वाले जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के इशारे पर पत्रकारों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस मौके पर स्तम्भकार अनुराग आग्नेय, रामू शुक्ला, उपेन्द्र त्रिपाठी, अतुल तिवारी, राजन भार्गव, मोहित श्रीवास्तव, हिमान्शु शुक्ला, जियाउल हक सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

समय से काम और मजदूरी न मिलना हो गई आम बात

ब्लॉक के सामने प्रदर्शन करते संगतिन मजदूर संगठन के सदस्य। अमृत विचार

इमलिया सुल्तानपुर। मनरेगा के 18 साल पूरे होने पर संगतिन किसान मजदूर संगठन द्वारा मनरेगा सप्ताह मनाया जा रहा है। संगठन का कहना है कि मनरेगा से बड़े पैमाने पर रोजगार मिला है, मनरेगा का तकनीकीकरण मनरेगा को और बेहतर चलाने की उम्मीद से किया गया था, लेकिन इससे मनरेगा में काम कर रहे मजदूरों की दिक्कत बढ़ गयी है। जिसमें से आनलाइन हाजिरी और आधार आधारित भुगतान ने समस्याओं को और बढ़ा दिया है। इससे मनरेगाकर्मियों और मजदूरों के बीच अविश्वास की खाई बढ़ती जा रही है। तनाव की स्थिति बन गयी है। समय पर काम नहीं मिल पाना, समय पर मजदूरी भुगतान नहीं होना आम बात हो गयी है। इसी को लेकर बुधवार को संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले बीडीओ ऐलिया को ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले संगठन ने कर्बला से ब्लॉक मुख्यालय तक रैली निकाली। इस दौरान रिचा सिंह, सुरबाला, सुदामा, आरती, आशीष, मनोज कुमार, ओमप्रकाश, अमित कुमार सहित भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सपा नौ फरवरी को करेगी कार्यकर्ता सम्मेलन

महोली। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये सपा ने अन्य पार्टियों को पीछे छोड़ दिया है। सपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। जिसमें धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व एमएलसी आनन्द भदौरिया को प्रत्याशी बनाया गया है। ऐसे में सपा ने चुनाव में जीत के लिए रणनीति भी बना ली है। इसी मकसद से आगामी नौ फरवरी को कस्बे में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री एवं प्रदेश महासचिव जयशंकर पाण्डेय शामिल होंगे। हालांकि आनन्द भदौरिया पहले से ही लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय हो गये थे। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पूर्व से ही जनसंपर्क करना शुरू कर दिया था। अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए समाजवादी पार्टी ने महोली विधानसभा का शुक्रवार को दर्शनीय रिसार्ट में कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष, जोनल इंचार्ज, सेक्टर पर्यवेक्षक, बूध प्रभारी व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं प्रदेश महासचिव जयशंकर पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रामहेत भारती के साथ पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व विधायक कस्ता सुनील भार्गव लाला कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन करेंगे।

अनुसूचित जाति बस्ती से दूर बनवाया जाये आरआर सेंटर

उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देने आये बस्ती निवासी। अमृत विचार

सिधौली। विकास खण्ड गोन्दलामऊ अन्तर्गत ग्राम इस्माइलगंज के मजरे दक्षिणपुरवा के दर्जनों दलितों ने उनकी बस्ती में कूड़ाघर बनाये जाने का विरोध करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर निर्माणकार्य तत्काल रूकवाये जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामप्रधान द्वारा अनुसूचित जाति की बस्ती में आरआर सेंटर बनवाया जा रहा है। उनकी ग्राम पंचायत में ब्लॉक क्षेत्र की सर्वाधिक परती, आबादी व बंजर भूमि खाली पड़ी हुई है लेकिन ग्रामप्रधान जानबूझकर विद्वेषवश रैदास बिरादरी की बस्ती में कूड़ाघर बनवाने पर अड़े हुए हैं। यदि कूड़ाघर का निर्माण वहां पर हो जाता है तो गांव में संक्रामक रोग, गंदगी फैलने तथा अनेक मच्छर जनित बीमारियों के फैलने की आशंका प्रबल हो जाएगी। पूर्व में भी उन लोगों ने इस निर्माण कार्य का विरोध किया था और तत्कालीन उपजिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र दिया था। बार बार विरोध किए जाने के बावजूद वर्तमान प्रधान तथा ग्रामपंचायत अधिकारी मनमानी करते हुए निर्माणकार्य निर्धारित स्थान पर कराने पर आमादा है। ग्रामीण निर्माणकार्य का विरोध नहीं कर रहे हैं, केवल इतना चाहते है। कि निर्माण आबादी भूमि से दूर हटकर के निर्माण कराया जाए।

पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायल

सीतापुर, अमृत विचार। सदरपुर थाना इलाके में बुधवार की देर शाम एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ इनामिया बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्यवाई में पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने मौक़ाय वारदात से बगैर नंबर प्लेट की बाइक सहित दो अवैध असलहे और 15 हजार की नगदी बरामद की है। घायल दोनो बदमाशो पर 25-25 हजार का इनाम घोषित था।

रेउसा थाना इलाके में पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक चोरी की भैस और पिकअप वाहन को बरामद किया। पुलिस की पूछताछ के दौरान दोनो बदमाशों ने अपने अन्य साथियों की सुरागरसी की। बदमाशों की सूचना पर सदरपुर और क्राइम ब्रांच पुलिस की टीम ने दिबियापुर चौकी के समीप चेकिंग चलाया। पुलिस का दावा है कि इस दौरान बगैर नंबर प्लेट बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को आता हुआ देखकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। बदमाशों ने स्वयं को घिरता देखकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाई में दोनो बदमाशों के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए। पुलिस की गोली का शिकार हुए दोनो बदमाशों की पहचान किशोरी पुत्र नन्हकऊ निवासी रमुआपुर थाना रेउसा और इशरार उर्फ बुढऊ पुत्र बाबू निवासी चेनी थाना रेउसा के रूप में हुई है। मुठभेड़ की सूचना पर मौके पर पहुंची एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि मुठभेड़ में घायल दोनो बदमाशों पर दो दर्जन से अधिक चोरी, नकबजनी और भैंस चोरी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इन अपराधियो की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ में घायल दोनो बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश। अमृत विचार

चेकिंग के दौरान बदमाशों ने की पुलिस पर फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में लगी गोली

2023 में हुई लूट की घटना में फरार थे दोनों

एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि मुठभेड़ में घायल दोनो बदमाश अक्टूबर 2023 को सदरपुर इलाके के ग्राम बसदहा में हुई चोरी की घटना कारित करने में शामिल थे। इस दौरान भीड़ ने इन बदमाशों के एक साथी को पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने बताया कि चोरी की वारदात में भी इन अपराधियो का नाम प्रकाश में आया था और यह दोनो सदस्य भैस चोरी सहित अन्य घटनाओं में सक्रिय थे।

अधिवक्ताओं को चिकित्सा अनुदान दिलाना प्राथमिकता

सिधौली, अमृत विचार। अधिवक्ता समाज के महत्वपूर्ण अंग है। वे समाज में कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं समाज के सभी वर्गों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका निभाते हैं। अतः उन्हें इस संवैधानिक व्यवस्था में सम्मान एवं सुरक्षा प्राप्त करने का भी पूर्ण अधिकार है। यह बात बार एसोसिएशन, सिधौली के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह ने बुधवार को अधिवक्ताओं की बैठक में अपना चुनावी एजेण्डा प्रस्तुत करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के रूप में गतिशील और सक्षम प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की सुविधा एवं सिधौली क्षेत्र के न्यायिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम न्यायालय के क्षेत्राधिकार में विस्तार. अधिकतम कार्यदिवसों में सुचारू न्यायिक कार्या, ई-लाइब्रेरी में विधि-संबंधी अधिकाधिक पुस्तकों की व्यवस्था, विधायक, सांसद अथवा विधान परिषद सदस्य के सहयोग से परिसर में सम्पूर्ण इन्टरलाकिंग के लिए प्रयास, तहसील परिसर में स्थित शौचालयों की नियमित सफाई की व्यवस्था तथा अधिक से अधिक अधिवक्ताओं को बार काउन्सिल से चिकित्सा अनुदान दिलाना उनकी प्राथमिकता सूची में है। बैठक में बार एसोसिएशन, सिधौली के निवर्तमान अध्यक्ष जयकरन सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष चित्रकेश सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी रामकुमार द्विवेदी, निवर्तमान महामंत्री मुनीन्द्र सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

निजी पैसे से बनायेंगे पार्किंग लॉट

प्रदीप कुमार सिंह ने यह भी बताया कि तहसील परिसर में अधिवक्ताओं को अपने वाहन खड़े करने में बहुत दिक्कत होती है। बारिश के समय वाहन भीग जाते हैं और गर्मियों में बहुत गर्म हो जाते हैं, यदि वे अध्यक्ष चुने जाते हैं तो तहसील में अधिवक्ताओं के लिए पार्किंग लॉट का निर्माण अपनी निजी धनराशि से करवायेंगें।

स्वास्थ्य शिविर में 224 लोगों ने कराया परीक्षण

शिविर में जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। बुधवार को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा ने गेल इंडिया लिमिटेड के सीएसआर योजना के अंतर्गत कार्यदायी संस्था अवसर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया। हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, सामान्य चिकित्सक, आयुर्वेद चिकित्सकों के द्वारा मरीजों की विस्तृत जांच की गई। पल्स व आक्सीजन, वजन, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की भी जांचें की गइं। शिविर में कुल 224 मरीजों का पंजीकरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर का ब्लाक प्रमुख मिथिलेश यादव व मंडल अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह ने पहुंचकर जायजा लिया।

आस्था | श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के पहले दिन ग्रामीणों ने निकाली कलश यात्रा

श्रद्धालुओं ने भीरानाथ घाट नरहरपुर से भरा जल

झरेखापुर, सीतापुर

अमृत विचार। क्षेत्र के गांव भैरमपुर (सुल्तानपुर) स्थित ब्रम्हदेव आश्रम के प्रांगण में हो रहे द्वादश श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के पहले दिन बुधवार को क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए भीरानाथ घाट नरहरपुर पर पहुंची। वहां कलश लेकर पहुंचे भक्तों ने गंगाजल भरा और लौटकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे।

यज्ञ के आयोजन मे कथा व्यास मृदुलेश गिरी महाराज (कैसेट गायक) ने बताया कि प्रवचन का कार्यक्रम दिन में 1 बजे से 5 बजे तक व रात्रि को 8 बजे से रात्रि 11.30 बजे तक चलेगा। प्रवचन श्रवण शास्त्री, शिवम शास्त्री व साध्वी दिव्यता जी की ओर से किया जाएगा। महायज्ञ के मुख्य सहयोगी ठाकुर प्रसाद ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आकर प्रवचन सुनने व महायज्ञ में भाग लेने की अपील की। इस मौके पर भारी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

कलश यात्रा निकालते युवती व महिलाएं। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत सखा जलालपुर-कसमंडा, सीतापुर

पत्रांक मेमो /सचिव /पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ0/2023-24 दिनांक 07/02/2024

निविदा आमंत्रण सूचना-अल्पकालीन

कार्यालय ग्राम पंचायत सखा जलालपुर विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहर बंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 12/02/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 07/02/2024 से दिनांक 12/02/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सखा जलालपुर से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संला करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत सखा जलालपुर के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित लागत	प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है	सामग्री की लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	मुल्लु के मकान से सीसी रोड तक नाली निर्माण कार्य	512456.00	सीमेंट 10.16 टन, सरिया 8.35 क्विंटल मौरंग 14.8 घन मी0, ईट 17219 No. बालू 9.62 घन मी0, रोड़ा 11.47 घनमी0 गिट्टी (20mm) 6.78 घन मी0 गिट्टी (10mm) 2.23 घन मी0	413932.00	200.00
2	भरथापुर में पूरन के मकान से खलिहान तक नाली निर्माण कार्य	183997.00	सीमेंट 3.43 टन, ईट 8610 No. मौरंग 7.09 घन मी0, रोड़ा 7.65 घनमी0 बालू 3.83 घन मी0,	143050.00	–
3	अवधेश के मकान से मुलायम सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य	218006.00	सीमेंट 0.84 टन, बालू 0.95 घन मी0 ईट 2421 No., लोकल सैंड 10.14 घनमी0 रोड़ा 1.17 घन मी0, मौरंग 1.45 घन मी0, इंटरलॉकिंग ब्रिक्स 156 वर्ग मी0	192605.00	–

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/ एफडीआर जो ग्राम पंचायत सखा जलालपुर के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

प्रधान- ग्राम पंचायत सखा जलालपुर, कसमंडा-सीतापुर

सचिव- ग्राम पंचायत सखा जलालपुर, कसमंडा-सीतापुर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

श्व : कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वान्हे चापरान्हिकम्।
न हि प्रतीक्षते मृत्यु : कृतमस्य न वा कृतम्।।

जिस काम को कल करना है उसे आज और जो काम शाम के समय करना हो तो उसे सुबह के समय ही पूर्ण कर लेना चाहिए। क्योंकि मृत्यु कभी यह नहीं देखती कि इसका काम अभी भी बाकी है।

संपादकीय

भारतीय छात्रों पर हमले

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले लगातार जारी हैं। हमले की ये घटनाएं परेशान करने वाली हैं। अमेरिका के पड्र्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का शव मिला जबकि शिकागो में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई हैं। सवाल उठता है कि भारतीय छात्रों के साथ अमेरिका में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या यह हमले केवल लूटपाट के इरादे से हो रहे हैं। क्या यह आपराधिक घटनाएं हैं। ध्यान रहे अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर हमले का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ों के हिसाब से विदेश में पढ़ रहे 403 छात्रों की मौत 2018 से अब तक हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 91 मौत कनाडा में हुई हैं। जबकि ब्रिटेन 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। गौरतलब है कि पढ़ाई के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों की पहली पसंद है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्होंने वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) लिया है। अमेरिका में हुई ताजा घटनाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले तीन लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्रों को चिंतित किया है। हालांकि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि विदेश में पढ़ रहे छात्रों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमले के बाद तेलंगाना सरकार ने अमेरिका में एक हेल्प डेस्क के गठन का फैसला किया है। छात्रों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सहायता प्रणालियों में वृद्धि पर जोर दिया है। ऐसे में विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है।

हमारा मौजूदा संसदीय जनतंत्रः समस्या और समाधान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हमारी मौजूदा जनतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है,वह संप्रभु है। 'संसदीय संप्रभुता', इसके पीछे अवधारणा यह है कि सभी संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, विभिन्न मुद्दों पर मुक्त बहस करने के बाद, व्यक्तिगत रूप से अपना-अपना स्वतंत्र मत व्यक्त करेंगे। इस तरह बहुमत से जो निर्णय होगा वह जनता का निर्णय होगा और वही अंतिम हो जाएगा। न्यायपालिका भी उसको केवल संवैधानिकता/असंवैधानिकता(के आधार पर निरस्त कर सकेगी। निरपेक्ष औचित्य/अनौचित्य (डयू प्रोसेस ऑफ लॉ) के आधार पर नहीं। (वैसे हमारी न्यायपालिका ने धीरे-धीरे डयू प्रोसेस ऑफ लॉ के रकबे में दखल देकर इस अधिकार को भी हथिया लिया है।) किंतु दलीय प्रणाली (जिसकी संविधान में न तो व्यवस्था है, न निषेध) ने सचेतक की संस्था के साथ गठजोड़ कर संसदीय संप्रभुता को शासक दल की संप्रभुता में बदल दिया है। यदि शासक दल में आंतरिक जनतंत्र न हो तो यह संप्रभुता दल के एक कॉकस में या एकछत्र शीर्ष नेतृत्व में केंद्रित हो जाती है और संसद महज चिल्लपों मचाने की दुकान में अवमूल्यित हो जाती है।

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई। वह दरअसल काट नहीं संसद को सड़क पर लाने की जुगत है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इसमें कुछ हाथ हमारे "राष्ट्रपिता" का भी बनता है जिन्होंने उन दिनों की संसदनुमा कौंसिल के बहिष्कार, अंतरात्मा या ईश्वर की आवाज वगैरह के जरिए संसदीय गरिमा को चपड़चूं करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी राष्ट्र में अपने पिता के गुण न आएं तो उसे अवैध संतान ही कहा जाएगा न? तो वैधता-अवैधता का मुद्दा इतना अहम है कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्र को पिता की वैध संतान सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

> भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई।

> हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें।

यह जो संसद से सरक कर सड़क तक (स्व. धूमिल जी के "भक्त" माफ करेंगे) आने वाला जनतंत्र है,वह तत्वतः जनतंत्र नहीं, भीड़तंत्र है। साथ ही उसमें अगर टीआरपी-क्षुधित मीडिया भी शामिल हो जाए तो वह देश के किसी भी कोने में हो, देशव्यापी भीड़तंत्र बन जाता है।

भीड़तंत्र का फंडा यह है कि उसमें तथ्य, तर्क और बुद्धि का सर्वथा लोप हो जाता है। नतीजतन वह अपरिहार्य रूप से भेड़तंत्र बन जाता है। आगे वाली भेड़ (नेता) भीड़ को जिधर चाहे ले जा सकती है, खड्डा और कुआं भी अपवाद नहीं हैं। इसके लिए निहित स्वार्थ को बस भावना की चाशनी में डुबोकर मुंह से टपकाते रहने की कला आनी चाहिए।

अकारण नहीं कि अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के बाद उसके इस भीड़तंत्री (या भेड़तंत्री) संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली भी बता डाला। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। कारण तंत्र के भ्रष्ट होने पर वहां गड़बड़ी पैदा करने वाला एक व्यक्ति (राजा) या कुछ व्यक्ति (सत्तासीन कुलीन लोग) होते हैं, जब कि जनतंत्र के भ्रष्ट होने पर पूरी जनता ही गड़बड़ी पैदा करने के शुभ कार्य में संलग्न हो जाती है। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध करना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? एक विकल्प कांग्रेस की ओर से राहुल जी ने निकाला है-देश के आरपार यात्राएं करना। इस विकल्प की उपयोगिता-अनुपयोगिता पर दो राय हो सकती है। किंतु उसका संबंध संसदीय जनतंत्र नामक संस्था के इलाज से कम और इस वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव से अधिक लगता है। यदि ऐसा है तो चुनाव परिणाम आते ही उसकी उपयोगिता-अनुपयोगिता का परिणाम भी मालूम हो जाएगा। दुर्भाग्य से राजनीतिशास्त्र कोई फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स नहीं है,जहां हर सिद्धांत सूत्रबद्ध किया जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र के सारे सिद्धांत अमल के लिए आदमी नाम के प्राणी पर निर्भर करते हैं और आदमी जैसा जटिल, अननुमेय प्राणी इस पृथ्वी पर पाया नहीं जाता। लिहाजा जितना ऊंचा सिद्धांत, धूर्तों की कृपा से व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति।

एक विकल्प मुझे भी थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें। वे जनता के बीच रहकर दल की नीतियों के अनुरूप कार्य करें। जनता की दिन-प्रतिदिन की समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें,जो उनके वश में न हों, दल के नेतृत्व की जानकारी में लाएं, नेतृत्व ऐसे क्षेत्रों का दौरा करें। उनकी आवाज संसद में उठाए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, सत्ता के लिए उनकी प्रतिद्वंद्विता हर चुनाव क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के आलोक में हो,उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज वाग्जाल और स्टंट न रहकर इन समस्याओं और उनके समाधान के परिप्रेक्ष में हो।

सांसदों के इस कार्यकलाप के आधार पर संसद की बहसें व्हिप से मुक्त होकर, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की ठोस, जमीनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हों। उनके निदान के लिए जनता के ठोस हालात की बेहतरी के लिए,उसके विकास के मार्ग की बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के लिए हों। संसद सांसदों के लिए अपनी वाकपटुता के प्रदर्शन से एक दूसरे को नीचा दिखाने, स्वयं को जनता का सच्चा सेवक और विरोधी को देश और जनता का दुश्मन सिद्ध करने, हल्ला मचाकर संसद के काम में अवरोध उत्पन्न करने, आए दिन संसद से बहिर्गमन करने आदि का अड्डा (टॉकिंग शॉप) बनने के बजाय जनता की समस्याओं का,जनता का प्रतिबिंब बने। हर सांसद और संसदीय उम्मीदवार अक्सर अपने क्षेत्र की सड़कों पर दिखे तो शायद संसद को सड़क पर लाने की जरूरत न रह जाए। जनतंत्र को भीड़तंत्र/भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्टतम शासन प्रणाली बनने से रोकने का, ढीलाढाला ही सही,काम चलाऊ ही सही,शायद यही विकल्प हो।

प्रसंगवश

महिलाओं की जिम्मेदारी कर्तव्य या मजबूरी

कई बार औरतों और लड़कियों का व्यवहार मुझे समझ में नहीं आता है। जब मां बाप घूमने-फिरने, आने-जाने और पहनावे पर टोका-टोकी और रोक-टोक करते हैं, तब मां बाप दकियानूस लगते हैं, जल्लाद लगते हैं, पुराने खयालात के लगते हैं। उनकी मूल आजादी और भावनाओं के खिलाफ लगते हैं। लेकिन जब लड़की का ब्वाय फ्रेंड या औरत का पति उसके कहीं आने-जाने, घूमने-फिरने पर टोका टोकी करता है। उसके पहनावे को लेकर सवाल उठाता है या विरोध करता है तो तब उन्हें लगता है कि उनका प्रेमी या पति उनसे बहुत प्यार करता है। ना कुछ अजीब, एक ही व्यवहार के लिए दो अलग-अलग भावनाएं? वैसे भी महिला शक्ति को समझना इतना आसान नहीं है।

> देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता ।

प्रेमिका या पत्नी जब कहती है कि उसका पुरुष उसके प्रति बहुत पजेसिव है, वह उस से बहुत प्यार करता है तो वह घुमा-फिराकर अंजाने ही इशारों ही इशारों में यह कहना चाह रही होती है कि उसका पुरुष शक करता है। पुरुष अपनी स्त्री पर मालिकाना हक जताता है। उसे एक वस्तु से अधिक नहीं समझता है। ऐसा पुरुष अपनी स्त्री पर हमेशा दबाव बनाए रखता है। उस पर हमेशा अंकुश लगा कर रखता है। उसे अपनी जायदाद समझता है। इस धरती पर अधिकांश पुरुष ऐसे ही होते है। जब कोई औरत स्वीकार करती है कि उसका पुरुष उसके प्रति पजेसिव है तो बिना लाग लपेट आप समझ जाएं कि वह स्त्री आसमान में स्वच्छंद उडान भरना चाहती है लेकिन वह दबाव में है। यह दबाव वह अपने पुरुष से महसूस करती है।

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

मनोवैज्ञानिक नियम है कि अपहृत किया हुआ व्यक्ति साथ में रहते हुए कुछ वक्त के बाद अपने अपहरण कर्ता के प्रति प्यार के भाव से भर जाता है। उस से स्नेह करने लगता है और इस बात की भनक तक अपहृत व्यक्ति को नही लगती है। एक पजेसिव पुरुष और उसकी स्त्री के बीच लगभग ऐसा ही रिश्ता होता है। स्त्री में इस बात की समझ विकसित नहीं हो पाती कि उसके पुरुष ने मानसिक और सामाजिक रूप से उसका अपहरण कर लिया है। उस को बंधन में रखे हुए है, यह नागवार विपरीत परिस्थिति स्त्री को अपने अनुकूल लगती है।

भारतीय समाजिक ताना बाना भी ऐसा है कि अधिकांश महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनने देता है। जो आत्मनिर्भर होती भी हैं तो घर और परिवार के लिए त्याग करने की जिम्मेदार उन पर आ जाती है। जब कुछ छोड़ छाड़ कर वे अपने पुरुष पर आश्रित हो जाती है। अधिकांश भारतीय महिलाएं पुरूषों पर आश्रित होती है। इसलिए भी शायद रिश्ते लंबे निभ जाते हैं और ऐसे में पुरुष की सौ गलतियां भी माफ हो जाती हैं। शब्दों की मीठी चाशनी में आपसी संबंधों के समर्थन में भले लाख तर्क दिए जाएं लेकिन इस के मूल में मजबूत मजबूरियां ही होती हैं वर्ना किसी इंसान का आत्म सम्मान न जागें, यह असंभव है। जब पुरुष नारी को अपने वश में करने में असफल हो जाता है तो उसे चरित्रहीन साबित कर देता है और जब चरित्र की बात आती है तो मजबूरी में ही सही नारी अपना हथियार नीचे रख आत्म समर्पण कर देती है। ऐसे में सब जानते, बुझते, समझते न चाहते हुए भी स्त्री सबसे पहले अपना घर बचाती है।

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता और खाता फिर कानूनी भरण-पोषण का खर्च देता वह अलग से होता।

आम स्त्री को अपनी मूलभूत सुविधाएं फलीभूत होने से ही मतलब होता है। इसलिए भी वे चाह कर भी अपने पुरुष का विरोध नहीं कर पाती है। इतिहास गवाह है, स्त्री समानता, महिला अधिकार और आत्म निर्भरता की पहल भी पुरूषों ने ही की थी! उनको जागरूक करने की अलख भी पुरुषों ने ही जगाई है।

अर्थशास्त्र समझाकर मानेंगी मजबूरियां

पिछले महीने जौनपुर तक यात्रा पर गया था, कार से गया था, रास्ते में जगह जगह बने फास्टैग के साथ टोलों पर 1500 रुपये से ज्यादा टैक्स देना पड़ा। खल गया। ट्रेन से चलो तो सीनियर सिटीज़न को मिलने वाली छूट ख़त्म कर दी गई है, सड़क पेट्रोल/डीज़ल की क़ीमत के साथ साथ टोल पर टोल। यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

सोचा, इतने महंगे टोल क्यूं हो गए? यू-ट्यूब पर मिल गए लेखक और अर्थशास्त्री अंशुमान तिवारी। वह कालम लिखते हैं। पता चला कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक सरकारी स्वायत्त संस्था है जो बाजार से लोन ले सकती है और इसने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बजट के अतिरिक्त, श्री गड़करी जी के कार्यकाल में 3.48 लाख करोड़ का कर्ज उठाया जबकि वर्ष 2014 तक यह कर्ज मात्र 24 हजार करोड़ था। मतलब करीब 24 गुना ज्यादा। मैं तो दंग रह गया। सुन रहा था कि गड़करी जी खूब सड़कें बनवा रहे है, बहुत सफल है, पर पता लगा यह सब तो हम पर लादे जा रहे कर्ज की वजह से है। हम सबको पता है कि सड़कें बनाने में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ठेका दिया जाता है और सड़क के साथ उसके तमाम छेदों से इधर उधर भी वह खूब गिरता है। कितना सड़क पर गिरा, कितना बाहर, यह जांच का विषय है पर हम नागरिकों को इसके कारण बली का बकरा ज़रूर बनना पड़ रहा है। इतने कर्ज की अदायगी कैसे होगी, साफ़ है हमारी आपकी जेब से होगी, जितनी काटी जा सकती है, उतनी काटी जाएगी। कुछ हम कटेंगे, कुछ बैंक में डिफ़ॉल्ट होगा। बैंक का डिफ़ॉल्ट भी, अपना डिफ़ॉल्ट होगा। यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है। बहुत अच्छा हुआ। आप देख रहे होगे अब एनएचएआई की चाल काफ़ी धीमी पड़ गई है। लखनऊ जाता रहता हूं। 2014 के बाद दिल्ली से लखनऊ जैसे सबसे बड़े प्रांत को जोड़ने वाली, सत्ता पक्ष को सबसे ज्यादा सांसद देने वाली यूपी की राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे (न.24) रामपुर से सीतापुर के बीच बननी थी, शेष बन चुकी थी और अफ़सोस आज भी वह कई जगहों पर पूरी नहीं हुई है।

> यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है।

केंद्र सरकार ने एनएचएआई को तो रोक दिया पर इसी छानबीन में पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा लिए जा रहे क़र्ज़ों को लेकर पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेतावनी दी है और इसे सरकार तथा बैंक का ख़तरनाक गठजोड़ बताया। बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और सरकारी संस्थाओं का कर्ज हमारी जीडीपी के बराबर का हो गया है, ख़तरनाक स्तर पर पहु गया है। जो कर्ज 2014 -15 में जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत होता था, अब उसके बराबर हो गया है। आईएमएफ ने तो यह तक कह दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'डूम लूप' की तरफ़ जा रही है।

सोचता हूं कि मैं ज़िंदगी भर कर्ज से दूर भागता रहा, पर कर्ज है पीछे पड़ा हुआ है। लखनऊ में मकान बनवाने के लिए सरकारी कर्ज ज़रूर लिया था, दो बार मिलता था, मैंने कोशिश कर तीन बार लिया क्योंकि सरकारी कर्ज तनख्वाह से कटता रहता था, ज्यादा तंग नहीं करता था। ऊपर से गर कोई अनहोनी हो जाए तो कर्ज के बराबर ही उसका बीमा भी करा दिया था शुरू से ही सेविंग भी करता रहा ताकि वक्त ज़रूरत पर काम आए पर आज पता लग रहा है कि मैंने कर्ज भले ही नहीं ले रखा पर मेरे नाम पर सरकार द्वारा लिया गया कर्ज तो बहुत हो गया है। यह कर्ज हमीं सब को भरना है। डाइरेक्ट टैक्स में भी 30 प्रतिशत तक के दायरे में हूं। इनडाइरेक्ट टैक्स तो हर जगह देना ही देना है। जो कुछ ख़रीदो तो टैक्स , चलो तो टैक्स, खाओ तो टैक्स, देखो तो टैक्स। गर मुद्रा छापकर, इसे सरकार ने भुगताया तो रुपये का अवमूल्यन भी हमीं सब को झेलना होगा।

हो सकता है कि आप न डर रहे हो पर जब आईएमएफ चिंतित हो रहा है तो मेरा चिंतित होना स्वाभाविक है। मेरी बचत स्टेट बैंक में जमा है। जानकर लोग राय दें कि वहां सुरक्षित है ना। अर्थशास्त्र कभी मेरा विषय नहीं रहा पर लगता है कि ज़िंदगी की मजबूरियां, अर्थशास्त्र भी समझा कर मानेगी।

सोशल फोरम

त्रिकालदर्शी

एक त्रिकालदर्शी गुरु थे। त्रिकालदर्शी वह है जो भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को जानते हैं। द्विकाल दर्शी तो मैं भी हूं अर्थात भूत याद है और वर्तमान दिखाई दे रहा है। गुरु जी जन्म मृत्यु के भय से मुक्त शिष्यों को संसार की नश्वरता का ज्ञान देते थे। एक दिन शिष्य हैरान कि गुरु जी दहाड़ मार कर रो रहे हैं। एक शिष्य ने पूछ लिया कारण। गुरु जी ने कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है'। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा कि आप तो संसार की नश्वरता को हमें समझाते हैं और स्वयं रो रहे हैं? गुरु बोले कि रोने का कारण पुत्र मृत्यु नहीं वरन् अगला शरीर है। शिष्यों ने पूछा कि वह क्या है?' मूझे अगले जन्म में शूकर (सुअर)का शरीर मिल रहा है। शिष्य भी दुखी। कहां इतने तपस्वी, सदाचारी,निर्मलाहारी भोजक और छी छी ऐसा अगला शरीर। शिष्यों ने पूछा कि ऐसा दंड क्यों? गुरु जी ने कहा कि यह तो मैं यम से पूछ लूंगा लेकिन अभी मुक्ति का उपाय सोचना है। परामर्श के बाद तय हुआ कि ज्यों ही गुरु जी का पुनर्जन्म होगा उनके उस शरीर का वध कर दिया जाए। उनका एक शिष्य शायद उत्तराखंड सचिवालय में बाबू रहा हो, ने सवाल किया कि गुरु जी शहर-शहर गली-गली इतने घूमते हैं कितने मारेंगे? प्रश्न उचित था। उपाय निकाला गया और तय हुआ कि गुरु जी सुअर के रुप में जन्म लेंगे तो उनके माथे पर सफेद निशान होगा। यथा समय गुरु ने शरीर त्याग दिया, शिष्य गण भी इनक्यूबेशन पीरियड की समाप्ति के बाद हाथ में लट्ठ, बरछी, तलवार,भाला आदि लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। संयोग से गुरु की निशानी वाला एक नया नया बाल शूकर नाली में लोटता और मल भक्षण करता मिल ही गया। शिष्य वध करने दौड़े। गुरु जी चीं-चीं करते भागे और बोले मत मारो मत मारो। समझदार शिष्य ने कहा कि गुरु जी यह तो आपका आदेश है? गुरु (सूअर रुप) गंभीर स्वर में बोले, वत्स,जब मैं मानव शरीर में था तो मुझे यह शरीर घृणित लगता था, लेकिन अब इस शरीर में आ गया हूं तो इसी में आनंद आ रहा है। इस आख्यान से मेरी समझ में यह आ रहा है कि मनुष्य को त्रिकालदर्शी नहीं होना चाहिए।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत आईएएस

-फेसबुक वॉल से

विश्व पुस्तक मेले को स्तरीय बनाना होगा

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अब दुनिया के सर्वाधिक बड़े पुस्तक मेलों में शामिल है। इस बार यह 10 से 18 फरवरी 2024 तक है। हालांकि फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) भी हर साल अगस्त में दिल्ली के प्रगति मैदान में ही पुस्तक मेला लगा रहा है और इसमें लगभग सभी ख्यातिलब्ध प्रकाशक आते हैं, बावजूद इसके नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेले की मान्यता अधिक है।

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें, खासकर हिंदी की, अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से नई दिल्ली पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है। किताबों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन "राइटर्स टेबल" का विशेष आयोजन होता है। यह बड़ी बात है कि केवल किताब खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाईट उपलब्ध हैं जिस पर घर बैठे आदेश दो और घर बैठे डिलेवरी लो, इसके बावजूद इसके बावजूद यहां 1200 से 1400 प्रतिभागी होते हैं और कई चाह कर भी हिस्सेदारी नहीं कर पाते क्योंकि जगह नहीं होती। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां किताब का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। लेकिन यह नई दिल्ली पुस्तक मेले का 31 वां आयोजन है और इसे अब बदलना होगा। पिछले साल से यह मेल प्रगति मैदान के नए बने हॉल में हो रहा है और इतने विशाल परिसर में कोई स्टाल तलाशना बहुत जटिल है। पेइचिंग पुस्तक मेले में बड़े-बड़े हाल्स को चौराहों की तरह विभाजित किया जाता है और बीच के रास्ते पर बड़े बड़े प्लेट लटकते हैं जो पंक्ति और स्तंभ में शामिल विक्रेताओं के नंबर स्पष्ट दिखते हैं। अंग्रेजी के हिस्से में लोग विदेश से आए रद्दी में से किताबों को बेहद कम दाम पर बेचते हैं, उनके यहां भीड़ भी होती है लेकिन ऐसे दृश्य किसी मेले के 'विश्व स्तरीय' होने पर सवाल उठाते हैं।

> वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है।

यह बात भी तेजी से चर्चा में है कि इस पुस्तक मेले में विदेशी भागीदारी लगभग ना के बराबर होती जा रही है। यदि श्रीलंका और नेपाल को छोड़ दें तो विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन, स्वास्थ्य, यूनीसेफ आदि के स्टाल विदेशी मंडप में अपनी प्रचार सामग्री प्रदर्शित करते दिखते हैं। फ्रेंकफर्ट और अबुधाबी पुस्तक मेला के स्टाल भागीदारों को आकर्षित करने के लिए होते हैं। इक्का-दुक्का स्टालों पर विदेशी पुस्तकों के नाम पर केवल 'रिमेंडर्स' यानी अन्य देशों की फालतू या पुरानी पुस्तकें होती हैं। ऐसी पुस्तकों को प्रत्येक रविवार को दरियागंज में लगने वाले पटरी-बाजार से आसानी से खरीदा जा सकता है। पहले पाकिस्तान से दस प्रकाशक आते थे लेकिन बीते एक दशक से पाकिस्तान के साथ बाकी तिजारत तो जारी है लेकिन एक दूसरे के पुस्तक मेलों में भागीदारी बंद हो गई। हालांकि विदेशी तो बहुत दूर है, हमारे मेले में संविधान में अधिसूचित सभी 22 भारतीय भाषाओं के स्टाल्स भी नहीं होते। पहले राज्यों के प्रकाशक संघों को निशुल्क स्टाल और आवास की व्यवस्था की जाती थी तो ढेर सारे भाषाई प्रकाशक यहां आते थे।

नई दिल्ली पुस्तक मेला की छवि पर एक दाग वहां हर हाल में बजने वाले प्रवचन और हल्ला-गुल है। बीते कुछ सालों से हर बार वहां कुछ संगठन उधम करते हैं और सारा साहित्यिक जगत सांप्रदायिक विवाद में धूमिल हो जाता है। समझना होगा कि किताबें लोकतंत्र की तरह हैं- आपको अपनी पसंद का विषय, लेखक, भाषा चुनने का हक देती हैं। यह मेल ही है तो है जहां गांधी- और सावरकर, चे-गोवएरा और भागवत गीता साथ साथ रहते हैं और पाठक निर्णय लेता है कि वह किसे पसंद करे। या तो इस तरह के धार्मिक स्टाल्स को लगाने ही नहीं देना चाहिए या फिर उन्हें किसी एक जगह एक साथ कर देना चाहिए। पुस्तक मेला के दौरान बगैर किसी गंभीर योजना के सेमिनारों, पुस्तक लोकार्पण आयोजनों का भी अंबार होता है। यह बात भी अब किसी से छिपी नहीं है कि अब एक ही तरह की विचारधारा के लोगों को आयोजक द्वारा निर्धारित "लेखक मंच" में समय दिया जाता है। असल में यह स्थान भागीदार प्रकाशकों के लिए बना था कि वे अपने स्टाल पर लोकार्पण आदि न करें और इससे वहां भीड़ न जमा हो। लेकिन लेखक मंच राजनीतिक मंच बन गया और प्रकाशक यथावत अपने स्टाल पर आयोजन करते हैं। बाल मंडप में भी बच्चे स्कूल्स से बुलाए जाते हैं जबकि यह स्थान इस तर्क का होना चाहिए कि मेले में आए बच्चे स्वतः यहां की गतिविधियों में शामिल हों।

छुट्टी के दिन मध्यवर्गीय परिवारों का समय काटने का स्थान, मुहल्ले व समाज में अपनी बौद्धिक ताबेदारी सिद्ध करने का अवसर और बच्चों को छुट्टी काटने का नया डेस्टीनेशन भी होता है- पुस्तक मेला। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टालों पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, हाल के भीतर मोबाईल का नेटवर्क कमजोर होने, भीड़ के आने और जाने के रास्ते एक ही होने जैसी कई ऐसी दुविधाएं हैं जिनसे यदि निजात पा ले तो सही मायने में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेल "विश्व" स्तर का होगा।

एक नजर

देर से पहुंचे बेंगलुरू और पुणे के विमान

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्पाइस जेट के बेंगलुरू और पुणे से आने वाले विमान बुधवार को एक घंटे की देरी से पहुंचे। विमानों की देरी को खराब मौसम का हवाला दिया गया। इसके अलावा फरक्का एक्सप्रेस तीन घंटे और दून एक्सप्रेस ट्रेन दो घंटे की देरी से अयोध्या कैंट पहुंचीं। आज कुल 10 विमान टेकऑफ हुए।

जिला अस्पताल में बना थैलीसिमिया वार्ड

अयोध्या, अमृत विचार : जिला अस्पताल में थैलीसिमिया वार्ड बनाया गया है। इस वार्ड में थैलीसिमिया से ग्रसित बच्चों को भर्ती किया जाएगा। सीएमएस डॉ.एनपी गुप्ता ने बुधवार को बताया कि वार्ड में चार बेड लगाए गए हैं। आने वाले दिनों में वार्ड को अलग जगह पर शिफ्ट करते हुए बेडों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

कर्मियों का विवरण फीड करने के निर्देश

अयोध्या, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने जिले के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत सभी मतदान, मतगणना कार्मिकों के लिए विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों का विवरण अद्यतन शत प्रतिशत फीड करने के निर्देश दिये हैं।

रिटायर्ड फौजी की लाइसेंसी बंदूक नहीं मिली

अयोध्या, अमृत विचार : लगभग सवा माह पूर्व कैंट थाना क्षेत्र के एफसीआई गोदाम के पास संदिग्ध हाल में गायब सेवानिवृत्त फौजी कैंट थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी करमअली का पुरवा निवासी दिनेश कुमार की लाइसेंसी बंदूक का अभी तक सुराग नहीं लग पाया। थाने के एसएसआई शरतचंद्र का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ बंदूक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।

जुलूस सफरे मदीना नौ को शाम सात बजे

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जुलूस सफरे मदीना नौ फरवरी को शाम सात बजे निकलेगा। जुलूस मस्जिद फैय्याज़ से उठकर अपने कदीमी रास्ते से होता हुआ दरगाह आलिया कमरख खुर्द महल जाएगा। जिसमें शहर की सभी अंजुमन शिरकत करेगी। जुलूस में मौलाना क़मर मेहदी, मौलाना मोहम्मद जाफ़र, मौलाना नदीम रज़ा ज़ैदी तकरीर करेंगे।

पाक बार्डर से पहुंचे रामभक्त, भक्तिपथ पर गूंजा राम भजन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामोत्सव के रंग के बीच अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं का आगमन अनवरत जारी है। यहां बुधवार को आस्था स्पेशल ट्रेन से पाकिस्तान बार्डर से 1400 रामभक्तों का जत्था पहुंचा। दोपहर 12 बजे से एक घंटे के लिए हनुमानगढ़ी पर दर्शन बंद होने के दौरान श्रद्धालु भक्तिपथ पर बैठ कर राम भजन गाने लगे। दर्शन सुलभता से हो जाएं इसके लिए कोई कतार से नहीं हटा। भक्तिपथ पर मौजूद इन रामभक्तों ने लगातार जय श्रीराम के उद्घघोष से क्षेत्र गुंजायमान कर दिया।

रामलला के दर्शन के साथ यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु हनुमंत लला के दरबार में भी शीश नवा रहे हैं।

श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराते एसएसबी के जवान।

पाकिस्तान बार्डर से आए रामभक्त भक्तिपथ पर जय श्रीराम का उद्घोष करते।

भक्तिपथ पर बैठकर भजन कीर्तन करते श्रद्धालु।

एससबी के जवान भक्तिपथ पर दर्शनार्थियों की लाइन लगवाकर बारी - बारी से दर्शन करने के लिए भेज रहे है। एससबी के एसआई ओम प्रकाश ने बताया भीड़ को कंट्रोल करने के लिए 67 जवान रोज की तरह आज भी सुबह आठ बजे से लाइन लगवाकर दर्शन करवा रहे है। देर रात तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। जत्थे का नेतृत्व कर रहे छगन लाल गहलोत ने बताया कि हम लोगों के ठहरने से लेकर भोजन की व्यवस्था कराई गई है। ऐसा पहली बार है जब रामभक्तों को इतना सत्कार दिया जा रहा है। सुरक्षा और अयोध्या धाम की व्यवस्था बहुत ही अच्छी है। मुरादाबाद और अमरोहा से आए कुनाल ने कहा हम 12 लोग कल अयोध्या आए हैं। दो घंटे से लाइन में खड़े लेकिन थके नहीं है। बोले अयोध्या वास्तव में अलौकिक नगरी बन चुकी है। यहां सड़कों पर बैठ भजन करना स्वर्ग के किसी आसन से कम नही है

अयोध्या धाम में बिक रही एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक्स

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या धाम में पूरे भारत वर्ष के विभिन्न प्रदेशों से लाखों लोग आ रहे है। इन सबके बीच बुधवार को यहां एक बड़ी कंपनी की एक्सपायरी डेट की कोल्ड-ड्रिंक मिलने का मामला सामने आया है। भक्ति पथ पर कोल्डड्रिंक का व्यापार करने वाले अतुल ने बुधवार दोपहर बाहर से आए एक श्रद्धालु की मांग पर कोल्ड ड्रिंक दी। शुक्र रहा कि कोल्ड-ड्रिंक देते समय अचानक दुकानदार की निगाह एक्सपायरी डेट की ओर चली गई। इसके बाद उन्होंने ग्राहक से कोल्डड्रिंक न पीने की अपील की। नामी कंपनी के इस कोल्ड ड्रिंक पर बनाने की 23 अप्रैल 2023 तिथि लिखी और एक्सपायर तिथि 22 जनवरी 2024 लिखी है। दुकानदार ने बताया पांच गत्ता माल मंगवाया था। अभी तक कोई शिकायत नहीं थी। उसने बताया कि अब जब एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक सामने आ गई है तो सारा माल हटा कर कंपनी के जिम्मेदार से शिकायत की है। कंपनी के अधिकारी शिवेंद्र ने बताया शिकायत मिली है, संभवत: गलत आपूर्ति हो गई हो। सभी जगह चेक कराया जा रहा है।

कोल्ड-ड्रिंक की बाटल पर दर्ज तिथि।

देश भक्ति और भक्ति गीतों पर बच्चों ने दिखाई भावनृत्य की सुंदर प्रस्तुति

थानगांव, सीतापुर

अमृत विचार। सरकारी विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने ताली बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विकास खण्ड रेउसा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बछवरिया में वार्षिकोत्सव व अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती व भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान बछवरिया परसराम उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव व अभिभावक मीटिंग में मौजूद प्रधान और अध्यापक। अमृत विचार

विद्यालय के छात्रों ने सर्वप्रथम सरस्वती गीत का गायन कर कार्यक्रम् की शुरुआत की। विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति व भक्ति के गीतों पर भावनृत्य की सुंदर प्रस्तुति की। जिसमें उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर सराहना की। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम समापन पर प्रधानाध्यापक मोहित सिंह ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यालय में कराए गए कायाकल्प के कार्यों की भी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में कन्हैयालाल अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्ध समिति, अध्यापक योगेंद्र पाल सिंह, रविन्द्र कुमार, महेश मौर्या, रामविजय, अभिभावकगण व बच्चे उपस्थित रहे।

शिक्षा के बिना इंसान की कोई अहमियत नहीं होती: काजिम

सीतापुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार बुधवार को खैराबाद ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय नेवादा देवमन में वार्षिकोत्सव एवं बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक काजिम हुसैन ने कहा कि यह नौनिहाल हमारे देश की रीढ़ की हड्डी कहलाते हैं, इनका शिक्षित होना बहुत अनिवार्य है, क्योंकि शिक्षा के बिना इंसान की कोई अहमियत नहीं होती। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि अपने बच्चों नित्य विद्यालय भेजें। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जिसमें सुलेख, कविता, कक्षा एक से तीन तक व कक्षा पांच से आठ तक बच्चों की दौड़ कराई गई। इसके अतिरिक्त बच्चों ने गीत नृत्य आदि के कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान प्रबन्ध समिति अध्यक्ष माता-पिता अभिभावक अध्यक्ष शंकर लाल और कमला देवी उपस्थित रहीं। जबकि ग्राम नेवादा, कोलिया, रामपुर निजामपुर के बड़ी संख्या में अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।

सुरक्षा घेरे में सुलतानपुर दीवानी पहुंचे संजय सिंह

सेंट्रल जेल तिहाड़ से दीवानी में पहुंचे आप सांसद संजय सिंह। अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। दिल्ली की तिहाड़ सेंट्रल जेल में कथित शराब घोटाला में निरुद्ध आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को पुलिस बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ लेकर दीवानी पहुंची। आप सांसद अपने अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन के साथ कोर्ट में पेश हुए। विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव की अदालत में आप सांसद का बयान दर्ज किया गया।

आप सांसद ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए रंजिशन दर्ज कराये गये मुकदमे में आरोपों से इंकार किया। इस दौरान सांसद के समर्थक कोर्ट के बाहर डटे रहे। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 14 फरवरी की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र के मुताबिक 23 अक्टूबर 2008 को तत्कालीन बसपा सरकार के खिलाफ शहर के तिकोनिया पार्क में सपा ने घेरा डालो-डेरा डालो कार्यक्रम आयोजित किया था। आरोप है कि सपाइयों ने कलेक्ट्रेट के सामने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा, मौजूदा समय में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, वर्तमान भाजपा एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, गौरीगंज के सपा विधायक राकेश सिंह, सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव समेत कई सपाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने बयान दर्ज करने के लिए पिछले दिनों सांसद संजय सिंह को जेल से तलब किया था। वे इस समय दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में निरुद्ध हैं। कोर्ट में बयान दर्ज होने के बाद कड़ी सुरक्षा में दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उधर, दिल्ली तिहाड़ जेल से आप सांसद संजय सिंह बुधवार सुबह सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन से सुबह 5:40 पर सुलतानपुर पहुंचे।

सलाह: आलू की फसल में कम अंतराल पर जरूर करें सिंचाई

सीतापुर, अमृत विचार। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में पूरे उत्तर भारत में न्यूनतम् तापमान बहुत कम रह रहा है। अतः आलू की खेती करने वाले कृषक बन्धुओं को सलाह दी जाती है कि इन दिनों खेतों की नमी बनाये रखने के लिए सिंचाई कम अंतराल पर जरूर करें।

कुछ क्षेत्रों में आलू की शीर्ष पत्तियों पर हल्का पीलापन हो रहा है, जो मौसम के साफ होने एवं सूर्य की अच्छी धूप पड़ने पर स्वतः ठीक हो जाएगा। आलू की खुदाई के दस दिन पहले अंतिम सिंचाई रोंक दें। भण्डारण हेतु रखी जाने वाली फसल के पत्ते काटने के दस से पंद्रह दिन के बाद आलू की त्वचा अच्छी तरह से पकने पर ही खुदाई की जाये। जिन किसान भाईयों ने आलू की फसल में अभी तक फफूंदनाशक दवा का पर्णीय छिड़काव नहीं किया है या जिनकी आलू की फसल में अभी पिछेता झुलसा बीमारी प्रकट नहीं हुई है, उन सभी किसान भाईयों को यह सलाह दी जाती है कि वे मैन्कोजेब/प्रोपीनेब/क्लोरोथेलोंनील युक्त फफूंदनाशक दवा का रोग सुग्राही किस्मों पर 0.2-0.25 प्रतिशत की दर से अर्थात 2.0-2.5 किलोग्राम दवा 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर छिड़काव तुरन्त करें।

फफूंदनाशक को दस दिन के अंतराल पर दोहराया जा सकता है। किसान भाइयों को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि एक ही फफूंदनाशक का बार-बार छिड़काव न करें। कवकनाशी, कीटनाशी, उर्वरकों एवं अन्य रसायनों के टैंक मिश्रण का छिड़काव किसी विशेषज्ञ की देख-भाल में ही करें।

महोली कोतवाली का निरीक्षण करते एएसपी दक्षिणी। अमृत विचार

अपर पुलिस अधीक्षक कोतवाली का किया निरीक्षण

सीतापुर, अमृत विचार। को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन ने थाना महोली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कम्प्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक के साथ-साथ सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण किया और थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण कर बेहतर रख-रखाव व उनको अद्यावधिक रखने हेतु सर्व-सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी महोली एवं प्रभारी निरीक्षक महोली सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

अयोध्या नगर निगम बोर्ड में भाजपा को मिला बहुमत

अयोध्या कार्यालय

▸▸ अल्पसंख्यक समेत पांच निर्दलीय पार्षद पार्टी में शामिल

अमृत विचार: भाजपा ने अयोध्या नगर निगम बोर्ड में बहुमत हासिल कर लिया। ऐसा नगर निगम में जीते एक अल्पसंख्यक समेत पांच निर्दलीय पार्षदों के बुधवार को लखनऊ में भाजपा का दामन थामने के चलते हुआ। नगर निगम चुनाव में पार्टी के महापौर प्रत्याशी के अलावा 60 वार्डों में 27 पार्षदों ने जीत हासिल की थी, जबकि 17 सीट सपा, तीन सीट बसपा और एक-एक सीट रालोद, पीस और आम आदमी पार्टी के खाते में गई थी। 10 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की थी।

अब लोक सभा चुनाव के पूर्व अयोध्या महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने पांच निर्दलीय पार्षदों को पार्टी से जोड़ न केवल निगम बोर्ड में बहुमत का आंकड़ा पार किया है, साथ ही पार्टी की जमीन मजबूत की है। लखनऊ प्रदेश प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में अयोध्या निगम के निर्दल पांच पार्षद मणिरामदास वार्ड की आभा पांडे पत्नी रिशू पांडेय, वशिष्ठ कुंड वार्ड से रंजना यादव पत्नी अनिकेत यादव, नानकपुरा वार्ड की मीरा देवी, अभिरामदास वार्ड के सुल्तान अंसारी व अवधपुरी वार्ड के पार्षद सौरभ सिंह सूर्यवंशी ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के संयोजन में अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता हासिल की है। जिसके बाद 60 सदस्यीय नगर निगम बोर्ड में भाजपा के पार्षदों की संख्या 32 हो गई है।

महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास की नीतियों से प्रभावित होकर नगर निगम के विकास के लिए पांच निर्दलीय पार्षदों ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली है। यह सभी अब अयोध्या के विकास में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर महंत बृजमोहन दास, पूर्व सभासद रमेश गुप्ता राणा, श्रीनिवास शास्त्री, शिव मोहन शुक्ल, विनीत पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

लखनऊ भाजपा कार्यालय में पार्टी का झंडा देते निर्दलीय पार्षद।

नौका विहार के दौरान सूरीनाम के सांसद। अमृत विचार

सूरीनाम के सांसदों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए बुधवार को दक्षिण अमेरिका स्थित सूरीनाम देश के लोकसभा सभापति के नेतृत्व में सात सदस्यीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल रामलला के दर्शन किए। इसके बाद सरयू नदी में नौका विहार भी किया। भारत के लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के निमंत्रण पर सूरीनाम से आए सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में स्पीकर मरिनस बेई, सांसद महेंद्र कुमार योगी, निशा झकरी, मांगरो, आशीष गयादीन, मोहन, रेश्मा म्हात्रे व परमेश्वर शामिल रहे। दर्शन पूजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। सांसद रेशमा म्हात्रे ने कहा कि रामलला से आशीर्वाद मांगा है कि भगवान सबको खुश रखे। कहा कि मैं मोदी की बहुत बड़ी फैन हूं और उनसे कुछ सीखना चाहती हूं। सांसद महेंद्र योगी ने बताया कि बहुत ही अच्छा लगा किसी जन्म में हमने कोई पुण्य किया था जो रामलला के दर्शन का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वज 150 साल पहले बिहार से सूरीनाम गए थे। स्पीकर मरिनस बेई ने कहा कि मेरा यह प्रथम अयोध्या दौरा है। एक महान अनुभूति हो रही है।

अभेद होगी स्थाई राममंदिर की सुरक्षा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब भव्य राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर नए सिरे से खाका खींचा जा रहा है। अत्याधुनिक उपकरणों के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाएगा। इस पर बुधवार को राम जन्मभूमि परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुई पहली राममंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में मंथन किया गया।

बैठक के पहले अधिकारियों ने जन्मभूमि पथ और परिसर में प्रवेश के पहले लगाई गई सुरक्षा के आधुनिक उपकरणों का भी निरीक्षण किया। आने वाले श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, विमलेंद्र मोहन मिश्रा के साथ एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, सीआरपीएफ के कमांडेंट, पीएससी, आरआरएफ और खुफिया विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

रामजन्मभूमि परिसर में बुधवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी।

45 मिनट में एक श्रद्धालु करता है दर्शन सिगरेट-तंबाकू न लाने की अपील

एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने बुधवार को बताया कि अब तक मंदिर परिसर की सुरक्षा को आगे बेहतर व्यवस्था के अनुरूप किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। लगभग 45 मिनट में प्रति व्यक्ति दर्शन कर राम जन्मभूमि क्षेत्र से बाहर आ जा रहा है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि भक्त सामान और सिगरेट, तम्बाकू आदि परिसर तक न लाएं उन्होंने बताया कि अभी निर्माण कार्य भी चल रहा है। इसलिए व्यवस्था को और बेहतर किया जा रहा है। बताया कि सामान की ही चेकिंग में विलम्ब होता है, इसलिए श्रद्धालु कम सामान लाएं तो अच्छा होगा।

गांव के विद्यालयों में होंगे रोबोट, दिन में भी दिखेंगे तारे

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी में गांव के बच्चे अब रोबोट बनाकर दिन में तारों के नजारे ले रहे हैं। सुनकर कुछ अटपटा सा लग रहा है, पर है सौ फीसद सच। मेरठ के रहने वाले बीटेक के छात्र ने प्रदेश के दर्जन भर उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जो कर दिखाया है, उसके सहारे छात्रों ने छोटे-छोटे रोबोट ही नहीं टेलिस्कोप भी बना डाले हैं। गांव में मेधाओं को तैयार करने वाले इस नौजवान का हुनर देखकर अमेरिकन सेंटर के वैज्ञानिकों ने कुछ नया करने के लिए आमंत्रण भी लिख भेजा है।

मेरठ निवासी बीटेक छात्र आशुतोष वशिष्ठ बताते हैं कि एक वर्ष पूर्व उन्होंने मेरठ के मोहिद्दीनपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्मार्टक्लास स्थापित किया। जिसमें बच्चों को रोबोटिक जोन, स्पेस लुक, टेलिस्कोप के सहारे विशेष जानकारियां दी गईं। कहते हैं कि कुछ ही दिनों के भीतर गांव के बच्चों ने छोटे-छोटे रोबोट और टेलिस्कोप भी बनाने शुरू कर दिए। फिर क्या था, यहीं स्मार्टक्लास को अन्य जनपदों में स्थापित करने का कार्य शुरू किया गया। बताते हैं कि प्रदेश के 12 जनपदों के 50 से अधिक विद्यालयों में आधारशिला नामक स्मार्टक्लास गांव की मेधा को पारंगत बना रही है। बीते वर्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मेरठ आकर गांव के विद्यालय की आधारशिला को नजदीक से देखा। अब, अमेरिकन सेंटर के वैज्ञानिकों ने साइंस स्पेस बनाने के लिए उन्हें आमंत्रण भेजा है।

मेरठ के एक विद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास का अवलोकन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

लखनऊ के सरोसा-भरोसा कम्पोजिट विद्यालय में तैयार आधारशिला।

छात्रों ने सीखी विशेष तकनीक

आशुतोष वशिष्ठ कहते हैं कि किताबों की अपेक्षा तस्वीरों के सहारे छात्र जानकारियां लेने में अधिक रुचि रखते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एक्स्ट्रा क्लास में छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सिखाया जाता है। इसी सब का प्रभाव है कि गांव के बच्चे कम समय में नई शिक्षा और तकनीक की ओर बढ़ चले हैं।

चंडीगढ़ के नवोदय विद्यालयों में स्थापित हुई व्यवस्था

चंडीगढ़ के नवोदय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास को स्थापित करने का जिम्मा बीटेक के छात्र को छह माह पूर्व मिला था। आशुतोष वशिष्ठ बताते हैं कि उनकी टीम ने 11 विद्यालयों में नई तकनीकी व्यवस्था को स्थापित की है। वहां के पढ़ने वाले छात्रों को एक्स्ट्रा क्लास के साथ जानकारियां देकर प्रैक्टिकल भी कराए जा चुके हैं।

शासन की कायाकल्प योजना बनी सहारा : बीटेक छात्र बताते हैं कि इनोजिकल इनोवेशन प्रा. लि. नाम से एमएसएमई में रजिस्टर्ड उनकी कंपनी के लिए शासन की कायाकल्प योजना लाभकारी बनी है। इसके सहारे उन्हें एक्स्ट्रा क्लास को स्थापित करने में लगातार मदद मिल रही है।

एक नजर

स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

मुसाफिरखाना, अमेठी। अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत उपनिरीक्षक राजेश कुमार तिवारी थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान रेलवे क्रासिंग हरगरवा के पास से 27 ग्राम स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक राजेश कुमार तिवारी मय हमराही कोतवाली पुलिस के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान रेलवे क्रासिंग हरगरवा के पास से 27 ग्राम स्मैक के साथ अभियुक्त समीर अली पुत्र फैय्याज निवासी तकिया मजरे जमुआरी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा।

वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

अमेठी। थाना कमरौली पुलिस ने दहेज प्रथा में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह चंदेल मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दहेज प्रथा में वांछित मेराज अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी पूरे राम सहाय मजरे महोना पश्चिम थाना शुकुल बाजार जनपद अमेठी उम्र करीब इकतीस वर्ष को कोयलारा रेलवे क्रासिंग के पास से समय करीब 11 दिन में गिरफ्तार किया गया है। थाना कमरौली के प्रभारी निरीक्षक अभिनेष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

सात दिन में लहसुन 400 रुपये प्रति किलो के पार

10 रुपये की टमाटर में आई तेजी

20 रुपये अरहर की दाल में बढ़ोतरी दर्ज

लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, अमेठी

अमृत विचार। लहसुन के दामों में अप्रत्याशित तेजी देखी गई है। एक सप्ताह पहले 300 रुपये प्रति किलो की दर से बिकने वाला लहसुन वर्तमान में 400 रुपये की दर पर पहुंच गया है।

सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि मंडी से ही लहसुन महंगा मिल रहा है। इधर, सब्जी और दाल के दामों में भी आंशिक वृद्धि हुई है। सात दिन पहले अरहर की दाल 180 रुपये प्रति किलो थी जो अब 200 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। सब्जी विक्रेता अनुज मौर्य ने बताया कि पेट्रोल-डीजल के लगातार बढ़ते दाम से खाद्य आपूर्ति महंगी हो रही है। ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने से इसका सीधा असर खाद्य वस्तुओं के दामों पर पड़ रहा है।

सब्जी का नाम	वर्तमान दर	एक सप्ताह पुरानी दर
लहसुन	400	300
टमाटर	40	30
भिंडी	100	80
बैंगन	50	40
करेला	100	80
फ्रासबीन	80	60

दाल का नाम	वर्तमान रेट	एक सप्ताह पुराने रेट
अरहर	200	180
राजमा	160	150
चना	90	80
उड़द	140	120
मूंग	130	120

चार गुना बढ़ गए लहसुन के दाम

लहसुन के दाम में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। 100 रुपये प्रति किलो की दर से मिलने वाला लहसुन वर्तमान में 400 रुपये प्रति किलो की दर से मिल रहा है। अधिकतर सब्जी विक्रेताओं ने मैदानी इलाके की मंडियों से लहसुन मंगाना बंद कर दिया है। स्थानीय व्यापारियों और लोगों का कहना है कि बीते दिनों में बाजार में लहसुन 100 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा था। अब बाजार में लहसुन अचानक 400 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। किसान जितेंद्र सिंह, धीरज सिंह, अरविंद मोदनवाल, मुस्तकीम बघेल सहित तमाम लोगों ने बताया कि तहसील क्षेत्र के अधिकतर काश्तकार अपने उपयोग के लिए लहसुन की खेती करते हैं। उन्होंने काश्तकारों से लहसुन और अदरक की खेती करने की अपील की है ताकि आने वाले समय में इसका मूल्य कम किया जा सके। अधिवक्ता गौरव का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में कभी इतना महंगा लहसुन नहीं देखा। लहसुन के थोक विक्रेताओं ने बताया कि दक्षिण भारत में उत्पादित लहसुन का अधिकतर हिस्सा निर्यात होने से इसके दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। उत्तर भारत में पैदा होने वाले लहसुन की खोदाई अप्रैल में की जाती है। लहसुन के दाम में अप्रत्याशित वृद्धि पहली बार देखी गई है।

गौरीगंज में वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बीडीओ व मौजूद अन्य।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत वाहन को किया गया रवाना

गौरीगंज, अमेठी। विकास खण्ड में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत मुख्य अतिथि ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बुधवार को गौरीगंज विकास खण्ड में स्वच्छ भारत मिशन फेज -2 के अन्तर्गत एक्शन फार रुरल डेवलपमेंट नोएडा की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला सहित अन्य कार्यक्रम के माध्यम से जन-जागरूकता के तहत टीमो को रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सहसंयोजक महेश गुप्ता, दशरथ शर्मा की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि बीडीओ गौरीगंज विजयंत कुमार सिंह, एडीओ पंचायत पंकज मोहन मिश्र जन-जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में लोगों को स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़ हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर धनंजय तिवारी, रामसहाय, सलोनी, अनिल, कृष्णा, अंकिता, माखन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

10वीं एवं 12वीं के सीबीएसई बोर्ड के परीक्षार्थियों का किया मार्गदर्शन

अमेठी

अमृत विचार। जिलाधिकारी निशा अनंत ने देर शाम जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने 10वीं एवं 12वीं के सीबीएसई बोर्ड के परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया और पूरे विद्यालय कैंपस, छात्रावास, भोजनालय कक्ष, किचन, गार्डन आदि का भ्रमण किया और उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं के उद्बोधन के अंतर्गत कई छात्र-छात्राओं ने डीएम से यूपीएससी की तैयारी के विषय में पूछा जिसका जिलाधिकारी द्वारा यूपीएससी की तैयारी से संबंधित गहन मार्गदर्शन किया गया।

डीएम को प्रतीक चिन्ह भेंट करते विद्यालय परिवार के सदस्य। अमृत विचार

छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा से संबंधित आंतरिक दबाव, सामाजिक दबाव एवं पियर प्रेशर से ताल्लुक रखते हुए भी सवाल पूछे गए जिसका डीएम द्वारा छात्र-छात्राओं का उचित मार्गदर्शन किया गया। अंत में डीएम ने सभी छात्रों को अपने निजी कौशल एवं शक्ति को पहचान कर पूरे मनोयोग से परीक्षा की तैयारी करने का आवाहन किया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य द्वारा विद्यालय भ्रमण हेतु डीएम का आभार व्यक्त किया गया एवं केरल की प्रवर्जित छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग उपहार स्वरूप भेंट की गई, विद्यालय प्रबंधन द्वारा जिलाधिकारी को आश्वासन दिया गया।

खेत में लगे तार में उतरा करंट, युवती की मौत

अमेठी

हादसा



● चपेट में आने से बुजुर्ग दंपति गंभीर रूप से घायल

अमृत विचार। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी चौकी अंतर्गत पलये मजरे सोनारीकला गांव में खेत में लगे झटका मशीन के विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं पोती को बचाने में बुजुर्ग दंपत्ति गम्भीर रूप से झुलस गए। जिनका गम्भीर हालत में सुल्तानपुर जिला अस्पताल इलाज चल रहा है।

मंगलवार की देर शाम पलये मजरे सोनारीकला निवासी कोमल कोरी (18) अपने बाबा जयराम (75) और दादी पार्वती (70) के साथ चारा काटने गई थी। चारा काटकर वापस आते समय कोमल गांव के एक व्यक्ति के खेत में लगाए गए झटका मशीन के विद्युत तार की चपेट में आ गई। पोती को करंट की चपेट में आता देख बचाने दौड़े बाबा जयराम और दादी पार्वती भी विद्युत करंट की चपेट में आकर झुलस गए। आनन फानन में ग्रामीणों ने तीनों घायलों को भादर सीएचसी ले गए। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने कोमल को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों बुजुर्ग दंपत्ति का इलाज चल रहा है। डॉक्टर के मुताबिक दंपत्ति की स्थिति खतरे से बाहर है। एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली है।

संग्रामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीराम ने बताया कि पलये मजरे सोनारीकला में खेत में लगे तार में करंट की चपेट में आने से एक युवती की मौत हुई है और बुजुर्ग दंपत्ति के झुलसने का मामला संज्ञान में आया है। सुल्तानपुर जिला अस्पताल में मृतक युवती के परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, घटना की परिजनों द्वारा अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर प्राप्त होने पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जमीनी विवाद में भाजपा नेत्री के साथ की गई अभद्रता, केस दर्ज

अमेठी

अमृत विचार। बुधवार को कोतवाली अंतर्गत जंगल टिकरी में भूमि विवाद में मारपीट हो गई। आबादी की जमीन पर कब्जेदारी के मामले को लेकर मौके पर मौजूद भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व प्रमुख रश्मि के साथ दुर्व्यवहार किया है।

रश्मि सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी है। दूसरे पक्ष ने भाजपा नेत्री पर दबंगई से निर्माण कार्य रोकने के आरोप लगाए हैं। जंगल टिकरी में दिव्यांग राधे मोहन सिंह की खाते की जमीन है। राधेमोहन इस जमीन पर अपनी पत्नी के नाम स्कूल खोलना चाहते हैं। राधेमोहन सिंह ने इस काम के लिए रश्मि सिंह को जमीन दान की है। कुछ माह पहले रश्मि सिंह ने भूमि पूजन भी किया था।

नेकराम गुप्ता निवासी उपरोक्त इस जमीन पर निर्माण करा रहे हैं। राधेमोहन की ओर उनके बगल आबादी की जमीन पर कब्जे और डराने धमकाने की शिकायत पर रश्मि सिंह दान दाता की मदद में लगी हुई हैं। बुधवार को सुबह रश्मि सिंह अपने परिवार के लोगों के साथ मौके पर गई और जबरन निर्माण करने से मना किया। आरोप है कि नेकराम और उनके परिवार की महिलाओं ने गोलबंद होकर रश्मि सिंह के साथ मारपीट की और वीडियो भी बनवाया। रश्मि सिंह ने बताया कि नेकराम गुप्ता के परिवार के लोग भुवनेश्वर मिश्र, सरिता मिश्र एवं अन्य लोगों के साथ मिलकर दानदाता राधेमोहन सिंह और मुझे बराबर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। हिबानामा की जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। रश्मि सिंह ने फूला देवी, निशा, भारती, संजू, सरिता मिश्र, भुवनेन्द्र मिश्र, मनीषा, बनवारी और पवन गुप्ता के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। उधर फूला देवी पत्नी नेकराम ने रश्मि सिंह पर अपने पति, देवर और अरुण कुमार शुक्ल पर राइफल, रिवाल्वर और असलहे के बल पर आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा करने के आरोप लगाए हैं।

प्रार्थना पत्र की जांच करने स्वयं गई थीं स्मृति ईरानी

गुप्ता परिवार ने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को चौपाल के दौरान प्रार्थना पत्र दिया था, प्रार्थना पत्र की जांच करने में स्वयं गई थी। दोनों पक्षों को बुलाया था। जमीन आबादी की है। गुप्ता परिवार ने सिविल कोर्ट की सुलहनामा आधारित एक पुरानी डिग्री दिखाई है, मैंने उनसे नये पेपर मांगे थे, अभी तक नहीं दिया है। राधेमोहन सिंह ने अभी तक अपने पक्ष में मुझे कोई पेपर नहीं दिया है। दान पत्र के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। गुप्ता परिवार मंगलवार को निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति मांगने आया था, मैंने कहा कि आबादी की जमीन पर निर्माण करने या न करने के सम्बन्ध में मैं कोई आदेश नहीं दे सकती, मैटर सिविल कोर्ट से सम्बन्धित है। बुधवार को मारपीट का प्रकरण पुलिस से सम्बन्धित है, पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है।

प्रीति तिवारी, एसडीएम अमेठी

प्रतियोगिता में जनपदीय ट्रायल से चयनित किए गए खिलाड़ी

जगदीशपुर, अमेठी

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग की जनपदीय खेल प्रतियोगिता इस बार नहीं हो पाई। जिला चयन ट्रायल के नाम पर एक ही दिन में खेल कराकर टीमों को मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए सेलेक्ट किया गया है। चयन ट्रायल, खेल प्रतियोगिता में भादर की टीम नम्बर एक पर रही। भेंटुआ की टीम नम्बर दो पर रही। बेसिक शिक्षा विभाग की न्याय पंचायत व ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं लगभग दो महीने पहले सम्पन्न हो गई थीं, दो महीने में जिला व्यायाम शिक्षक और उनकी टीम जनपदीय खेल प्रतियोगिता नहीं करा पाए। हाल ही में स्टेट प्रतियोगिता की डेट जल्दी आने की जानकारी मिलने पर खेल प्रतियोगिता के जिम्मेदारों की नींद टूटी फिर जल्दी-जल्दी में खेल कराने के निर्णय लिए गए। दो दिन मैदान खोजने में चला गया। मंगरौरा के खेत मैदान में जनपदीय खेल ट्रायल और मंडलीय प्रतियोगिता कराने का निर्णय सोमवार को हुआ। मंगलवार को प्रतियोगिता में शामिल शिक्षकों और व्यायाम शिक्षकों ने बताया कि सभी टीमें नहीं पहुंच पाई। सभी खेल भी नहीं हुए, पुरानी विजेता टीमों को ही मंडल खेल के लिए सेलेक्ट कर दिया गया है।

सार-संक्षेप

फिर से मंदिर का घंटा हुआ चोरी, पुलिस जांच तक सीमित

मंदिर में घंटा चोरी के बाद खाली लटक रही जंजीर। अमृत विचार

▸▸ चोरी के मामले में केस न दर्ज कर जांच में अटक जाती है पुलिस

अमेठी। क्षेत्र में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पुलिस की लाख सख्ती के बावजूद चोरों के हौसले बुलंद हैं। मंगलवार देर रात चोरों ने मुंशीगंज रोड स्थित शिव मंदिर को निशाना बनाते हुए आधा दर्जन से अधिक कीमती घंटों पर हाथ साफ कर मौके से फरार हो गए। बुधवार सुबह चोरी की जानकारी होने पर श्रद्धालु आक्रोशित हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के मुंशीगंज रोड फायर ब्रिगेड के सामने स्थित प्राचीन शिव मंदिर में देर रात चोरों ने मंदिर में लगे आधा दर्जन से अधिक कीमती घंटों पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने सभी घंटों को कटर मशीन से काटने के बाद लेकर फरार हो गए। रात 12 बजे के बाद की घटना की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। जिस शिव मंदिर में चोरी हुई है। उसी के ठीक सामने फायर ब्रिगेड है, जहां 24 घंटे दर्जनों पुलिस कर्मी तैनात रहते हैं। वहीं मंदिर में सेवा करने वाले श्रद्धालु राजेश तिवारी ने कहा कि सुबह 7 बजे जब वो मंदिर में साफ-सफाई करने पहुंचे तो मंदिर में सभी घंटे चोरी हो गए थे। चोर 6 बड़े घंटे लेकर गए हैं और ये घटना 12 बजे रात के बाद की है। मसलन बेखौफ चोर क्षेत्र में आये दिन चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है, पुलिस केस दर्ज करने के बजाय जांच में ही अटक जाती है।

बलवा व दंगों से निपटने के लिए अभ्यास करते पुलिसकर्मी।

बलवा से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों ने किया अभ्यास

अमेठी। एसपी के निर्देश पर जनपद के सभी थानों में बुधवार की दोपहर पुलिस विभाग की ओर से बलवा व दंगे से निपटने को लेकर पुलिस कर्मियों को अभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी के निर्देश पर थानों में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। टीमें बनाकर पुलिस कर्मियों ने अभ्यास करते हुए पसीना बहाया। पुलिस पार्टी, सिविल पुलिस पार्टी व रिजर्व पार्टी सभी ने अपने करतब दिखाए। पुलिस कर्मियों के अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिए एंटी राइट गन, प्लास्टिक प्लेट्स, चिली बम व टियर गन का प्रयोग करने का प्रदर्शन किया गया।

मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

अमेठी। बुधवार को बहादुरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत जमालपुर रामपुर, तरौंना, महमदपुर, पीढ़ी, भदेहरा उड़वा, खालीशपुर ग्राम पंचायतों में एलईडी वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया गया। जिस वैन पर मौजूद है, ईवीएम मशीन व वीवी पैट, व कंट्रोलिंग मशीन जिसके बारे में साथ रह रहे है। सुपरवाइजर मतदाताओं को मतदान करने की पूरी प्रक्रिया विस्तार पूर्वक समझाते है। साथ ही लोगों को यह भी बताया गया कि वह अफवाहों में न ध्यान दें। ईवीएम के माध्यम से मतदान करें। इस मौके पर मौजूद रहे राजस्व विभाग के लेखपाल जितेंद्र यादव, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, मधुकर आदि लेखपाल जितेंद्र यादव ने बताया कि लेखपालों को ही सुपरवाइजर बनाया गया है। उन्हें 10 मतदान बूथों की जिम्मेदारी दी गई है। एलईडी वैन के साथ सुपरवाइजर के अलावा बूथ के जिमेदार कर्मचारी भी मौजूद रहे।

इस बार 15 मार्च से ही शुरू हो जाएगी गेहूं की खरीद

अमेठी

▸▸ ऑनलाइन पंजीकरण शुरू, 2275 रुपये में होगी खरीद

▸▸ पंजीकरण में दिक्कत आने पर क्रय केंद्र पर किसान कर सकते हैं संपर्क

अमृत विचार। शासन की मंशा है कि जिले के किसानों को गेहूं की उपज का वाजिब मूल्य मिल सके। इसको लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। वहीं गेहूं बेचने के लिए किसानों का पंजीकरण भी विभागीय वेबसाइट पर शुरू हो गया है। ईएमओ ने बताया कि पंजीकरण कराने में किसानों को किसी तरह की समस्या आती है तो वह नवीन मंडी समिति जायस में विपणन की शाखा पर जाकर समस्या का निदान करा सकता है। हालांकि इस बार अधिकारी जिले में गेहूं की खरीद गत साल की अपेक्षा 15 मार्च से ही शुरू होकर 15 जून तक चलेगी।

प्रदेश सरकार की तरफ से हर साल जिले में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद की जाती थी। क्रय केंद्रों पर सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के आधार पर गेहूं खरीदा जाता है। इस बार किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए गेहूं खरीद एक अप्रैल की जगह 15 मार्च से शुरू करने का निर्देश दिया है। गेहूं की खरीद के लिए जनपद में आनलाइन पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। किसान विभाग की वेबसाइट पर जाकर आनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। ईएमओ सत्य प्रकाश राय ने बताया कि वेबसाइट पर पंजीकरण कराते समय किसान को किसी भी तरह की असुविधा होती है तो वह समस्त अभिलेखों व किसान पंजीकरण नम्बर के साथ आधार कार्ड में लिंक मोबाइल नंबर के साथ मंडी समिति बहादुरपुर में विपणन की शाखाओं पर प्रभारी से संपर्क कर समस्या का निदान करा सकते है। धान खरीद के लिए जिन किसानों ने पंजीकरण कराया था, उन्हें नए सिरे से पंजीकरण कराने की आवस्यकता नहीं है, वह किसान केवल रकबा में फेर बदल कर पंजीकरण लॉक कर सकते हैं। सरकार की ओर से इस बार गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की गई है। पिछले साल गेहूं को 2125 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से किसानों से खरीदा गया था। इस वर्ष सरकार की ओर से उसमें 150 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत गुवावां वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी

पत्रांक मेमो / राष्ट्रीय ग्राम स्वास्थ्य अभियान/2023–24 दिनांक– 07/02/2024

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुवावां वि0ख0 गौरीगंज जनपद अमेठी में राष्ट्रीय ग्राम स्वास्थ्य अभियान से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 13/02/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 13/02/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है। नियम व शर्ते लागू।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु.लागत
1	सी एस सी अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	5.00 लाख रू.

ग्राम प्रधान – शहनाज़ बानो, ग्राम पंचायत गुवावां, वि. ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी

सचिव – मनीष कुमार, ग्राम पंचायत गुवावां, वि. ख.गौरीगंज, जनपद अमेठी

कार्यालय ग्राम पंचायत बसायकपुर वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी

पत्रांक– मेमो / S-L-W-M / 2023–24 दिनांक–07.02.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बसायकपुर वि0 ख0 गौरीगंज जनपद अमेठी में S.L.W.M. से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 13/02/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 13/02/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

नियम व शर्ते लागू –

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनु.लागत	सामग्री
1	एस एल डब्ल्यू एम के द्वारा निर्माण कार्य	5.40260 लाख रू.	आवश्यकतानुसार

जयनारायण, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बसायकपुर, वि. ख. गौरीगंज , जनपद अमेठी

धर्मेन्द्र पटेल, सचिव, ग्राम पंचायत बसायकपुर, वि. ख. गौरीगंज , जनपद अमेठी

कार्यक्रम डबल इंजन सरकार की योजनाओं पर वरिष्ठ भाजपा नेता रश्मि ने किया संवाद, गिनाईं उपलब्धियां

चौपाल में गिनाई गईं सरकार की उपलब्धियां

अमेठी

चौपाल में ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियां गिनातीं भाजपा नेत्री रश्मि सिंह।

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी के ग्राम प्रवास कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व प्रमुख और वरिष्ठ भाजपा नेता रश्मि सिंह ने देर शाम रामगढ़ और भुसहरी में चौपाल लगाकर डबल इंजन सरकार की योजनाओं पर संवाद किया। उन्होंने लोगों से 2024 में भाजपा के पक्ष में भारी मतदान की अपील की और कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण शुरू होने और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद पूरी दुनिया में सनातन धर्म और संस्कृति का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी तरह की राष्ट्रीय समस्याओं का हल करके भारत को विकसित राष्ट्र की तरफ अग्रसर किया है।

भाजपा ने संकल्प पत्र के सारे वादे पूरे कर दिए हैं। रश्मि सिंह ने केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए बजट पर भी चर्चा की और लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनहित के अन्य कार्यों के लिए सरकार की ओर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, कहा कि सरकार ने बालिकाओं की शिक्षा के हित में कन्या विद्या धन की धनराशि 25 हजार रुपए कर दी है। रश्मि सिंह ने आयुष्मान कार्ड योजना, उज्जवला गैस कनैक्शन योजना, किसान सम्मान निधि, मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, सौभाग्य योजना आदि योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि जनहित और विकास मोदी सरकार की गारंटी है।

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रयास से अमेठी की जनता को डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिला है। ओवर ब्रिज, बाईपास और पूर्वांचल एक्स्प्रेस वे बनने से जनता को लाभ हुआ है। 90 हजार से अधिक गरीबों के मकान पक्के हो गये हैं। रश्मि सिंह के साथ दिनेश सिंह, राजू सिंह, अरूण कुमार शुक्ल, राम प्रकाश, विकास आदि मौजूद रहे।

अमृत कुंड वासनी मां कालिका धाम का है विशेष महत्व

राघवेंद्र पांडेय, संग्रामपुर

अमेठी। कालिका धाम अमेठी मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूर संग्रामपुर में स्थित है। जिसकी चर्चा पूरे प्रदेश को धार्मिक दिशा देती रहती है। महर्षि चमन मुनि ब्रह्मा जी के पौत्र भृगु जी के पुत्र महान ऋषि ऋचिक के भाई,, अंगिरा जी के भतीजे,, देव गुरु बृहस्पति के चचेरे भाई के रूप में धरा धाम पर प्रगट होकर लोकहित,, ज्ञान विज्ञान से युक्त अनेक दिव्य कार्यों के कारण आपकी चर्चा वेदों पुराणों में वर्णित है।

महर्षि भृगु जी का विवाह हिरण्यकश्यपु की पुत्री दिव्या से एवं दानव राज पुलो मन की पुत्री पुलोमा से हुआ था। पुराणाख्यान के अनुसार एक बार भृगु ऋषि तपस्या के लिए बाहर चले गये। उस समय माता पुलोमा जी गर्भवती थी। माताजी के अपूर्व सौंदर्य को देखकर के प्रलोमा दैत्य मोहित हो गया। माता रानी के सतीत्व को भंग करने की पुरजोर कोशिश करने लगा। गर्भ में पल रहे चमन मुनि से रहा नहीं गया। ओंकार की हुंकार भरते हुए 8 माह का बालक गर्भ से बाहर हो गया। मुनि श्रेष्ठ की दृष्टि पडते ही प्रलोमा दैत्य खाक हो गया। गर्भ से चूत होने के कारण आपका नाम महर्षि च्यवन पड़ा। अकल्पनीय तपस्या साधना के धनी लोकोपकारी महामुनी चमन जी का बड़ा विस्तृत इतिहास है।

सार-संक्षेप

विदाई समारोह में छात्राओं की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

कुंडा प्रतापगढ़ । अमृत विचार : बाबागंज ब्लाक के धमोहन स्थित रामसेवक इंटर कालेज में बुधवार को इंटरमीडिएट के छात्र – छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। विदाई समारोह में छात्राओं की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। नाट्य मंचन, नृत्य, गीत गायन समेत विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान प्रबंधक वेद प्रकाश त्रिपाठी, प्रधानाचार्य गुरुदत्त सिंह, अखिलेश शुक्ल, सिद्धार्थ पाण्डेय, छात्र नेता प्रांजल त्रिपाठी, विपिन तिवारी, मुकुल मौर्य, धर्म सिंह, पूर्व प्रधान नूर आलम फारूकी, सौरभ नेता, लल्ला तिवारी, सुरेश मिश्र, दिनेश श्रीवास्तव, प्रशांत पाण्डेय, सोनाली यादव, सुमन देवी आदि मौजूद रहे।

धरना-प्रदर्शन की बात सुन ईओ हीरागंज ने मांगा समय

कुंडा प्रतापगढ़ । अमृत विचार : नवगठित हीरागंज नगर पंचायत में विकास कार्यों में अनियमितता, स्वच्छता, सड़क निर्माण समेत विभिन्न मांगों को लेकर शिकायतों की जांच न होने और सूचना न उपलब्ध कराए जाने से नाराज पूर्व जिला पंचायत सदस्य के धरना प्रदर्शन की बात पर किरकिरी से बचने के लिए ईओ का स्वर फूटा। उन्होंने एसडीएम से कहकर तीन दिन का समय मांगा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह पप्पन ने बुधवार से नगर पंचायत कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का ऐलान किया था। एसडीएम कुण्डा भरत राम ने पत्र के माध्यम से पूर्व जिला पंचायत सदस्य को बताया कि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत द्वारा जांच के क्रम मे तीन दिनों के अतिरिक्त समय की मांग की गई है। उपजिलाधिकारी कुंडा के पत्र को संज्ञान में लेते हुए अभय प्रताप ने अपने धरना प्रदर्शन को तीन दिनों के लिए टाल दिया गया। बुधवार को मीडिया के समक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप ने कहा कि तीन दिनों बाद अगर उक्त बिंदुओं पर जांच आख्या से अवगत नहीं कराया गया तो व्यापक स्तर पर अस्थाई नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इनर व्हील संस्था ने प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को दी सामग्री

नैनी प्रयागराज । अमृत विचार : उच्च प्राथमिक विद्यालय, बड़ी नैनी में बुधवार को इनर व्हील क्लब इलाहाबाद ईस्ट के सदस्य हैप्पी स्कूल के तहत कई उद्देश्यों के साथ वहा पर आयोजित स्पोर्ट्स डे में शामिल हुए। क्लब की तरफ से बच्चों को लेगिंग्स, ऊनी टोपी, बिस्किट, टॉफी, स्टेशनरी के साथ दो बड़े साइज की दरिया भी दी गई। इनरव्हील क्लब ऑफ इलाहबाद ईस्ट ने हैप्पी स्कूल के तहत इस स्कूल को गोद लिया है। हैप्पी स्कूल के साथ क्लब के नाम का शिलापट्ट भी स्कूल में जड़वाया गया है। इसका अनावरण डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सुषमा अग्रवाल के द्वारा किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य मनप्रीत और उनके सभी अध्यापकों का बहुत ही अच्छा प्रयास दिखाई दिया। इस मौके पर विजेता बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव, सचिव डॉ रेखा खरे, उपाध्यक्ष शिवानी, आईएसओ सरिता खुराना, एडिटर ज्योति श्रीवास्तव, सीएलसी डॉ सुधा त्रिपाठी, माया, रूबी, विनीता कौमुदी आदि मौजूद रहीं।

छह ब्लॉक प्रमुख, तीन नपं अध्यक्ष ने ली भाजपा की सदस्यता

नैनी प्रयागराज । अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रवादी विचारधारा, जनकल्याणकारी नीतियों व ऐतिहासिक विकास से प्रभावित होकर यमुनापार से सपा सहित विभिन्न पार्टियों के छह ब्लाक प्रमुख व तीन नगर पंचायत अध्यक्षों ने बुधवार को आधिकारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक आदि के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर 2024 लोकसभा चुनाव में एतिहासिक जीत का संकल्प लिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति की सहमति से जिला उपाध्यक्ष व ज्वाईनिंग प्रमुख जय सिंह पटेल के नेतृत्व में जसरा ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, चाका ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह पटेल, कौंधियारा ब्लाक प्रमुख इंद्रनाथ मिश्रा, करछना ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी, उरूआ ब्लाक प्रमुख आरती गौतम, कोरांव ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल, भारतगंज नगर पंचायत अध्यक्ष फरा बेगम, कोरांव नगर पंचायत अध्यक्ष ओम केसरी, शंकरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती कोटार्या ने प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया।

मौनी अमावस्या पर दो करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

स्नान पर्व को लेकर हुई बैठक, मेला प्रशासन ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : महा स्नान पर्व मौनी अमावस्या को सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रहा है। बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं रमित शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न जनपदों से आये अधिकारियों व कर्मचारियों एवं मेला में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

ब्रीफिंग में कहा गया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सभ्य व शालीन व्यवहार करें। इसके अलावा सभी अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय पर अपने ड्यूटी स्थल पर पहुँचकर अपने अधीनस्थ कर्मियों से समन्वय स्थापित कर लें तथा ड्यूटी के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। सभी अधिकारी/कर्मचारी अच्छे टर्न आउट के साथ उत्साहपूर्वक, सेवाभाव से सतर्कतापूर्वक ड्यूटी संपादित करेंगे तथा भीड़ नियंत्रण के लिये सीटी का प्रयोग अवश्य करें। प्रतिबन्धित घाटों पर जहां कटान हैं उस ओर श्रद्धालुओं को न जाने दिया जाय। स्नान घाटों पर स्नान के बाद लोगों को न रूकने दिया जाय, जिससे स्नानघाट पर भीड़ एकत्रित न होने पाये और आने वाले स्नानार्थी सुविधापूर्वक स्नान कर सकें। सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी माघ मेला अपने थाने में तैनात कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी के बारे में विधिवत 'ब्रीफ' कर दें ताकि उन्हें अपने कर्तव्यों के बारे में कोई भ्रम न रहे। मेला क्षेत्र में 'पाण्टून' पुलों तथा आने-जाने के मार्गों पर नियमानुसार ही आवागमन सुनिश्चित किया जाए। मेला क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों तथा लावारिस वस्तुओं पर विशेष ध्यान रखे। सभी नौका-संचालकों को निर्देशित करें कि नावों पर बैठने वाले व्यक्तियों को लाइफ सेविंग जैकेट पहनाना सुनिश्चित करेंगे। उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार सभी घाटों के आसपास 100 मीटर की परिधि के अंदर वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी पूर्णतः वर्जित है। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र, जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल, कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद, पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडे, पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती, पुलिस उपायुक्त यातायात/ नोडल मेलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, मेलाधिकारी दयानंद सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

डीएम ने एक्सईएन, एई व बीडीओ का वेतन रोका, मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा में लापरवाही उजागर होने पर निर्माण खंड दो के एक्सईएन, एई और बीडीओ आसपुर देवसरा का वेतन भुगतान रोककर स्पष्टीकरण मांगा है। बिना सूचना बैठक से गायब रहे जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है।

बुधवार को विकास भवन सभागार में डीएम संजीव रंजन ने शासन के प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा की। सेतु निर्माण के पहुंच मार्गों के रजिस्ट्री कार्य में प्रगति अपेक्षित नहीं मिलने पर उन्होंने निर्माण खंड दो के एक्सईएन और एई के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी और स्पष्टीकरण मांगा है। आयुष्मान गोल्डेन कार्ड की प्रगति अपेक्षित नहीं मिलने पर बीडीओ आसपुर देवसरा के वेतन भुगतान पर रोक लगाकर स्पष्टीकरण मांगा। बैठक में अनुपस्थित रहे जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। पुशपालन विभाग की समीक्षा में निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंशों को आश्रय अगला स्थल में संरक्षित कराएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी। सीडीओ नवनीत सेहारा, डीडीओ राकेश प्रसाद, सीएमओ डा. जीएम शुक्ल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

मरीजों को 10 दिन में मिले विधायक निधि की राशि

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़

अमृत विचार : विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन में बोलते हुए जनसत्ता दल के नेता सदन व विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने में 6 यूनिट की अनिवार्य पात्रता को हटाकर सभी जरूरतमंद परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। विद्युत विभाग में बिजली बिल की अधिकता व विभाग में फैले दलालों के माध्यम से होने वाली वसूली को रोकने के लिए सख्ती बरतने का विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से अनुरोध किया। बेसहारा पशुओं से फसलों के बचाव के लिए किसानों को खेतों की बाड़ेबंदी के लिए ऋणमुक्त राशि देने की भी मांग उन्होंने सदन में रखी। विधायक निधि के माध्यम से लोगों को इलाज के लिए दी जाने वाली राशि के मिलने में महीनों का समय लगने पर उन्होंने उसकी समय सीमा 10 दिन करने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी।आदित्यनाथ से अयोध्या में बने भव्य राममंदिर में प्रभु श्री राम को रामायण के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने वाले गोस्वामी तुलसीदास की भी प्रतिमा लगाने कि मांग की। प्रभु श्रीराम का भव्य विग्रह तैयार करने वाले प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज से ही तुलसीदास की प्रतिमा तैयार कराने की भी मांग सदन में रखी। अपने संबोधन में उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र कुण्डा के हथिगंवा व बिहार में सरकारी महाविद्यालय के निर्माण की मांग सरकार से की।

राजा भइया यूथ बिग्रेड द्वारा 11 को होगा 101 कन्याओं का विवाह

कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार : बजरंग डिग्री कॉलेज, त्रिलोचन प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज में 11 फरवरी को 101 कन्याओं का विवाह होगा। योगीराज देवरहा बाबा चैरिटेबल एण्ड बेलफेयर ट्रस्ट व जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया द्वारा 30 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी, बाबागंज विधायक विनोद सरोज, राजा भइया प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव, डा. केएन ओझा आदि तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

पीबीपीजी कॉलेज में छात्रा को पुरस्कृत करते प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव।

इतिहास ज्ञान परीक्षा में साक्षी रहीं अव्वल

संवाददाता, प्रतापगढ़ । अमृत विचार : भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी प्रांत के संयोजन में पीबीपीजी कालेज सिटी में आयोजित इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता में साक्षी सिंह बीए तृतीय वर्ष अव्वल रही। जबकि दूसरे स्थान पर शिवानी विश्वकर्मा एमए अंतिम वर्ष रही। प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाली छात्राओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. बृजभानु सिंह ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य छात्र – छात्राओं में इतिहास के ज्ञान की परख करना है। प्रो. रामराज ने कहा कि भारतीय इतिहास सबसे प्राचीन है। इसकी बेहतर जानकारी के लिए समय समय पर इतिहास से जुड़ी गतिविधियां कराई जाती हैं। परीक्षा समन्वयक जिला महिला इतिहासकार अध्यक्ष डा. अमृता सिंह ने बताया कि 130 प्रतिभागियों में प्रथम दो स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन डा. राजीव कुमार सिंह ने किया।नीरज पांडेय, डा. देवेश सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

पूज्य दद्दा जी के शिविर में पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव

संवाददाता, प्रयागराज । अमृत विचार : तीर्थ राज प्रयाग में चल रहे माघमेला क्षेत्र में गृहस्थ संत डॉ अनिल शास्त्री के सानिध्य में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्य का आयोजन शुरु हो चुका है। जो हर रोज़ संगम की रेती पर हो रहा है। धर्म और आस्था की नगरी में वैसे तो पूरे वर्ष धार्मिक आयोजनों के अनुष्ठान का सिलसिला जारी रहता है लेकिन माघ मेले सात दिनों तक गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' के शिविर में बालू के कणों का पार्थिव शिवलिंग बनाकर शिव की भक्ति में रमें नजर आते हैं। मंगलवार की रात शिविर में पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव ने दद्दा जी के शिविर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पुण्य कमाया। माघ मेले में आए फ़िल्म अभिनेता राजपाल यादव भी बुधवार की सुबह संगम तट पर गंगा स्नान किया। स्नान करने के में वह दद्दा जी के शिविर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण में भागीदारी की। राजपाल ने शिवलिंग का निर्माण कर उसे गंगा में विसर्जन किया। राजपाल ने कहा कि संगम क्षेत्र की छटा निराली है। प्रयागराज संगम उनकी सांसे बसी है। दिल की धड़कनो में प्रयागराज संगम बसता है। पूज्य गुरुदेव दद्दा जी से जुड़ने के बाद उन्हें पता चला कि जीवन जीने के तरीके को तनाव मुक्त होकर कैसे जीते हैं।

असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण संकल्प में की भागीदारी

वर्ग पहेली-336

बाएं से दाएं

1.1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।

3.1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।

4.1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।

6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।

8.1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

ऊपर से नीचे

2.1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।

3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना; कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।

5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।

7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



वर्ग पहेली - 335 का हल

■	1 मँ	■	■	■	2 ढि
3 ष	ड	रि	4 पु	■	ला
■	वा	■	रो	■	ना
■	■	5 सं	हि	ति	■
6 द	ढ़ी	भू	त	■	7 श
■	■	त	■	■	फ़ी
8 शि	फा	■	9 त	पा	क

महिलाओं पर ज्यादा अत्याचार, भाजपा से हर वर्ग परेशान

संवाददाता, प्रतापगढ़ । अमृत विचार : समाजवादी पार्टी महिला सभा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि पहुंची। मीराभवन स्थित गोकुल लॉन में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नव नियुक्त महिला पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बूथ स्तर की तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार महिलाओं के साथ आपराधिक मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिससे साफ होता है कि प्रदेश में महिला सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा है। मणिपुर, हाथरस कांड समेत अन्य घटनाओं का जिक्र किया। भाजपा से हर वर्ग के लोग बहुत परेशान हैं। सरकार का महंगाई को कम करने पर कोई फोकस नहीं है। पार्टी प्रवक्ता सैयद जरीन ने कहा कि प्रदेश में कानून का डर ही नहीं रह गया है। अपराध पर अंकुश लगाने पर सरकार फेल है। पार्टी प्रवक्ता पूजा शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस सरकार में महिला पहलवानों को न्याय नहीं मिला। न्याय न मिलने पर महिलाएं आत्महत्या कर रही हैं। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल है। अध्यक्षता करते हुए महिला सभा जिलाध्यक्ष शांति सिंह ने संगठन की रूपरेखा रखी और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महिला सभा की तैयारियों को रखा। संचालन ज्योति यादव ने किया। इस मौके पर ज्योत्स्ना सिंह, सावित्री यादव, राजकुमारी सरोज, आशा पटेल, उर्मिला उपाध्याय, सबीना बानो, मदीना बानो, अशिता मौर्या, संजू मौर्या, कंचन वर्मा, पुष्पा सरोज, सपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष जगदीश मौर्य, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, सागर यादव, धनंजय यादव, डा. एजाज अहमद, रईस अहमद, वकार अहमद आदि मौजूद रहे।

▸▸ समाजवादी पार्टी महिला सभा की बैठक में बोलीं प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव

बारा में नवागत उप जिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज । अमृत विचार : बारा तहसील के नये उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। तहसील के अधीनस्थ कर्मचारियों की बैठक के बाद तहसील के अधिवक्ताओं और पत्रकारों से मुलाक़ात कर तत्काल काम में लग गये। वही किसान यूनियन के द्वारा जसरा बाई पास निर्माण में धरना दे रहे किसान नेता से मुलाक़ात किया।उपजिलाधिकारी ने कहा की तहसील में भ्रष्टाचार, कार्य में लापरवाही किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाएगा।

सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5			7		3		
8			2				7	4
		7		1		6		
6								9
	7	2				8		
				6				1
		3		2		5		
9	4				7			2
		6		9			8	

सुडोकू - 52 का हल

2	5	3	8	4	1	6	9	7
6	4	8	2	9	7	3	5	1
1	7	9	3	6	5	4	8	2
8	2	6	7	5	4	1	3	9
9	3	4	6	1	2	8	7	5
5	1	7	9	8	3	2	4	6
4	8	2	1	7	9	5	6	3
7	6	1	5	3	8	9	2	4
3	9	5	4	2	6	7	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 11.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 9 फरवरी 02.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप लोगों के बीच में आदरणीय रहेंगे। शाम को शरीर में थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है। अपने आहार को पौष्टिक रखें और स्वास्थ्य का ध्यान दें। मेहनत के साथ ही आराम को भी महत्व दें।

वृष — आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मिथुन — आज लोग आपसे धन उधार तो लेना चाहेंगे पर उसे लौटाने की मंशा नहीं रखेंगे। समय से काम पूरा न होने के कारण क्रोधित हो सकते हैं। सभी जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लादने से बचें। आज आप मेहनत करते रहें, परिणाम जल्द ही आपको प्राप्त होगा।

कर्क — आज आपकी देखभाल और नरम रवैये से जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित रहेगा। कारोबार में निवेश बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। व्यवसाय के उद्देश्य से की गयी यात्रा सफल रहेगी।

सिंह — आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। जॉब में प्रमोशन मिलने की प्रबल सम्भावना है। प्रतियोगी परीक्षा में आशानुकूल सफलता मिल सकती है। विरोधी शान्त रहेंगे।

कन्या — आज सिनेमा और वेबसीरीज आदि में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज आप मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें। संक्रमण से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

तुला — आज सम्पत्ति के मामलों में गतिरोध आ सकता है। शाम के समय किसी निकटस्थ व्यक्ति से झगड़ा हो सकता है। कोई पुरानी बात निकल कर सामने आ सकती है। यदि तनाव में हैं, तो अपने जीवनसाथी से अपने मन की बात कहें।

वृश्चिक — आज आप अपने प्रोफेशनल और दांपत्य जीवन दोनों में संतुलन रख पायेंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन उचित नहीं है। आपके काम की बाधाएं दूर होंगी। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धि भरा रहेगा। आमदनी के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

धनु — आज आपको खरीदारी में अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड भी खराब हो सकता है। प्रेम प्रसंग को लेकर जल्दबाज़ी न करें। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकाल लें, इसका ध्यान रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

मकर — आज बच्चे माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के सुझाव को अवश्य मानें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। यदि आप परिस्थितियों का सही उपयोग कर पाते हैं, तो दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा।

कुंभ — आज तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। लवमेट्स को रिश्ते में गम्भीरता लाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को फिलहाल दो दिनों के लिए टाल देना उचित होगा। विवादित विषयों को शुरू करने से बचें। रात में यात्रा करने से बचें।

मीन — आज समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेन्ट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी — सुबह : 09.00
गद्दार — रात : 09.00

SONY SMAX
मलंग — सुबह : 10.44
पीकू — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

Utsav Gold
वीरता द पॉवर — दोपहर : 12.15
कलंक — रात : 06.45

ZEE CINEMA
हीरो — सुबह : 07.10
दिवार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
कभी खुशी कभी गम — सुबह : 08.24
राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 06.58

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर निकलते हुए बड़बड़ा रहा था...
दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...!
टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!
न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800।

भारत 2027 में कच्चे तेल की मांग में वृद्धि का सबसे बड़ा केंद्र होगा: आईईए

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा-पड़ोसी देश चीन को भी छोड़ देगा पीछे

बेतुल (गोवा), एजेंसी

भारत 2027 में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की मांग में वृद्धि के केंद्र के रूप में चीन से आगे निकल जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह अनुमान लगाते हुए कहा है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में परिवहन तथा उद्योग की खपत स्वच्छ ऊर्जा और विद्युतीकरण पर बड़े जोर के बावजूद इस वृद्धि को गति देगी।

पेरिस स्थित एजेंसी ने बुधवार को यहां भारत ऊर्जा सप्ताह में जारी एक 2030 तक भारतीय तेल बाजार परिदृश्य पर एक विशेष रिपोर्ट में कहा कि देश की कच्चे तेल कर मांग 2023 में 54.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से बढ़कर 2030 में 66.4 लाख बीपीडी हो जाएगी। चीन वर्तमान में तेल की मांग का सबसे बड़ा चालक है और भारत इस सूची में नंबर दो पर है। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू खपत करीब 50 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) है। आईईए के निदेशक (ऊर्जा बाजार एवं सुरक्षा) किसुके सदामोरी ने कहा-त्वरित हरित ऊर्जा कदमों के बावजूद 2030 तक भारत की तेल मांग तीव्र गति से बढ़ेगी। भारत की वृद्धि दर 2027 में चीन से आगे निकल जाएगी।

डीजल पर कंपनियों को तीन रुपये प्रति लीटर का घाटा, पेट्रोल पर मुनाफा घटा

कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया मजबूती आने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल पर प्रति लीटर लगभग तीन रुपये का घाटा हो रहा है जबकि पेट्रोल पर उनके मुनाफे में कमी आई है। तेल उद्योग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल पर मुनाफे में कमी आने और डीजल पर घाटा होने से पेट्रोलियम विपणन कंपनियां खुदरा कीमतों में कटौती करने से परहेज कर रही हैं। अप्रैल, 2022 से ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का देश के करीब 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है। इन कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में स्वेच्छा से कोई बदलाव नहीं किया है।

एआई पर भारत और अमेरिका को सहयोग बढ़ाने की जरूरत: नडेला

मुंबई। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला ने बुधवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत की। भारत में पले-बढ़े नडेला ने कहा कि एआई पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापक साझेदारी से आर्थिक वृद्धि के समान वितरण में भी मदद मिल सकती है। नडेला ने यहां माइक्रोसॉफ्ट के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि एआई एक शक्तिशाली नई प्रौद्योगिकी है जिसे दुनिया के हर कोने में तेजी से 'प्रसारित' करने की जरूरत है। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए सत्या नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें।

नीति आयोग ने एलएनजी को परिवहन ईंधन के रूप में प्रोत्साहन देने की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रिपोर्ट में कहा-देश का ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने के लिए अग्रसर**

नीति आयोग ने मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की वकालत की है। आयोग ने 'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता सेवाओं (ईईएसएल) की तरह एलएनजी ट्रक खरीदने के लिए एक मांग एग्रीगेटर कंपनी स्थापित करने का सुझाव दिया है।

आयोग ने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने और वृद्धि के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस बाजार के 2022 में 40 लाख ट्रक से बढ़कर 2050 तक लगभग 1.7 करोड़ ट्रक होने की उम्मीद है। आयोग ने सुझाव दिया कि एलएनजी को बढ़ावा देने के लिए गैर-वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में एलएनजी वाहनों के लिए प्राथमिकता वाली लेन पहुंच प्रदान की जा सकती है। इसमें कहा गया-प्रमुख शहरों और सड़कों को पहचानने की जरूरत है और ऐसी प्राथमिकता वाली लेन पहुंच का परीक्षण पहले प्रमुख शहरों और सड़कों पर किया जा सकता है। आयोग ने यह भी सुझाव दिया है कि वैकल्पिक ईंधन की स्वीकार्यता को प्रोत्साहित करने के लिए एलएनजी पर चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकों को शहरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है जबकि डीजल ट्रकों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,400
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	714(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,300
चांदी आभूषण	72,200।

डब्ल्यूटीओ में श्रम, गैर व्यापारिक मुद्दे पर नहीं होनी चाहिए चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **भारत की ओर से एक अधिकारी ने की टिप्पणी**

भारत अपने इस रुख पर कायम है कि श्रम एवं पर्यावरण जैसे मामले गैर-व्यापारिक मुद्दे हैं और उनकी चर्चा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नहीं होनी चाहिए। भारत की ओर से एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही।

अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल विकास की आड़ में व्यापार बाधाएं खड़ी नहीं की जानी चाहिए और इन मुद्दों की चर्चा संयुक्त राष्ट्र जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर की जा सकती है। डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री इस महीने के अंत में कृषि जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए अबू धाबी में एकत्रित होंगे। इस लिहाज से भारत की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है। विकसित देश इन गैर-व्यापारिक मुद्दों पर औपचारिक बातचीत शुरू करने पर जोर दे रहे हैं और वे अबू धाबी बैठक में भी इन मुद्दों को उठाने का प्रयास करेंगे। डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 26-29 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा।

सोना 170 रुपये मजबूत, चांदी में 300 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 170 रुपये की मजबूती के साथ 63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

जनवरी में शाकाहारी थाली हुई महंगी और मांसाहारी थाली की लागत हो गई कम

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **एमआईएंडए रिसर्च की रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

घर में बनी शाकाहारी थाली जनवरी महीने में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी हो गई जबकि मांसाहारी थाली 13 प्रतिशत सस्ती हो गई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च की तरफ से जारी 'राइस रोटी रेट' अनुमान के मुताबिक, जनवरी में दाल, चावल, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर में बनी शाकाहारी थाली महंगी हो गई। वहीं पोल्ट्री दरों में गिरावट से मांसाहारी थाली के दामों में गिरावट आई। रिपोर्ट कहती है कि प्याज और टमाटर की कीमतों में पिछले महीने सालाना आधार पर क्रमशः 35 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से शाकाहारी थाली की लागत बढ़ गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले चावल के दाम जनवरी महीने में 14 प्रतिशत बढ़े जबकि नौ प्रतिशत हिस्सा रखने वाली दालों की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गईं। इस बीच मांसाहार के शौकीन लोगों के लिए पिछला महीना लागत के लिहाज से राहत लेकर आया। पिछले साल के समान महीने में इस साल जनवरी में उत्पादन बढ़ने से ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 प्रतिशत गिरने से मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट दर्ज की गई।

राष्ट्रीय

एक नजर

लोकसभा में अंतरिम बजट पारित

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को 2024-25 के लिए 47.66 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। साथ ही केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनों बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगों और संबंधित विनियोग विधेयकों पर चर्चा का जवाब दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 में घटाकर 5.1 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।

इंदौर में विस्फोटक पदार्थ से जुड़े 20 प्रतिष्ठान सील

इंदौर (मप्र)। हरदा के पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट के बाद हरकत में आए इंदौर प्रशासन ने अलग-अलग गड़बड़ियां मिलने पर पटाखों के दो कारखानों समेत विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। जांच दलों में शामिल अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 36 घंटे के दौरान जिले भर में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त जांच मुहिम के दौरान पटाखों और विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील किया गया। अधिकारियों के मुताबिक इनमें राऊ क्षेत्र में पटाखे बनाने वाले दो कारखाने शामिल हैं जहां अलग-अलग मानकों का उल्लंघन पाया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठानों में से एक पटाखा गोदाम रिहायशी क्षेत्र में था, जबकि अन्य गोदामों में स्वीकृत सीमा से ज्यादा पटाखों का भंडारण पाया गया।

कांग्रेस आउटडेटेड और आरक्षण की जन्मजात विरोधी

राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चर्चा के जवाब में बोले-अब उसकी कोई वारंटी भी नहीं रही

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी पुरानी पड़ चुकी है और अब उसकी कोई 'वारंटी' भी नहीं रही। उन्होंने देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर देश को बांटने वाले विमर्श गढ़ने का भी आरोप लगाया। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में जीत के साथ तीसरा कार्यकाल मिलने का भरोसा जताया और अगले पांच साल के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को 'आउटडेटेड' और आरक्षण का 'जन्मजात विरोधी' बताया तथा उसके पतन के लिए संवेदनाएं प्रकट करते हुए 'प्रार्थना' की कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट ही बचा ले। करीब डेढ़ घंटे के अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उन्हें 'कांग्रेस के युवराज' के नाम से संबोधित करते हुए उन्हें ऐसा 'नॉन स्टार्टर' बताया जो न तो 'लिफ्ट' हो पा रहे हैं और ना ही 'लांच'। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के आत्मविश्वास, उज्ज्वल भविष्य के प्रति उसके विश्वास और आमजन के सामर्थ्य को बहुत ही कम शब्दों में लेकिन बहुत ही शानदार तरीके से देश के सामने प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा-कांग्रेस के 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार थी।

देश को बांटने वाला विमर्श गढ़ना बंद करे कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार से देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने वाला विमर्श ना गढ़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश के भविष्य को खतरे में डालता है। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने अफसोस जताया कि कर्नाटक सरकार विज्ञापनों के जरिए इस तरह की कहानी गढ़ रही है। प्रधानमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस के उस धरने का जिक्र कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने पेश की मोदी 3.0 योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगातार तीसरी बार अपनी सरकार 'मोदी 3.0' बनने का भरोसा जताते हुए अगले पांच साल की रूपरेखा पेश की जिसमें गरीबों, युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों, ऊर्जा आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्य रखे गये ताकि भारत 2047 तक 'स्वर्णिम युग को छू सके।' उन्होंने कहा कि मोदी 3.0 सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी। प्रधानमंत्री ने कहा-गरीबों को दी जाने वाली पांच लाख रुपये की बीमा सहायता आगे भी जारी रहेगी।

जनता अब उन्हें सबक सिखाने वाली है : खरगे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्यसभा में उस पर किए गए तीखे प्रहार के बाद पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी इस बात को लेकर डरे हुए हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाने जा रही है। वहीं महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला करने का फैशन बना लिया है।

भाजपा में शामिल हुए तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **शामिल होने वाले नेताओं में अधिकांश अन्नाद्रमुक से**

तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद समेत कई नेता बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी इस दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रही है। भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं में अधिकांश भाजपा की पूर्व सहयोगी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से हैं।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और एल मुरुगन तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की मौजूदगी में इन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अन्नामलाई ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले ये नेता काफी अनुभवी हैं और सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है और मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि वे तमिलनाडु में हो रही घटनाओं को देख रहे हैं। द्रविड़ राज्य में अपनी पार्टी के वैचारिक रुख पर मजबूत स्थिति और आरोपित पार्टियों की तीखी आलोचना के कारण युवा नेता ने दावा किया-तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के रास्ते पर जा रहा है।

अजित पवार गुट ने कोर्ट में कैविएट दायर की

नई दिल्ली। अजित पवार गुट ने उच्चतम न्यायालय में बुधवार को कैविएट दायर की और निर्वाचन आयोग द्वारा उसे असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आदेश को शरद पवार गुट की ओर से चुनौती दिये जाने की स्थिति में उसका पक्ष भी सुने जाने का अनुरोध किया। वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के जरिए कैविएट यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गयी है कि अगर शरद पवार गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करता है तो अजित पवार गुट के खिलाफ एकतरफा आदेश पारित न किया जाए और उसका भी पक्ष सुना जाए। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। चुनाव निकाय का यह निर्णय पार्टी संस्थापक शरद पवार के लिए एक बड़ा झटका है।

अमानतुल्ला खान को याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

धन शोधन का मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन की एक जांच और उन्हें समन दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका वापस लेने की बुधवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूति रजनीश भटनागर की पीठ ने याचिका वापस लिए जाने पर इसे खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता के खिलाफ धन शोधन की जांच दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। ऐसा आरोप है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पद पर काम करते हुए नियमों और सरकारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 32 लोगों की अवैध रूप से भर्ती की थी। ईडी ने दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले खान के परिसरों पर छापे मारे थे। उसने दावा किया है कि खान ने अवैध धन अर्जित किया था।

कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज की

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप के नेता संजय सिंह को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा, "इस स्तर पर आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है।" फैसले की विस्तृत प्रति की प्रतीक्षा है। ईडी द्वारा 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किए गए सिंह ने इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया था कि वह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं दिखाई गई है। जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने उपयोग करने में शामिल थे।

बीआरओ के मजदूरों को मुआवजे पर छूट को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव के लिए दी सहमति**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। मौजूदा प्रावधानों के तहत, जिन आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों ने बीआरओ में कम से कम 179 दिन काम किया है, उन्हें पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि एकमुश्त भुगतान के दायरे में रखा गया है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा-रक्षा मंत्री ने बीआरओ/सामान्य अभियांत्रिकी रिजर्व फोर्स (जीआरईएफ) में काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक 179 कार्य दिवसों की इस बाध्यता के कारण, दिवंगत सीपीएल के कई परिवार इस अनुदान से वंचित रहे हैं। बीआरओ इकाइयां दूर-दराज, बर्फ से घिरे, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कोई उचित सार्वजनिक और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

मंत्रालय ने कहा कि प्रतिकूल वातावरण, दुर्गम पहाड़ी इलाके, खतरनाक कार्य स्थल और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरे जैसे कारक आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के जीवन के लिए भारी खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय ने कहा-आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों की काम करने के दौरान हुई मौतों के मामलों को ध्यान में रखते हुए, मानवीय आधार पर न्यूनतम 179 कार्य दिवसों की शर्त में छूट इनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत होगी, जो सरकारी ड्यूटी के दौरान अपने कमाऊ सदस्य को खो देते हैं।

उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के प्रदर्शन की एक फर्जी तस्वीर का कथित तौर पर इस्तेमाल करने के लिए पुलिस को उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के साथ-साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख बी.आर. नायडू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। भाजपा नेताओं ने वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस आंदोलन का हिस्सा रहे कार सेवक श्रीकांत पुजारी की गिरफ्तारी को लेकर हाल ही में हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया था भाजपा के प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां ली हुईं थीं।

सिद्धारमैया व कांग्रेसियों ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

▸▸ **जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करके राज्य के लिए मांगी राशि**

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य कर्नाटक कांग्रेस नेता। ● एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई नेताओं ने कर राजस्व वितरण में राज्य के साथ हुए ''अन्याय'' को लेकर बुधवार को केंद्र के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के हिस्से की राशि तत्काल जारी करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में कर राजस्व में उसके प्रदेश के हिस्से की राशि के हस्तांतरण और सहायता अनुदान में कर्नाटक के साथ ''अन्याय'' किया गया है।

विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार 15वें वित्त आयोग के तहत कर्नाटक को कथित तौर पर हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के नुकसान की भरपाई करे। सिद्धारमैया ने कहा कि यह विरोध भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि कर्नाटक के साथ भेदभाव के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज किया कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देना है।

सिद्धारमैया ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा-हम भारत सरकार द्वारा कर्नाटक और अन्य दक्षिणी राज्यों के साथ किए गए भेदभाव का मुद्दा उठा रहे हैं। इसीलिए मैंने भाजपा और जनता दल (एस) के सभी सांसदों को पत्र लिखकर इस आंदोलन में भाग लेने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि 14वें वित्त आयोग के तहत राज्यों, खासकर कर्नाटक को कर राजस्व बांटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्मूले को 15वें वित्त आयोग ने बदल दिया था।

पंत को आईपीएल खेलने का पूरा भरोसा: पोटिंग

मेलबर्न, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेट कीपिंग से दूर रह सकता है। पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। उन्होंने कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है।

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेट कीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

पंत अगर विकेट के पीछे अपनी की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हुए तो वह बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं या आगामी आईपीएल में उनका इस्तेमाल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में हो सकता है। आईपीएल का आगामी सत्र मार्च के आखिर में शुरू हो सकता है। पोंटिंग ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अभी उससे खेलने के बारे में पूछा तो वह कहेगा, मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हू, मैं हर मैच में कीपिंग और चौथे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। हम हालांकि अभी इस मामले में और इंतजार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह कमाल का खिलाड़ी है। वह स्पष्ट रूप से हमारा कप्तान है।

मेजर लीग क्रिकेट में वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच होंगे रिकी

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे। इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच जुलाई में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा कि मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका में क्रिकेट वास्तव में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने का इंतजार कर रहा हूं।

राज्यस्तरीय बालिका हैंडबाल स्पर्धा 15 से

लखनऊ, अमृत विचार: राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका (अंडर-15) हैंडबाल प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को ट्रायल भी बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी और मंडल स्तर पर ट्रायल 14 फरवरी को आयोजित होंगे। इस ट्रायल में शामिल होने वाले बालिकाओं का जन्म एक जनवरी 2009 के बाद होना चाहिए।

इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में फूंकी जान: बॉथम

मेलबर्न, एजेंसी

महान आल राउंडर इयान बॉथम को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' तकनीक ने टेस्ट क्रिकेट में जान फूंक दी है। ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच और स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने पारंपरिक प्रारूप के खेलने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है।

बॉथम ने कहा कि आपको बस दर्शकों की तरफ देखने की जरूरत है। दर्शकों ने अब टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए वापसी करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में 20-30 साल पहले भारत के खिलाफ खेलते हुए मैदान भरे रहते थे। अचानक से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आया, फिर इसने और वनडे क्रिकेट के कारण टेस्ट में दर्शकों की संख्या में गिरावट आई, लेकिन अब लोग वापसी कर रहे हैं और 'बैजबॉल' क्रिकेट देखना चाहते हैं।

पूर्व कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड ने 'बैजबॉल' तरीके से खेलने के बाद से हारने की तुलना में ज्यादा टेस्ट मुकाबलों में जीत हासिल की है। आखिरकार आप मनोरंजन करने के लिए हो और अगर आप चाहते हो कि लोग मैच देखने आएं तो आपको उनका मनोरंजन करना पड़ेगा। वे ऐसे खिलाड़ी को नहीं देखना चाहेंगे जो काफी कम रन जुटाए। आप ऐसे क्रिकेटर को देखना चाहोगे जो मैच में आक्रामक बल्लेबाजी से दबदबा बनाए। इंग्लैंड के लिए 1977 से 1992 के बीच 102 टेस्ट मैच खेलकर 383 विकेट चटकाने और 5200 रन बनाने वाले बॉथम ने कहा कि आप एक या दो मैच गंवाओगे ही, लेकिन इंग्लैंड ने 15 मैच खेले और 12 जीते। टेस्ट क्रिकेट अब पहले से बेहतर हो गया है। अब अन्य टीम भी इंग्लैंड की तरह खेलना चाहती हैं। इसका अन्य टीमों पर प्रभाव पड़ रहा है। अकसर देखा है कि जब टीम के 3 या 4 विकेट गिर गए तो गेंदबाजी करने वाली टीम थोड़ी 'रिलैक्स' होती दिखती है। जब आपने दबाव बना लिया है तो आपको ऐसा ही रखते हुए अपना काम करना चाहिए।

खेल डायरी

बेंगलुरु ओपन में डेविस कप नायकों पर होगी निगाह

बेंगलुरु, एजेंसी। पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी 12 से 18 फरवरी के बीच यहां होने वाले बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। डेविस कप में नहीं खेलने वाले भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल को भी उनकी 137वीं रैंकिंग के कारण प्रतियोगिता में सीधा प्रवेश दिया गया है। बेंगलुरु ओपन में 257वीं रैंकिंग तक के खिलाड़ियों को सीधा प्रवेश मिला है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नागल ने मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। युगल में रामकुमार ने हमवतन साकेत मायनेनी के साथ, जबकि बालाजी ने जर्मनी के आंद्रे बेगेमैन के साथ जोड़ी बनाई है। रामकुमार और माइनेनी ने 2022 में यहां युगल खिताब जीता। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब के खिलाफ जीत दर्ज करके डेविस कप में शानदार आगाज करने वाले निकी पूनाचा ने हमवतन ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली के साथ जोड़ी बनाई है।

सैफ अंडर-19 के फाइनल में पहुंचे भारत-बांग्लादेश

ढाका, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गयी थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गयी थी। भारतीय टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के कारण फाइनल में जगह बनाई। भारत अब बदला चुकता करने के लिए मैदान पर उतरेगा लेकिन बांग्लादेश को पराजित करना इतना आसान नहीं है।

पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों की पैरालंपिक जाने पर नजर

मुंबई, एजेंसी। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी, मंदीप कौर और पलक कोहली की निगाहें 20 से 25 तक पटाया में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन से इस साल के अंत में होने वाले पैरालंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं। भारत ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में ऐतिहासिक 111 पदकों में से 21 पदक बैडमिंटन में हासिल किए थे, जिसमें मानसी और मंदीप ने एकल में कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की एसएल3-एसयू5 युगल स्पर्धा में मानसी ने टी मुरुगेसन के साथ रजत पदक और मंदीप ने मनीषा रामदास के साथ कांस्य पदक जीता था। मानसी ने कहा कि हम सभी विश्व चैम्पियनशिप में खेलेंगे जिसके लिए हम 17 फरवरी को जा रहे हैं। यह फाइनल है, यह पैरालंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष का अंत है। क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 31 मार्च को खत्म हो रही है, इस दिन से हमारी रैंकिंग और 'रेस टू पेरिस' यही पर रूक जाएगी। इसलिए यह विश्व चैम्पियनशिप हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

स्नेहा सिंह ने हासिल की दो शॉट की बढ़त

विशाखापत्तनम, एजेंसी। भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह ने बुधवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के चौथे चरण के शुरूआती दौर में चार होल में तीन बर्डी की बदौलत दो शॉट की बढ़त हासिल की। इस सत्र के दूसरे चरण की विजेता स्नेहा ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह अंडर पार का कार्ड खेलने वाली एकमात्र गोल्फर थीं। उनकी चिर प्रतिद्वंद्वी हिताशी बख्शी 72 के कार्ड से खुशी खानिजाऊ के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावड़ी 74 के कार्ड से अकेले चौथे स्थान पर हैं।

शीर्ष पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने बुमराह

11 महीने से सूची में शीर्ष पर चल रहे रविचंद्रन अश्विन की ली जगह

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

रैंकिंग	खिलाड़ी	रेटिंग
1	जसप्रीत बुमराह	881
2	कगिसो रबाडा	851
3	आर अश्विन	841
4	पैट कमिन्स	828
5	जोश हेजलवुड	818
6	प्रभात जयसूर्या	783
7	जेम्स एंडरसन	780
8	नाथन लियॉन	746
8	रवींद्र जडेजा	746
8	ओली रॉबिन्सन	746

दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने 9 विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद 70वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले सूची में सुधार करने में सफल रहे।

भारत के तीन स्पिनर्स बिशन सिंह बेदी अश्विन और जडेजा को मिल चुका है खिताब

हम खिलाड़ियों से संवाद को प्राथमिकमा दे रहे हैं: रूट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही 5 मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। जो रूट ने कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।

नतीजे की परवाह किए बिना उसी अंदाज में खेलेंगे जो हमें आता है

द. कोरिया को हराकर जॉर्डन एशियाई कप के फाइनल में

अल-रेयान (कतर), एजेंसी। याजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने खिताब के प्रबल दावेदार द. कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियाई कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। अहमद बिन अली स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किए, जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। इसके साथ की द. कोरिया के कोच जुर्गेन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैम्पियन बनाने का सपना भी टूट गया। जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह द. कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें। मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा। हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था। फाइनल में जॉर्डन के सामने ईरान और गत चैम्पियन कतर के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी। खिलाड़ी के तौर पर 1990 में वेस्ट जर्मनी के लिए विश्व कप जीत चुके द. कोरिया के कोच क्लिंसमैन ने इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि किसी टीम के लिए टूर्नामेंट कैसा होगा इसके लिए कोच जिम्मेदार होता है।

न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को पहले टेस्ट में 281 रन से दी मात

माउंट मोनगानुई, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन नए खिलाड़ियों के साथ यहां पहुंची द. अफ्रीका को 281 रनों से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त बनाई। कप्तान टिम साउदी ने बीते दिन के स्कोर 4 विकेट पर 179 रन पर न्यूजीलैंड की दूसरी पारी घोषित कर दी जिससे द. अफ्रीका को जीत के लिए 529 रन का लक्ष्य मिला। काइल जैमीसन के 4 और मिचेल सैंटनर के 3 विकेट से न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका की दूसरी पारी को 247 रन पर समेट दी। इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 511 रन बनाने के बाद द. अफ्रीका को 162 रन पर आउट कर 349 रन की बढ़त बनाई थी। साउथी ने तब फॉलोऑन नहीं करने का फैसला किया और पहली पारी में शतक जड़ने वाले अनुभवी केन विलियमसन ने दूसरी पारी में भी शतक लगाया।

'सारिपोधा सनिवारम' का शेड्यूल पूरा



मुंबई, एजेंसी। नेचुरल स्टार नानी की एक्शन फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। यह फिल्म विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। निर्माताओं ने तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दूसरे शेड्यूल के पूरा होने का खुलासा किया गया। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने लिखा कि सारिपोधा सनिवारम ने महत्वपूर्ण दूसरा शेड्यूल पूरा किया। एक सुखद मनोरंजन अनुभव की गारंटी जल्द ही आपके पास आने वाली है। सारिपोधा सनिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि संपादन कार्तिका श्रीनिवास द्वारा किया गया है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया गया है।

16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म प्यार के बंधन



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्यार के बंधन 16 फरवरी को रिलीज होगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। अभय सिन्हा ने बताया कि यह बेजोड़ फिल्म है। इसको रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और निशांत उज्जवल इस फिल्म का वितरण कर रहे हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म बंसत ऋतु, के महीना में आ रही है। यामिनी ने कहा कि यह पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता से किया गया है।

श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत अनुभव : सुजय

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद् रामायाण में श्रीराम की भूमिका निभा रहे सुजय रेऊ ने कहा है कि श्रीमद् रामायण में काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद् रामायण' भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे सुजय रेऊ ने बताया कि एक एक्टर के रूप में, शाही पोशाक से वनवास की साधारण पोशाक में बदलाव एक गहरा बदलाव रहा है, लेकिन भगवान श्रीराम के गुणों को मूर्त रूप देना निरंतर जारी है, जो सभी स्थितियों में सौम्यता और हौसला बनाए रखते हैं, जो महाकाव्य कथा का केंद्र है। इस शो में काम करना एक बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है, यह न केवल मुझे अपनी कला को विकसित करने में मदद कर रहा है बल्कि इस दिव्य चरित्र की शूटिंग के दौरान मिली सीख के साथ मुझे अपने व्यक्तित्व को आकार देने में भी मदद कर रहा है। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता अटूट भक्ति का प्रतीक है, यह साबित करती हैं कि सच्चा प्रेम चुनौतियों से परे है, भगवान श्रीराम और माता सीता का बंधन सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है कि वे जीवन की परीक्षाओं का सामना करते हुए अपने जीवनसाथी के साथ खड़े रहें। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाता है।

अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी करन की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिलमकार करण जौहर की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां' 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' में छह एपिसोड होंगे, जिसमें सच्ची प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन तले बनी वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' वैलेंटाइन-डे पर 14 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम अकाउंट से वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा है, 'इस वैलेंटाइन हम आपके लिए ऐसी कहानियों को लेकर आए हैं, जो आपको प्यार पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगी। ये फेयरीटेल रोमांस के मेकर्स द्वारा बनाई गई हैं।' वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' की कहानियों को 6 निर्देशक अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी'कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी के जरिए दिखाया जाएगा। वहीं, वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है।

यश कुमार की तीन फिल्मों का हुआ भव्य मुहूर्त

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की तीन फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हो गया। यश कुमार की तीनों फिल्मों का निर्माण उनके होम प्रोडक्शन की कंपनी यश कुमार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति होगी, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार की जिन तीन फिल्मों का मुहूर्त हुआ है, उनमें दिल तो बच्चा है जी, जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर हैं 2 है। यश कुमार ने बताया कि तीनों फिल्में अलग-अलग और बेहतरीन पटकथाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा है कि जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर है 2 का पहला भाग बेहद सफल रहा था। तब दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस वक्त हमने इस फिल्म के सीक्वल को बनाने का निर्णय लिया था जिसके लिए अब हम तैयार हैं और यह जल्द ही आपके सामने होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अमेरिका: राज्य ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिकी हिंदू संगठन एचएएफ ने बताया बड़ी जीत

कैलिफोर्निया राज्य सरकार के नागरिक अधिकार विभाग ने कहा कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने सिलिकान वैली तकनीकी दिग्गज पर भेदभाव का आरोप लगाने वाली अपनी 2020 की शिकायत में संशोधन किया है।

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शिकायत में संशोधन को बड़ी जीत करार दिया। एचएएफ ने बताया कि कैलिफार्निया नागरिक अधिकार विभाग ने स्वेच्छा से दिसंबर के पहले सप्ताह में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ शिकायत में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव दायर किया। शिकायत में सिस्को सिस्टम में

जाति आधारित भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया गया था। इसमें कहा गया था कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं का अनिवार्य हिस्सा है। हालांकि अब शिकायत में से गलत व असंवैधानिक बात को हटा लिया गया है और यह भारतवंशियों धार्मिक अधिकारों के रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि एचएएफ ने कहा कि नागरिक अधिकार विभाग के बयान के कई हिस्से अभी परेशान करने वाले हैं।

रक्षा-अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ावा देने को कर रहे काम : सीडीएस

नई दिल्ली। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। वे एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी क्षेत्र के अंतरिक्ष उद्यमियों से अपील करते हुए सीडीएस ने कहा कि वे लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बने ताकि सशस्त्र बलों की खुफिया और निगरानी क्षमता को बढाया जा सके। आगे बोलते हुए उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित और आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सशस्त्र बल लगातार काम कर रहे हैं।

इस साल भारतीयों को अमेरिका के रिकॉर्ड वीसा

भारत और अमेरिकी के बीच बढ़ती मित्रता के चलते अमेरिकी सरकार ने भारतीयों को रिकॉर्ड संख्या में वीसा जारी करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में कार्यरत अमेरिकी दूतावास ने वित्त वर्ष 2023 में 11 लाख लोगों को अमेरिकी वीसा जारी किया। जबकि इससे पहले, वित्त वर्ष 2022 में 6.34 लाख और 2021 में 2.56 लाख लोगों को ही वीसा जारी किया गया था।

40% आवेदकों को व्यक्तिगत इंटरव्यू से छूट, स्टाफ भी बढ़ाया

6.34 लाख को 2022 में और 2021 में 2.56 लाख लोगों को मिला था वीसा

- भारतीयों को वीसा में देरी के मुद्दे को 2021 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई बार उठाया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 2022 में खुद इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा।
- एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हुआ और भारतीयों को वीसा जारी करने में आ रही समस्याओं की पहचान और उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार हुई। एडवांस टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स से वीसा प्रोसेस की इफिशिएंसी बढ़ाई।

- अमेरिकी विदेश मंत्रालय, गृह विभाग, व्हाइट हाउस सभी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को वीसा बढ़ाने के लिए तेज रफ्तार से काम किया।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने कुशलता से काम करने और क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से वीसा आवेदन करने वाले कई लोगों के लिए रिमोट इंटरव्यू को मंजूरी दी गई। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से छात्रों, अस्थायी श्रमिकों और कम जोखिम वाले कई आवेदकों के लिए व्यक्तिगत इंटरव्यू की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। इसकी जगह रिमोट इंटरव्यू किए गए। 2023 में गैर- आप्रवासी वीसा प्राप्त करने वाले 40% लोगों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की जरुरत नहीं पड़ी, जिससे उनके स्लॉट उन लोगों के लिए स्लॉट खुल गए, जिन्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता थी।

अफगानिस्तान: गाना सुनना भी गुनाह, 10 को किया गिरफ्तार

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान ने अपने शासन के बाद आम लोगों पर प्रतिबंध थोपना जारी रखा है। तालिबान ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं और हाल ही में गाने सुनने पर लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तखर प्रांत के सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान के येंगी काला जिले में गाने सुनने और संगीत वाद्ययंत्र बजाने के लिए कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि तालिबान ने पिछले दो साल से अफगानिस्तान के लोगों पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है। सूत्रों ने बताया कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। बताया गया कि तालिबान के लड़ाकों ने सोमवार को येंगी कला जिले के सफी मंगल गांव में एक घर पर छापा मारा और कम से कम 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

एक नजर

ब्रिटेन: भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

लंदन। भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का 89 वर्ष की उम्र में मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में मोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

दक्षिणी फिलीपींस में भूस्खलन, 6 लोगों की मौत, 46 अन्य लापता

मनीला। दक्षिणी फिलीपींस में सोने की खदान वाले एक गांव में भूस्खलन होने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई जबकि 46 अन्य लापता हो गए। अधिकारियों के मुताबिक लापता होने वाले लोगों में सोने की खदान में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। सेना के जवानों, पुलिस और स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से मिलकर मंगलवार रात डवाओ डी ओरो प्रांत के सुदूर शहर मैको के पहाड़ी गांव मसारा में भूस्खलन की चपेट में आने से घायल हुए 31 ग्रामीणों को वहां से निकाला। उन्होंने बताया कि राहत कार्य जारी है।

सीरिया में इजराइल ने किया मिसाइलों से हमला, 7 लोगों की मौत, 13 घायल

दमिश्क। सीरिया में होम्स प्रांत के मध्य इलाकों में इजराइल ने मिसाइलों से हमला किया है। हमले में सात लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हैं। होम्स में स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुस्लिम अल-अतासी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि होम्स शहर में आवासीय इमारत पर हमला किया गया है। जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि उत्तरी लेबनानी क्षेत्र त्रिपोली से होम्स शहर और उसके आसपास के विभिन्न स्थलों को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया।

पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने जर्मनी में कपड़ों के कचरे का बनाया पहाड़

बर्लिन। जर्मनी में बर्लिन फैशन वीक के पहले ही दिन विरोध में ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं ने बैंडेनबर्ग गेट के बाहर कपड़ों के कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये कपड़े अफ्रीकी देश घाना के अकरा के बाजार से लाए गए थे। यूरोप और अमेरिका अपने कपड़े अफ्रीका में डंप कर देते हैं।

पड़ोसी देश में मतदान आज, 5 हजार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में होगा बंद

...तो पाक में चुनाव से होगा सत्ता परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान होगा। चुनावी सरगर्मियों का आज अंतिम दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई इस बार के दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक और अविश्वशनीय चुनाव माना जा रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया को मालूम है कि रिजल्ट क्या आएगा? पाक में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। सरकार किसी की भी बने, लेकिन नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। शाहबाज शरीफ ने स्पेशल इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल (एसआईएफसी) बनाई थी, तब जनरल असीम मुनीर का तर्क यह था कि हमारे मित्र मुस्लिम राष्ट्र केवल सैन्य नेतृत्व वाली व्यवस्था के माध्यम से पाकिस्ताान में निवेश करने के इच्छुक हैं।

6 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

पाकिस्तान में लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत सशस्त्र बल के जवान मतदान केंद्रों के बाहर ड्यूटी करेंगे। मतदान गुरुवार सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। पारदर्शी मतपेटियों और अन्य प्रासंगिक चुनाव सामग्री को अंदर डालने से पहले मतपेटियों, मतपत्रों और मतपत्रों पर मुहर लगने पर उनकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष स्क्रीनों के परिवहन की प्रक्रिया देश भर में जिला और उप-जिला स्तरों पर सुचारू रूप से चल रही थी।

तीन बड़े राजनैतिक किरदारों के समीकरण

बहुमत मिला तो नवाज पीएम, वर्ना शाहबाज : नेशनल असेंबली में पीएमएलएन को बहुमत मिला तो नवाज चौथी बार पीएम बनने का मौका नहीं जाने देंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पीएम संभव हैं।

जरदारी का जोड़-तोड़ में कोई मुकाबला नहीं : जोड़-तोड़ में आसिफ अली जरदारी का मुकाबला नहीं। पीटीआई के सभी प्रत्याशी निर्दलीय लड़ रहे हैं। इसी दम पर पीपीपी को सरकार बनाने की उम्मीद है।

इमरान जेल में लेकिन प्रचार में ताकत झोंकी : पीटीआई के नेताओं को भले ही रैली करने का मौका नहीं मिला हो। इमरान खान सोशल मीडिया और रिकॉर्डेड टेलीफोन मैसेज के जरिए प्रचार कर रहे हैं।

24.15 करोड़ आबादी के साथ दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है पाकिस्तान

5,121 प्रत्याशी नेशनल असेंबली के चुनाव में

4,806 पुरुष 312 महिला 2 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार होंगे शामिल

8 फरवरी को वोटिंग 12.8 करोड़ मतदाता 266 सांसद बनेंगे

167 रजिस्टर्ड राजनीतिक दल

90,582 पोलिंग स्टेशन पूरे देश में

किस धर्म के कितने वोटर

96.28%	मुस्लिम
1.59%	ईसाई
1.6%	हिन्दू
0.58%	अन्य

बलूचिस्तान में चुनाव से एक दिन पहले दो धमाके, 40 की मौत

पशिन में बम विस्फोट के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

क्वेटा, एजेंसी

पाकिस्तान में बुधवार को आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो अलग-अलग जगह बम विस्फोट हुए हैं।

हमले में 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच में जुटी ईडी

मुंबई, एजेंसी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंबई अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

ईडी टीम पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह ईडी के अधिकारियों पर हुये हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

कथित राशन वितरण घोटाला मामले में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की एक टीम जब संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास की तलाशी लेने गई थी उसी दौरान भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था, जिसमें एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

अदन में एक ही दिन में दो पोतों पर हूती विद्रोहियों का हमला, अमेरिका से भारत आ रहा था एक जहाज

नई दिल्ली, एजेंसी। हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इजराइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है।

एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है। हमले के बाद हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता, ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोही बलों ने लाल सागर में दो जहाजों पर हमला किया, जिनमें से एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश था। हालांकि, हूतियों ने भारत आ रहे जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अदन में हमले के बारे में एंब्रे ने बताया कि दूसरा हमला ब्रिटिश कंपनी मॉर्निंग टाइड के मालवाहक जहाज पर किया गया जिस पर बारबाडोस का ध्वज लगा है।

यूएई में मंदिर...

अबू धाबी : बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए अबू धाबी पहुंच गए हैं। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। मोदी अबू धाबी के भव्य शेख जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने के लिए भी तैयार हैं। 'अहलान मोदी' मतलब 'हैलो मोदी' वाले इस कार्यक्रम में 50 हजार से से अधिक लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। ● एजेंसी



चिंताजनक — यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट ने जारी की ताजा रिपोर्ट

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के आसार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : तमाम कोशिश के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। अब ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक ताप औसत दो डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि जिस ताप को 1.5 पहुचने में तीन सौ साल लग गए, अब अगले कुछ ही सालों में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की ओर अग्रसर है। यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट में कोरल-रीफ जियोकेमिस्ट मैल्कम मैककुलोच ने रिपोर्ट जारी कर कहा है कि समुद्र के तापमान मापन की नई तकनीक आने से पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय आंकड़े मिलने लगे हैं। संभव है कि पूर्व में तापमान लगभग आधा डिग्री कम आंका गया हो।

वैश्विक तापमान पर अंकुश के लिए प्रयास जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इसमें दोराय नही कि वैश्विक ताप में वृद्धि हो रही। जिसकी रोकथाम के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। मगर सामूहिक प्रयास से ही इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि, नई तकनीक के अनुसार पृथ्वी में पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पार कर चुका है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में समय में बहुत पीछे चला जाता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सभी देशों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी को जलकयु परिवर्तन का कारण माना था और इसकी रोकथाम के लिए सहमत हुए थे।

बता दें कि, ताज़ा आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। सबसे पहले 1850 से 1900 के बीच समुद्र सतह का तापमान का रिकॉर्ड उपलब्ध हुआ था। तभी से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के संकेत मिल गए थे। नई तकनीक में 33 से 91 मीटर समुद्र की गहराई का अध्ययन किया गया । इस हिस्से को महासागर मिश्रित परत कहा जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि समुद्र की सतह का तापमान शीर्ष पर अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकता है। मगर 33 से 91 मीटर की परत मिश्रित परत सही आंकड़ा प्रदान करती है। इस आधार पर वैष्विक ताप का आंकलन ताप का नया आंकलन किया गया है। नेचर क्लाइमेट चेंज टुडे में यह शोध प्रकशित हुआ है।

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत दूसरे को किया जख्मी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पड्र्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला कर जख्मी कर दिया है। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। मीडिया मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो में हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुटी है।

बाड़ेबंदी से एक समूह खुश, नगा-कुकी नाखुश

इंफाल, एजेंसी

▸▸ भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी को लेकर नगा-कुकी संगठन ने किया विरोध

भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी करने के केंद्र के फैसले का इंफाल घाटी स्थित मैतई संगठनों ने स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर, मणिपुर में नगा और कुकी निकायों ने इसको लेकर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि केंद्र सरकार अभेद्य सीमाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर की लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर फेंसिंग करने का फैसला किया है। इसके साथ ही बेहतर निगरानी सुविधा, सीमा पर एक गश्ती ट्रैंक बनाने भी बनाया जाएगा। इस बाड़ेबंदी का उद्देश्य म्यांमार से हो रही घुसपैठ को रोकना है।

घाटी स्थित नागरिक निकायों की एक संयुक्त संस्था, समन्वय

16 सौ 43 किमी मिजोरम मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश तक लगती है सीमा

समिति ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले का स्वागत किया, लेकिन आगाह किया कि इस प्रक्रिया के दौरान राज्य के किसी भी भूमि क्षेत्र से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

समिति के सहायक मीडिया समन्वयक एम धनंजय ने कहा कि अगर यह 30 साल पहले किया गया होता, तो हमें वह हिंसा नहीं देखने को मिलती, जो हम आज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं की तस्करी होती है, जिससे युवाओं को खतरा है। एम धनंजय ने कहा कि देश की सीमा को फेंसिंग के जरिए बंद किया जाना चाहिए। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस काम को इस तरह से किया जाना चाहिए, कि हमारे भूमि क्षेत्र न छूटे। इंफाल घाटी स्थित मैतेई समूहों की लागातर मांग रही है कि म्यांमार से सटी सीमा को बाड़ लगाकर बंद किया जाए। मैतेई समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतर्रास्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

बता दें, भारत-म्यांमार सीमा के पास रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्रों में 16 किलोमीटर आने-जाने की अनुमति देती है।